किसी संस्थान में जिम्मेदारी का पद संभाल रहे लोग ही यदि अपने कालेज की छात्राओं से बदतमीजी व अभद्रता पर उतर जाएं तो भला किससे उम्मीद की जा सकती है। हाल ही में दिल्ली के एक नर्सिंग कालेज में दो छात्राओं के साथ बहुत ही अवांछित व्यवहार की शिकायत सामने आई है, वह बेहद अपमानजनक होने के साथ ही अफसोसजनक भी है। सामंती सोच की गिरफ्त में जी रहे अधिकारी अपनी मर्यादा भूल चुके हैं, जिसकी वजह से आए दिन वे महिलाओं की मर्यादा को ठेस पहुंचाने में कोई कसर बाकी नहीं रखते हैं। देखा जाए तो ऐसा मर्यादाविहीन व्यवहार न सिर्फ महिलाओं के मान-सम्मान के विरुद्ध है बल्कि पुरुषों की सामंती सोच के ढांचे को भी दर्शाता है। ऐसे ही सोच वाले लोग अपने पद व प्रतिष्ठा की अकड में किसी से भी बेलगाम बर्ताव करते रहते हैं। खबरों के मुताबिक दिल्ली की नर्सिंग कालेज की छात्राएं अपने हास्टल की वार्डन के साथ एक कार्यक्रम में गई थीं, जिसमें कथित रूप से वार्डन के थैले से आठ हजार रुपए की चोरी हो गई। इसके बाद वार्डन ने बिना किसी आधार के दो छात्राओं पर चोरी का आरोप लगा दिया। इससे ज्यादा आपत्तिजनक बर्ताव तब किया गया जब छात्राओं के कई बार इनकार करने के बावजूद वार्डन ने दोनों के कपड़े तक उतरवा कर तलाशी ली। दोनों के पास से कोई पैसा नहीं मिला। सवाल है कि पैसा चोरी होने के बाद अगर वार्डन को कोई शक था, तो उसे खुद कानून हाथ में लेने की बजाय उचित होता कि वह पुलिस में शिकायत करता। उसने छात्राओं के साथ जैसा अशोभनीय बर्ताव किया उसकी जितनी भी भर्त्सना की जाए कम है। ऐसे में सवाल लाजमी है कि यह सब वार्डन ने हड़बड़ी में किया या फिर पद के अहंकार में उसने छात्राओं के कपड़े उतरवाए। उसे इस तरह छात्राओं को अपमानित करने का अधिकार आखिर किसने दिया? देखा जाए तो यह सब उसने अपने पद के अहं में आकर ही उसने आपा खोया और इस तरह की अक्षम्य हरकत की। अब यह मामला सीधे-सीधे अपराध के दायरे में आता है। अगर चोरी हुई भी, तो इसकी शिकायत पुलिस के पास की जा सकती थी। मगर वार्डन ने खुद ही पुलिस का काम करते हुए जो बर्ताव किया, इस पर उसे सजा मिलना ही चाहिए। अब पीड़ित छात्राओं और उनके अभिभावकों की शिकायत के बाद इस मसले पर वार्डन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जाहिर है अब वह कानूनी शिकंजे में फंसकर अदालत के चक्कर काटेगा। हैरानी की बात है कि समाज के जिस तबके के बारे में शिक्षित होने और किसी संस्थान को सभ्य नियमावली से संचालित होने की उम्मीद की जाती है, अक्सर उसी की ओर से ऐसी हरकतें सामने आती हैं, कि लोगों का ऐसे लोगों के प्रति विश्वास ही टूट जाता है। और इसका खामियाजा अन्य अधिकारियों को भी भुगतना पडता है। बता दें कि दिल्ली की यह घटना कोई अकेली नहीं है। आए दिन ऐसी खबरें अखबारों की सुर्खियां होती है, जिसमें कहीं चोरी के आरोप में तो कभी परीक्षा में नकल रोकने के नाम पर कपड़े उतरवा कर लड़कियों की जामा-तलाशी ली जाती है। ऐसी हरकतें करने वालों ने क्या कभी सोचा कि उनकी इस हरकत या व्यवहार का शिकार लडकियों के बाल मन पर कितना गहरा व घातक असर पडेगा। करीब सात महीने पहले झारखंड के जमशेदपुर से भी ऐसी ही खबर आई थी, जिसमें नकल के शक में कपड़े उतरवा कर एक छात्रा की तलाशी लेने का आरोप था। इस बेहद दुखद तलाशी के बाद अपमानित महसूस करने वाली छात्रा ने घर जाकर खुद को आग के हवाले कर दिया था। इस तरह कि तलाशी लेने वाले यह कब समझेंगे कि जिस गडबडी को वे रोकने का प्रयास कर रहे हैं कहीं ऐसा न हो जाए कि एक नई गडबडी खडी हो जाए। अगर किसी संस्थान या व्यक्ति को चोरी या नकल का शक है तो क्या इससे निपटने का यही तरीका बचा है कि किसी लड़की को इस तरह अपमानित किया जाए? आज के डिजिटल युग में जी रहे लोगों को अपनी इस तरह की हरकतों को रोकने के लिए गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

समता लोकतंत्र यानी समाजवाद

रघु ठाकुर

उ.प्र. में समाजवादी पार्टी और भाजपा का राजनैतिक टकराव स्वभाविक है। चूंकि भाजपा के बाद दूसरे नंबर की पार्टी समाजवादी पार्टी है, जो कभी सत्ता परिवर्तन से सत्ता हासिल कर सकती है। और इसी कारण मुख्यमंत्री श्री आदित्यनाथ योगी जी व नेता प्रतिपक्ष श्री अखिलेश यादव के बीच में भी प्रतिद्वंदिता स्वभाविक है। परन्तु उत्तर प्रदेश में पनप रहे, अहम के टकराव और परस्पर दोषारोपण का गिरता हुआ स्तर चिंताजनक है। कुछ दिनों पूर्व उ.प्र. विधानसभा में श्री अखिलेश यादव ने चर्चा में भाग लेते हुए, इलाहाबाद कांड को लेकर मुख्यमंत्री योगी पर आरोप लगाया और कानून व्यवस्था की गिरावट तथा इलाहबाद कांड के लिये श्री योगी के लियें जिम्मेदार ठहराया। मैं मानता हूॅ कि कानून व्यवस्था की समस्या सर्वदेशिक हो रही है। केवल उ.प्र. में ही नहीं बल्कि पूरे देश में चिंताजनक स्थिति है। और इसका मुख्य कारण राजनीति और अपराधियों का गठजोड़ है। इस अपराध से समाजवादी पार्टी भी मुक्त नहीं है। और अनेकों अपराधी व माफिया उनके संरक्षण में पले बड़े है। हालांकि यह भी सच है कि अनेकों अपराधी वर्तमान सरकार के साये में सुरक्षित है। फर्क केवल हिन्दू और मुसलमान का है। श्री अखिलेश यादव के आरोप से श्री योगी जी विचलित हुए और अपने उत्तर में वे भाषा और लक्ष्य दोनों का संशय खो बैठे। जिस कटु भाषा में उन्होंने उत्तर दिया वह तथ्यपरक हो सकता है, परन्तु भाषा का स्वर लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता। आक्रोश में उत्तर देते श्री योगी जी ने भटककर समाजवादी विचारधारा पर ही हमला बोल दिया। उन्होंने कहा की :- समाजवाद पाखंड है। समाजवाद बहरूपिया ब्रांड है। समाजवादी के कई रूप है। लोकतांत्रिक समाजवाद - प्रगतिशील समाजवाद, प्रजातांत्रिक समाजवाद, पारिवारिक समाजवादी, उन्होंने प्रश्न पूछा की क्या यह सब देश का भला कर सकते है यह केवल मृगतृष्णा ही पैदा कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा उ.प्र. राम राज्य की धरती है और देश राम राज से चलेगा। श्री योगी जी की पृष्ठभूमि एक मठ के मुखिया और हिन्दूवादी संगठन हिन्दू वाहिनी की है। इसलिये समाजवाद के बारे में उन्हें जानकारी नहीं होना स्वभाविक है। और उनकी अज्ञानता क्षम्य है। पर उनकी जानकारी वृद्धि के लिये कुछ तथ्य देना जरूरी है। समाजवाद लोकतांत्रिक या प्रजातांत्रिक तो है ही साथ ही लोकतंत्र एक ऐसी शासन की प्रणाली है, जिसमें जन प्रतिनिधी और सरकारे पेट से पैदा नहीं होतीं बल्कि जनमत और वोट से पैदा होती हैं। क्योंकि श्री योगी जी गोरखनाथ के उत्तराधिकारी है और धार्मिक पीठें आमतौर पर लोकतांत्रिक नहीं होती। पीठाधीश्वर निर्वाचित नहीं होते बल्कि नामजद होते हैं। इसलिये योगी जी का विश्वास लोकतंत्र में कम होना भी स्वभाविक है। समाजवाद समता की विचारधारा है, और लोकतंत्र प्रणाली के साथ-साथ एक जीवन शैली भी है। राम राज्य में एक सामान्य व्यक्ति ने सीताजी पर आक्षेप किया था और श्री राम नें आक्षेपकर्ता को न धमकाया न उत्तर दिया न कोई दण्ड दिया बल्कि उसके आक्षेप का हल एक ऐसे तरीके से किया जा आम स्वीकार्य नहीं था न हो सकता है। तथा जिसे एक प्रकार से नारी के विरूद्ध पुरूषोचित ज्यादती कही जा सकती है। वरना अग्नि परीक्षा में सफल होने के बाद भी (यद्यपि वह भी उचित नहीं कही जा सकती) उन्हें वन में छोड़ने का निर्णय कोई भी उचित नहीं कहेगा। परन्तु भगवान राम ने अपने निर्णय से (भले ही वह अतिरेकी रहा हो) एक लोकतांत्रिक मर्यादा जरूर खींची थी कि सत्ता को आलोचना सुनना चाहिए। चाहे वह गलत भी हो पर उसे दण्डित और लांछित नहीं किया जाना चाहिये। परन्तु आक्रोशित योगी जी ने स्वतः ही भगवान राम की निर्धारित मर्यादा रेखा को तोड़ दिया। स्व. मुलायम सिंह या लालू प्रसाद यादव ने जो परिवारवाद चलाया है। वह समाजवाद नहीं है। बल्कि वह तो एक प्रकार की विकृति है। हालाकि परिवारवाद से श्री योगी जी भी कुछ कुछ ग्रसित है। जिस संस्था के सहयोग से वे मुख्यमंत्री बने है, वह भी एक वैचारिक परिवारवादी संस्था है।

और इसके अलावा उन्हें अवश्य याद होगा कि जब वे पहली बार उ.प्र. के मुख्यमंत्री बने थे तब वे श्रीमती अर्पणा यादव (स्व. मुलायम सिंह यादव की बहू) से मिले थे। कहा जाता है कि वे उनके पैतृक गोत्र विष्ट गोत्र की ठाकुर है। और योगी जी की गोतिया बहिन जैसी हैं। इसी आधार पर उन्होंने यह पक्षपात भी किया था कि श्रीमती अर्पणा यादव की गौशाला के लिये उ.प्र. में सर्वाधिक करोड़ों रूपये का अनुदान दिया था। योगी जी विकृतियां तो सभी विचारधारा या संस्थाओं में आयी है, और पैदा हो सकती है। आज देश में कई प्रकार के राष्ट्रवाद है। मसलन धर्म का राष्ट्रवाद है, जातियों का राष्ट्रवाद है, हिंसा का राष्ट्रवाद है और गाँधी और लोहिया का राष्ट्रवाद भी है। अब इस आधार पर अगर कुछ लोग संपूर्ण राष्ट्रवाद को हिंसा या जाति का राष्ट्रवाद कहे और नकारने का प्रयास करें तो क्या वह वैसी ही भूल नहीं होगी, जैसी की आज समाजवाद के बारे में योगी जी कर रहे है। योगी जी देश में योगीयों के कई स्वरूप है। एक भगवान कृष्ण के गीता में वर्णित योगी है, जो निष्काम कर्म करते है। दूसरे महर्षि महेश योगी के अनुयायी व बाल योगी के अनुयायी भी है। इन दिनों कुछ सत्ता पोषित योगी भी उभार पर हैं। यदि सत्ता लोभी योगीयों के कारण हम सभी योगियों को नकारें तो यह क्या उचित होगा? योगी जी आज देश में कई प्रकार के संत है श्री आसाराम बापू, श्रीराम पाल - श्री राम रहीम - स्वामी चिन्मयानन्द आदि। इनके कारण क्या हम संत रविदास को संत गोडगे को या कबीर को या अन्य संतों को जो दुनिया में रहकर भी भौतिक इच्छाओं को त्याग कर एक उन्नत व मानव समता के प्रतीक के रूप में आदर्श उदाहरण है को नकार सकते हैं? क्या इन्हें नकारना उचित होगा? योगी जी श्रृंगेरी मठ के उप मठाधीश श्री शंकराचार्य - श्री जयेन्द्र सरस्वती पर हत्या जैसे आरोप लगे और उन्हें जेल में रहना पड़ा तो क्या देश के सभी शंकराचार्यों को इस कारण नकारना उचित होगा? भगवान राम की विचारधारा और आदर्श राज प्रणाली तो समाजवादी ही थी जिसमें कोई छोटा बड़ा नहीं था, श्रम का सम्मान था। क्या भगवान राम की आयोध्या में किसी भी पूंजीपति या अमीर लोगों का कोई जिक्र मिलता है। भगवान राम ने तो भरत के माध्यम से संदेश दिया था कि एक ऐसा राज्य होना चाहिये जहां कोई भी भूखा न सोता हो जहां कोई छोटा बड़ा न हो जहां कोई भेदभाव न हो जहां सभी शिक्षित हो, शिक्षकों का सम्मान हो कर्मचारियों को समुचित वेतन मिलता हो और जहां राजा राज्यकोष का धन अपने व अपने परिवार या खुद की सुरक्षा पर खर्च न करता हो। श्री राम जब वनवास पर गये थे तो संपत्ति और सुरक्षा को छोड़कर केवल तीन ही लोग तो निकले थे। परन्तु मीडिया के अनुसार आपके प्रधानमंत्री जी अपनी सुरक्षित यात्रा के लिये अमेरिका से आठ हज़ार करोड़ के विशेष विमान खरीदते है। खुद आपकी सुरक्षा के लिये सैकड़ों पुलिस लगाई जाती है, बंदूकें होती है, क्या यही राम राज्य है? दुनिया में 70 से अधिक रामायणें प्रचालित हैं। परंतु किसी भी रामायण में भगवान राम की विशेष सुरक्षा का उल्लेख नहीं मिलता। तो क्या यह माना जाये की कई प्रकार के राम राज्य है? एक मोदी-योगी का राम राज्य एक बिहार के पूर्व सी.एम. कर्पूरी ठाकुर का राम राज्य एक गांधी लोहिया की कल्पना का राम राज्य। एक धनपति शोषकों का राम राज्य? मेरे ख्याल ऐसे प्रकारों को बताना राम राज्य को बदनाम करना होगा। राम राज्य तो वही था, जिसे शासन प्रणाली को श्री राम ने अयोध्या में चलाया था।

और राम राज्य के नाम पर हो रही विकृतियों को राम राज्य या राम राज्य को पाखण्ड नहीं कह सकते। योगी जी समाजवाद एक ही है, और वह है - राजनैतिक रंगीय लैगिक समानता और विकेन्द्रीकरण। समाजवाद में लोकतंत्र अंर्तनिहित है। लोकतंत्र के बगैर समाजवाद और समाजवाद के बिना लोकतंत्र संभव नहीं है। समाजवाद पाखण्ड नहीं है, बल्कि समाजवाद राम राज्य की आज के कालखण्ड में रूपांतरित परिकल्पना है। आशा है आप घोषित या अघोषित रूप से सहमत होंगे और भविष्य में अपने कथन को संशोधित करेंगे।

बिलावल को आईना दिखाया भारत ने

आर.के. सिन्हा

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी लंबे समय तक भूलेंगे नहीं अपनी हालिया भारत यात्रा को। वे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में भाग लेने के लिए भारत आए थे। उन्हें उम्मीद थी कि उन्हें भारत की तरफ से किसी राष्ट्राध्यक्ष की तरह का सम्मान मिलेगा। पर बिलावल भुट्टो को भारत साफतौर पर जताना चाहता था कि भारत उनसे नाराज है क्योंकि उन्होंने कुछ समय पहले न्यूयार्क में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऊँ पर अत्यंत अशोभनीय टिप्पणी की थी। उनकी तब भारत में चौतरफा निंदा भी हुई थी। दरअसल भारत तब ही से उनसे खफा था। बिलावल गोवा में आए। वे चाहते थे कि उनकी भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से अलग से बात हो जाए। पर भारतीय विदेश मंत्री ने उन्हें घास नहीं दी। भारत जानता है कि पाकिस्तान के पैरे के नीचे जमीन नहीं है। वह मुंबई हमलों के गुनाहगारों को दंड देने के मामले पर बात नहीं करेगा, उसे अपने देश में आतंकवादियों की फैक्ट्री को खत्म करने में कोई दिलचस्पी नहीं है और उसने वहां पर धार्मिक अल्पसंख्यकों की लगातार हो रही हत्याओं पर चर्चा करना भी गवारा नहीं होगा। एस. जयशंकर ने सम्मेलन में पाकिस्तान को साफ बता दिया कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न अंग था, है और रहेगा। देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की तरह जम्मू-कश्मीर में भी जी-20 की बैठकें हो रही हैं, इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है। यानी भारत एससीओ सम्मेलन क बहाने अपने अगले-पिछले बदलने लेने के मूड में था। एस.जयशंकर ने तो बिलावल से हाथ तक नहीं मिलाया। मिलाते भी क्यों उस शख्स से जो भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री पर ओछी टिप्पणी कर रहा था। 4 मई को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के लिए भव्य भोज का आयोजन किया। इसके साथ ही समूह के दो दिवसीय सम्मेलन की शुरुआत हुई।बेनौलिम में समुद्र के किनारे ताज एक्सोटिका रिसॉर्ट में आयोजित स्वागत समारोह में चीनी विदेश मंत्री छिन कांग, रूस के सर्गेई लावरोव और बिलावल भुट्टो जरदारी, उज्बेकिस्तान के बख्तियार सैदोव, एससीओ महासचिव झांग मिंग वगैरह ने भी भाग लिया। यहां भी हमारे विदेश मंत्री ने बिलावल भुट्टो को नजरअंदाज ही कर दिया। दरअसल, करीब 12 साल बाद किसी पाकिस्तानी विदेश मंत्री की भारत यात्रा है। उनसे पहले हिना रब्बानी खार ने 2011 में शांति वार्ता के लिए पाकिस्तान की विदेश मंत्री के रूप में भारत की यात्रा की थी।

हालांकि एसएसीओ के मंच से कोई द्विपक्षीय मुद्दे नहीं उठाए जाते, पर भारत की तरफ से कतई कोशिश नहीं हुई कि धूर्त पड़ोसी के साथ द्विपक्षीय मुद्दों को सुलझाने की बाबत कोई पहल हो। कारण बहुत साफ है। पाकिस्तान सुधरने का नाम ही नहीं लेता। वहां का अवाम आजकल मंहगाई के कारण दाने-दाने को मोहताज है। पर पाकिस्तान नहीं सुधरेगा। पाकिस्तान के नेताओं को मर्यादित भाषा में अपनी बात रखने की तमीज ही नहीं है। पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार में गृह और रेल मंत्री शेख राशिद और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी जेल भी भारत और हिन्दू धर्म के खिलाफ जहर उगलते थे। शेख राशिद बेहद हल्के इंसान हैं। उनकी हरेक प्रेस क़ॉफ्रेंस को देखकर उनके गटर छाप इंसान होने का अंदाजा लग जाता है। वे या तो नवाज शरीफ या शहबाज को कोस रहे होते हैं या वे जरदारी और उनके पुत्र बिलावल भुट्टो को पाकिस्तान के ताजा खराब हालात के लिए दोष दे रहे होते हैं। यहां तो तो ठीक है कि वे अपने राजनीतिक विरोधियों पर अनावश्यक वार करते हैं। उन्हें अपने देश के कठमुल्लों के बीच इसलिए सम्मान मिलता रहा है, क्योंकि वे भारत को परमाणु युद्ध की धमकी देते रहते हैं। अपने को दिलीप कुमार तथा रेखा का फैन बताने वाले शेख राशिद यहां तक कह चुके हैं कि उनके देश के पास रखे परमाणु हथियार भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो सकते हैं। इस्तेमाल इस तरह से होंगे ताकि भारत में रहने वाले मुसलमान बच जाएं।शेख राशिद कहते थे कि हमारे पास 250-250 ग्राम के न्यूक्लियर हथियार हैं, हम जहां चाहे गिरा सकते हैं। पाकिस्तान को डरने की क्या जरूरत है। इसके साथ ही वो कहा करते थे कि भारत को ऐसा सबक सिखाएंगे कि भारत के सारे मंदिरों की घंटियां बंद हो जाएंगी।

घोर अवसरवादी राशिद एक जमाने में जुल्फिकार अली भुट्टो से लेकर नवाज शरीफ के करीबी रहे भी हैं। फवाद चौधरी भी शेख राशिद की तरह ही भारत विरोधी हैं। वे भी भारत की तरक्की से जलते-भुनते रहे हैं। जब राफेल लड़ाकू विमान को सौंपे जाने से पहले पूजा हुई तो फवाद चौधरी ने पूजा का मजाक उड़ाया। दरअसल पाकिस्तान के डीएनए में भारत और हिन्दुओं का विरोध करना है। इसलिए भारत के कई कूटनीति के जानकारों को हैरानी नहीं हुई थी जब बिलावल भुट्टो ने बकवास की थी। पर 2014 के बाद भारत की विदेश नीति बदल चुकी है। अब उसके तेवर और फ्लेवर रक्षात्मक नहीं रहे। अब दोस्ती का जवाब गले मिलकर दिया जाता है और कटुता का जवाब उसी कटु जुबान में दिया जाता है। जाहिर है, उसी नीति पर चलते हुए भारत ने बिलावल भुट्टो को घास नहीं डाली। इस बीच, यह भी सच है कि एससीओ सदस्यों के बीच आपसी विवाद भी हैं। उदाहरण के रूप में भारत और चीन के बीच सीमा विवाद लंबे समय से चल ही रहा है। पर साथ ही आपसी कारोबार भी जारी है। दोनों मुल्कों का आपसी व्यापार 100 अरब रुपये तक होने को है। आतंकवाद को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद है। भारत बार-बार पाकिस्तान से कहता रहा है कि वह आतंकवाद को खत्म करे। पर पकिस्तान नहीं सुनता। इसलिए वह तेजी से बर्बाद भी हो रहा है। सीमा विवाद किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान के बीच भी है। एससीओ के आठ सदस्य देश दुनिया की आबादी का लगभग 42% और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 25% प्रतिनिधित्व करते हैं। इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं जिसे एससीओ देशों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर बढ़ावा दिया जा सकता है। भारत चाहेगा कि वह पाकिस्तान को छोड़कर एससीओ के शेष सदस्यों के साथ मिलकर पर्यटन और बाकी क्षेत्रों में काम करे। पाकिस्तान के साथ तालमेल करने का सवाल ही नहीं है। भारत अपने पड़ोसी को कई बार आजमा चुका है। वहां से कोई सकारात्मक बदलाव की संभावना नहीं है। पाकिस्तान के नेतृत्व और अवाम को अपन खुद के बुरे-भले का पता ही नहीं है। इसलिए उससे अब मित्रता की बात करना व्यर्थ ही होगा।

राजनीति में धर्म आधारित लामबंदी साम्प्रदायिकता को दे रही चिंगारी

डॉ. सत्यवान सौरभ

साम्प्रदायिकता इस धारणा पर आधारित है कि भारतीय समाज धार्मिक समुदायों में बंटा हुआ है, जिनके हित न केवल भिन्न हैं, बल्कि एक-दूसरे के विरोधी भी हैं। यह धर्म से जुड़ी एक आक्रामक राजनीतिक विचारधारा है। हालाँकि, सांप्रदायिकता राजनीति के बारे में है, धर्म के बारे में नहीं। हालांकि सांप्रदायिकतावादी धर्म के साथ गहनता से जुड़े हुए हैं, व्यक्तिगत आस्था और सांप्रदायिकता के बीच कोई जरूरी संबंध नहीं है। साम्प्रदायिकता की विशिष्ट विशेषताओं में से एक इसका दावा है कि धार्मिक पहचान बाकी सभी चीजों से ऊपर है। भारत में साम्प्रदायिकता के बने रहने के लिए उत्तरदायी कारक केवल एक नहीं है। ऐतिहासिक तौर पर देखे तो अंग्रेजों ने हिंदुओं और मुसलमानों के बीच दरार पैदा करके राष्ट्रवादी आकांक्षाओं को कमजोर करने के लिए फूट डालो और राज करो की नीति का इस्तेमाल किया। इसके परिणामस्वरूप दो समूहों के बीच सांप्रदायिक तनाव पैदा हो गया और यह माना जाता है कि भारत में ब्रिटिश शासन के जारी रहने के दौरान ही हिंदू-मुस्लिम विभाजन हुआ। भारत का विभाजन इसी नीति का अंतिम परिणाम था।आज़ादी के बाद बनी रही सामाजिक-आर्थिक असमानता की खाई गहरी होती गई और जीवन की सामाजिक-आर्थिक आवश्यकता के प्रयोजन के लिए बहुसंख्यक समुदाय और अल्पसंख्यक समुदाय के बीच आंतरिक तनाव और तनाव भी सांप्रदायिक घृणा को बढ़ावा देता है। बड़े पैमाने पर गरीबी और बेरोजगारी लोगों में निराशा की भावना पैदा करती है। दोनों समुदायों के बेरोजगार युवाओं को धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा आसानी से फंसाया जा सकता है और उनके द्वारा सांप्रदायिक दंगों के लिए उपयोग किया जाता है। कट्टरवाद और सांप्रदायिकता में कुछ वैचारिक तत्व समान हैं। दोनों राजनीति और राज्य से धर्म को अलग करने की अवधारणा पर हमला करते हैं। दोनों ही सभी धर्मों में समान सत्य की अवधारणा के विरोधी हैं। यह धार्मिक समरसता और सहिष्णुता की अवधारणा के विरुद्ध है। राजनीति का साम्प्रदायिकीकरण होने से भारत में चुनावी राजनीति अधिक खर्चीली और प्रतिस्पर्धी हो गई है। राजनीतिक दल चुनावी जीत के लिए उचित या गलत किसी भी साधन का इस्तेमाल करने से नहीं हिचकिचा रहे हैं। यहां तक कि वे साम्प्रदायिक तनाव भी पैदा करते हैं और इसका राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। इसलिए, एक प्रक्रिया के रूप में राजनीति का साम्प्रदायिकीकरण, भारत में साम्प्रदायिकता के विकास को समर्थन दे रहा है। सांप्रदायिक विचारधाराओं, विभिन्न समुदायों के व्यवहार और प्रतिक्रियाओं को फैलाने में मीडिया की भूमिका काफी शक्तिशाली रही। लगभग हर बड़े साम्प्रदायिक दंगे में मीडिया द्वारा समर्थित अफवाहें भूमिका निभाती हैं। उदाहरण के लिएः 2013 के मुजफ्फरनगर दंगे इस बात का एक प्रमुख उदाहरण हैं कि सांप्रदायिक तनाव के दौरान सोशल मीडिया कैसे सक्रिय भूमिका निभा सकता है।साम्प्रदायिकता की समस्या को और भी बदतर बनाने में राज्येत्तर तत्वों समेत बाहरी तत्वों का हाथ है। उनका मकसद अस्थिरता का माहौल बनाना और अल्पसंख्यक समुदाय की सहानुभूति हासिल करना है। सांप्रदायिकता की समस्या को दूर करने के लिए आज देश को मूल्य आधारित शिक्षा की अहम जरूरत है। शिक्षा के माध्यम से करुणा, धर्मनिरपेक्षता, शांति, अहिंसा और मानवतावाद जैसे मूल्यों को प्रदान करने और समाज में वैज्ञानिक सोच का निर्माण करने पर जोर दिया जाना चाहिए। आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार वक्त की मांग है; विशेष रूप से सांप्रदायिक हिंसा से उत्पन्न आपराधिक न्याय प्रणाली की अक्सर आलोचना की जाती रही है। पुलिस प्रक्रियाओं और प्रथाओं में सुधार के लिए उपाय किए जाने चाहिए और समय पर न्याय दिलाने के लिए विशेष जांच और अभियोजन एजेंसियों की स्थापना की जानी चाहिए।वैचारिक पूर्वाग्रह को दूर करना ऐसे समय फायदेमंद रहता है और न्यूज चैनल लोगों के विचारों और मानसिकता को प्रभावित करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं, इसलिए जब वे एक समुदाय या धर्म के प्रति पक्षपाती होते हैं, तो इससे उन न्यूज चैनलों को देखने वाले लोगों के दृष्टिकोण में पूर्वाग्रह विकसित हो सकते हैं। इसलिए मीडिया को दर्शकों के सामने संतुलित राय पेश करने पर ध्यान देना चाहिए। सामाजिक और सांस्कृतिक मिलन को सुगम बनाने के लिए त्योहारों, उत्सवों और सामाजिक समारोहों की व्यवस्था करके विभिन्न संस्कृतियों को समझने जैसे कदम उठाए जाने चाहिए।

खेलों का डर्टी दंगल या फिर नियमों का उल्लंघन

डॉ. प्रियंका सौरभ

किसकी सरकार है या किसकी थी, ये मुद्दा नहीं है। सवाल ये है कि महिला प्लेयर के साथ हर फेडरेशन क्रिकेट से लेकर कुश्ती तक, यौन शोषण होता है या नहीं। मुद्दा महिला खिलाड़ियों की सम्मान एवं मानसिक, शारीरिक सुरक्षा का है। साथ ही फेडरेशन को खिलाड़ियों के लिए एक सुरक्षित जगह बनाने का है।अगर बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हुई तो महिला खिलाड़ियों में खेल के प्रति रुझान खत्म हो जायेगा। उनका मनोबल गिर जायेगा। महिलाओं की खेलों में भागीदारी कम हो जायेगी। देश की प्रतिष्ठा और महिला खिलाड़ियों की अस्मिता का सवाल है। क्यों राजनीति में दम तोड जाती है प्रतिभाएं, खेलों में राजनीति के सक्रिय होने से प्रतिभावान खिलाड़ियों को दबाया जाता है, खिलाड़ी हमेशा खेल अधिकारियों के दवाब में रहते है। खेलों में मेहनत करने वालों की प्रतिभाएं दबकर रह जाती हैं आवाज़ उठाने पर ख़त्म कर दिया जाता है। सर्वोच्च खेलों में पदक विजताओं द्वारा बोर्ड पर ऐसे आरोप और धरने के बाद जांच से बोर्ड और सरकार दोनों का चरित्र स्पष्ट हो रहा है। जो बोर्ड है वहीं सरकार है इसलिए सरकार क्या बोर्ड अध्यक्ष को हटा पाई? क्या निष्पक्ष जांच हुई? डब्ल्यूएफआई का अध्यक्ष एक सांसद है और भारत के लगभग सभी खेल बोर्डों के अध्यक्ष राजनीतिक व्यक्ति है इसलिए खेलों में विशेष प्रगति और विकास के लिए अध्यक्ष का पूर्व खिलाडी होने की मांग भी जोर पकड़ रही है। वैसे भी ऐसे संघों-संस्थाओं पर राजनेता नहीं, खेल प्रतिभाओं को विराजमान करना चाहिए। इन संस्थाओं में पदाधिकारियों का कार्यकाल भी निश्चित होना चाहिए एवं एक टर्म से ज्यादा किसी को भी पद-भार नहीं दिया जाना चाहिए। भारत के लिये कुश्ती ही एक ऐसा खेल है, जो चाहे ओलंपिक हो या राष्ट्रमंडल खेल, सबसे अधिक पदक ले आता है। खिलाड़ियों की फंडेशन नेताओं की नहीं खिलाड़ियों की ही बननी चाहिए। इसमें सीनियर खिलाड़ी होने चाहिए ना कि नेता यह हमारे देश के वह खिलाड़ी है जिन्होंने हमारे भारत देश का नाम चमकाया है। गोल्ड मेडल लेकर आए हैं। इस खेल ने दुनिया में भारतीय खेलों का परचम फहराया है, भारत के खेलों को एक जीवंतता एवं उसकी अस्मिता को एक ऊंचाई दी है। इसके खिलाड़ी अपने जुनून के बल पर विजयी होते रहे हैं। इस तरह दुनिया भर में भारतीय पहलवानों ने देश का खेल ध्वज एवं गौरव को ऊंचा किया है तो ऐसे में अगर कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और प्रशिक्षकों पर महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण का आरोप लग रहा है, तो इससे दुनिया भर में भारत की बदनामी हो रही है। यह एक बदनुमा दाग है, एक बड़ी त्रासद स्थिति है। शर्म का विषय है। धरने पर बैठे यही खिलाड़ी जब पदक जीतकर आते है तब खुद राजनीतिज्ञ इन्हे बुलाकर सबके माइक सेट कर करके मीडिया प्रोपगेंडे के लिए सबकी बड़ी सराहना करते है लेकिन जब ये खिलाड़ी खुद के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के खिलाफ धरने पर बैठते है। उस समय बड़ी तत्परता दिखाने वाले राजनीतिज्ञों को सांप सूंघ जाता है ऐसा क्यों? यही देश के युवाओं के लिए सही कार्य होता। इसे देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि सरकार की बंदिशों के बावजूद अधिकांश खेल संघों पर राजनेताओं और सरकारी अधिकारियों का ही कब्जा है। इनमें बड़ा भ्रष्टाचार व्याप्त है, जो वास्तविक खेल प्रतिभाओं को आगे नहीं आने देती।

साहब रीढ़ नहीं है

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

जलने जलाने का खेल बहुत पुराना है। लीजिए साहब हर दिन गरमागरम मुद्दों से जलाकर मारने वाली मीडिया आज जलकर मरने वालों की खबर दिखाने जा रही थी। कुल सत्ताईस लोग मरे थे। इस खबर से मीडिया में एक ओर दुख तो दूसरी ओर खुशी का वातावरण छाया हुआ था। दुख इस बात का कि हमारे रहते जलाने का जिम्मा कोई और कैसे उठा सकता है। हमारे जलाने में क्या कोई कमी रह गई थी जो हमसे होड़ लेने नए-नए बंदे मार्केट में उतर आए हैं। दूसरी ओर खुशी इस बात का कि मीडिया की तुलना में जलकर मरने वालों की संख्या समुद्र में एक बूँद के बराबर भी न थी। पहले बंदूकें ईमानदार थी, इसलिए बदनाम थी। शोर-शराबा ज्यादा होता था। आज बंदूकें मीडिया का साइलेंसर लगाकर चलाई जा रही हैं। कभी हिंदू-मुस्लिम का बुलेट तो कभी अजान-चालीसा का बुलेट लिए। बहुत दिनों बाद आज मीडिया वाले स्टूडियो के बाहर की दुनिया दिखाने वाले थे। नहीं तो दिन भर स्टूडियो में चार-पाँच छोटी-छोटी खिड़कियों में से झांककर देखने वाले चेहरों के साथ बात करने में अपने पिछवाड़े की धन्यता समझते थे। एक रिपोर्टर अपने कैमरामेन के साथ घटनास्थल पर पहुँचा तो कई जलकर राख हो गई लाशों में से किसी एक की रीढ़ की हड्डी दिखाई दी। यह देखने की देर थी कि मीडियाभर में तहलका मच गया कि मरने वाला रीढ़धारी था। मांस के लुथड़ों में रहने वालों के बीच रीढधारी का होना बलात्कारियों के बीच एक भोली-भाली अबला का होना था। देश में वैसे तो रीधधारी बचे नहीं, जो बचे वह तो तर्क के साथ बहस करने वाले थे। मीडिया के अनुसार रीढ़ वाले प्रश्न करते हैं। तर्क-वितर्क करते हैं। बढ़ती कीमतों पर सरकार को लताड़ते हैं। पेट्रोल-डीजल-गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने पर आए दिन हंगामा करते हैं। ऐसी प्रवृत्ति वाले देश के विकास के लिए घातक होते हैं। ये लोग जुमलों को पकड़ने में तेज, दाढ़ी में से तिनका निकालने में समर्पित और अच्छे दिन बोलने वालों की बैंड बजाने वाले हैं। ऐसे लोग आतंकवादी होते हैं जो दूर की हाँकने वालों को अपने तार्किक विचारों से धराशायी कर देते हैं। किसी भी देश का विकास रीढ़ की हड्डी वालों से नहीं रंग-बदलने वाले गिरगिटों से होता है। ये गिरगिट आए दिन इतने रंग बदलते हैं कि चुनाव के पहले वे आपको बुरे लगते हैं जबकि चुनाव के दिन वे ही देशभक्त लगते हैं। अब ऐसे देशों के समूह ने रीढ़ वालों को देखते ही भुनने का आदेश जारी कर दिया गया है। वैसे इस आदेश से किसी को डरने की आवश्यकता नहीं है।

भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए सोमवार को अर्पित करें बेलपत्र

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोमवार का दिन देवो के देव महादेव को समर्पित है और इस दिन विधि-विधान के साथ इनका पूजन किया जाता है। कहते हैं कि यदि भोलेनाथ अपने भक्तों से प्रसन्न हो जाएं तो उनके जीवन में आ रहे सभी कष्ट दूर होते हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। साथ ही मां पार्वती भी प्रसन्न होती हैं और अखंड सौभाग्य की आशीर्वाद देती हैं। कहते हैं सोमवार के दिन भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए शिव मंदिर में जाकर शिवलिंग को जल अर्पित करना चाहिए। इसके साथ ही एक विशेष पत्ता अर्पित करने से भोलेनाथ अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

शिवलिंग पर अर्पित करें ये पत्ता

सोमवार के दिन भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए सबसे पहले जलाभिषेक करें। ऐसा करते समय जल में थोड़ा सा दूध व गंगाजल अवश्य मिलाएं। इसके बाद उन्हें चंदन का तिलक करें और भांग, धतूरा, बेलपत्र अर्पित करें। कहते हैं कि यदि शिवलिंग पर शमी का पत्ता अर्पित किया जाए तो भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं। इसलिए शमी का पत्ता शिवलिंग पर जरूर चढ़ाएं। फिर धूप-दीप जलाएं और शिव की अराधना करें।

सोमवार के दिन शमी के पत्ता चढ़ाने के अलावा शिव जी की पूजा करते समय शिव चालीसा का पाठ अवश्य करें। यदि संभव हो तो मंदिर में शिवलिंग के समक्ष बैठकर यह पाठ करें। इससे भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं।

सोमवार के दिन भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए व्रत भी रखा जाता है और व्रत रखते समय इस बात का ध्यान रखें कि केवल एक समय ही भोजन करें। इसके अलावा सुबह पूजा के बाद सोमवार व्रत कथा जरूर पढ़ें। कहते हैं कि बिना व्रत कथा कोई भी व्रत पूरा नहीं होता।

यदि सुख-समृद्धि और सौभाग्य का आशीर्वाद पाना चाहते हैं तो सोमवार के दिन भगवान शिव के साथ माता पार्वती और उनके दोनों पुत्र भगवान गणेश व भगवान कार्तिकेय का भी पूजन करना चाहिए। यानि शिव परिवार का पूजन करने से घर में सुख-समृद्धि आती है।

संकष्टी
चतुर्थी के शुभ योग में गणपति करेंगे संकट दूर

हिंदी कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक माह की चतुर्थी तिथि के दिन संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखा जाता है जो कि प्रथम पूजनीय भगवान गणेश को समर्पित है। संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखने से व्यक्ति के जीवन में आ रहे सभी संकट दूर होते हैं और कार्यों में सफलता मिलती है। इसलिए लोग भगवान गणेश को प्रसन्न करने और उनकी कृपा पाने के लिए संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखते हैं। बता दें कि वैशाख का महीना पूर्णिमा तिथि के दिन समाप्त होगा और फिर ज्येष्ठ माह शुरू होगा। ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के दिन एकदंत संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखा जाएगा। आइए जानते हैं इस बार कब है संकष्टी चतुर्थी और पूजा का शुभ मुहूर्त।

एकदंत संकष्टी चतुर्थी 2023 शुभ मुहूर्त

एकदंत संकष्टी चतुर्थी के दिन सुबह 11 बजकर 51 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 45 मिनट तक अभिजित मुहूर्त रहेगा। जिसे शुभ मुहूर्त कहा जाता है और इस दौरान पूजा करना फलदायी माना गया है।

संकष्टी चतुर्थी का महत्व

संकष्टी चतुर्थी के दिन भगवान गणेश का पूजन किया जाता है और हिंदू धर्म में गणेश जी को प्रथम पूजनीय देवता माना गया है। संकष्टी चतुर्थी के दिन व्रत रखा जाता है और इस दिन व्रत रखने से जातक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। जिस व्यक्ति पर गणपति की कृपा होती है उसके जीवन में आ रहे सभी विघ्न दूर होते हैं।

एकदंत संकष्टी चतुर्थी पूजन विधि

संकष्टी चतुर्थी के दिन भगवान गणेश का पूजन किया जाता है। इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि करें और स्वच्छ वस्त्र पहनें। इसके बाद मंदिर स्वच्छ करें और हाथ में जल लेकर व्रत का संकल्प करें। फिर भगवान गणेश को हल्दी का तिलक लगाएं और दूर्वा, फूल, माला व फल अर्पित करें। फिर घी का दीपक जलाएं। गणपित को लड्डू अतिप्रिय हैं इसलिए पूजा में लड्डू का भोग अवश्य लगाना चाहिए। फिर व्रत कथा पढ़ें व आरती करें। दिनभर व्रत रखने के बाद रात में चंद्रोदय होने पर चंद्रमा को जल देकर व्रत का पारण करें।

ज्येष्ठ माह, भूलकर भी न करें ये गलतियां

सनातन धर्म में वैसे तो हर महीने को महत्वपूर्ण माना जाता हैं लेकिन ज्येष्ठ माह बेहद ही खास होता है। जो कि इस बार 6 मई दिन शनिवार से आरंभ होने जा रहा है। इस महीने पड़ने वाले मंगलवार का भी अपना महत्व होता है जिसे बड़े मंगल के नाम से जाना जाता है इस दिन भक्त भगवान हनुमान की विधिवत पूजा करते हैं और व्रत आदि भी रखते हैं

मान्यता है कि बड़े मंगल पर दान पुण्य के कार्य करने से उत्तम फलों की प्राप्ति होती है। वही ज्योतिष की मानें तो ज्येष्ठ मास में कुछ ऐसे कार्य होते हैं जिन्हें भूलकर भी नहीं करना चाहिए वरना घर की बरकत चली जाती है और परिवार को गरीबी व दरिद्रता का सामना करना पड़ सकता हैं, तो आज हम आपको बता रहें हैं कि वो कौन से काम हैं।

ज्येष्ठ माह से जुड़े नियम

आपको बता दें कि ज्येष्ठ के महीने में एक समय ही सोना चाहिए यानी इस महीने में दोपहर के वक्त सोने से रोग उत्पन्न होने लगता है इस महीने गर्मी का प्रकोप अधिक रहता है ऐसे में धूप में घूमना फिरना भी ठीक नहीं होता है। वही जिन लोगों को घर से बाहर निकलना पड़ता है वे ठंडी चीजों का सेवन करें। इसके अलावा इस महीने में वरुण देव की पूजा करना उत्तम होता है। पानी की बर्बादी वैसे तो कभी नहीं करनी चाहिए लेकिन इस महीने अगर कोई जल बर्बाद करता है तो उसे संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा महीने पड़ने वाले बड़े मंगल को किसी को उधार में पैसा नहीं देना चाहिए ऐसा करने से धन मिलने में कठिनाई होती है साथ ही कर्ज भी बढ़ जाता है।

आपको बता दें कि इस महीने में बैंगन, राई, लहसुन, गर्मी करने वाली सब्जियां खाने से दोष लगता है साथ ही सेहत पर भी बुरा असर होता है। ज्येष्ठ मास में अन्न और जल का दान करने से सभी परेशानियां दूर हो जाती है और लक्ष्मी कृपा से धन धान्य की कमी नहीं होती है।

महाराष्ट्र जाएं तो करें भीमशंकर के दर्शन

अगर आप महाराष्ट्र की यात्रा के लिए जा रहे हैं तो यहां मौजूद भगवान शिव के तीन ज्योतिर्लिंगों में से एक भीमशंकर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने से ना चूकें।

अगर आप महाराष्ट्र की यात्रा के लिए जा रहे हैं तो यहां मौजूद भगवान शिव के तीन ज्योतिर्लिंगों में से एक भीमशंकर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने से ना चूकें। भीमशंकर शिव मंदिर के नाम से विख्यात ये मंदिर पुणे के करीब शिराधन गांव में स्थित है। इसे मोटेश्वर मंदिर के नाम से भी जाना जाता है।

महाराष्ट्र में पेशवाओं के काल के प्रसिद्ध राजनेता नाना फड़नविस ने इस मंदिर में सभामंडप और शिखर बनवाकर इसे आधुनिक स्वरूप प्रदान किया था। यानी स्थापत्य कला के मामले में ये मंदिर आधुनिक और पुरातन नागर शैली का मिश्रित रूप है। यहां बुद्ध स्टाइल से की गई अंबा-अंबिका की नक्काशी, मन्माड की 1034 फीट की ऊंचाई पर भीमशंकर, हेमदपंथी में नाना फड़नविस के द्वारा ही बनवाई खास घंटी भी देखने लायक है।

इसके अलावा मंदिर के चारों ओर का नजारा भी बेहद सुंदर है। यहां आप बॉम्बे प्वाइंट, साक्षी विनायक, गुप्त भीमशंकर, हनुमान टैंक और नागफनी प्वाइंट के दर्शन भी कर सकते हैं। गुप्त भीमशंकर भीमा नदी का उद्गम स्थल है। यहां का जंगल एक वन संरक्षित क्षेत्र है जहां आप कई तरह के सुंदर पक्षी, वन्य जीव एवं फूल, पौधे देख सकते हैं। इसके अलावा यहां शेकरु नाम का एक दुर्लभ जानवर भी देखा जाता है। यहां के सौंदर्य की बदौलत ही शिव में अटूट आस्था रखने वाले भक्त ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटक भी इधर खिंचे चले आते हैं।

पुणे से करीब 127 किलोमीटर दूर इस शिव मंदिर के दर्शन करने का सबसे बेहतर समय अगस्त से फरवरी माह के बीच माना जाता है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए भीमशंकर क्षेत्र में कई धर्मशालाएं और होटल खुले हुए हैं। महाशिवरात्रि के दिन यहां हजारों की तादाद में श्रद्धालु आते हैं। बहुत से पर्यटक पास के शिनोली और घोगेगांव में भी रुकना पसंद करते हैं।

इन्हें मेहमान बनाने के लिए रावण और मंदोदरी ने मिलकर किया ये काम

पाप कि कमाई की दक्षिणा लेना, भोजन करना, दान लेना, पापी और दुराचारी से सम्मान व आशीष लेने वालों पर पाप की छाया पड़ती है। ऐसे थे ब्राह्मण ऋषि भारद्वाज पाप की कमाई से बनी सोने की लंका में जाने से मना किया था व रावण का भोजन ग्रहण करने से किया था इंकार।

एक बार रावण ऋषि भारद्वाज के आश्रम में गए और आग्रह किया, ऋषिवर ! आप मेरी लंका में पधारने की कृपा करें। मेरी लंका सोने की है और जनता वहां बहुत अमन चैन से रह रही है।

ऋषि भारद्वाज ने रावण को मना कर दिया और कहा, मैं आपकी लंका में नहीं जाऊंगा क्योंकि आपकी लंका पाप की कमाई से बनी है। वहां का खजाना मजबूर जनता के ऊपर लगाए गए टैक्स के धन का है। इस पाप की कमाई के टैक्स के धन से बना भोजन मैं नहीं करूंगा। अगर मैंने ऐसा दूषित अन्न खाया तो मेरी तपस्या और बुद्धि भ्रष्ट हो जाएगी, ऐसा अन्न ग्रहण नहीं करूंगा।

रावण ने पूछा, ऋषिवर ! मुझे आप कोई उपाय बताएं ताकि मैं आपको लंका ले जा सकूं।

ऋषि भारद्वाज ने कहा, रावण ! अगर आप और आपकी पत्नी मंदोदरी दोनों स्वयं मिलकर हल जोतें और उस खेत से जो अन्न उत्पन्न होगा, उस अन्न से मैं भोजन करूंगा। वह अन्न ही शुद्ध होगा।

उसके बाद रावण और मंदोदरी ने मिलकर अपने बगीचे में अन्न का रोपण किया, तब ऋषि भारद्वाज लंका गए थे। ऐसे थे वो ब्राह्मण ऋषि। आजकल आश्रम और धर्म दोनों ही पाप और अधर्म के दान पर चल रहे हैं। झूठ और रिश्वत से कमाए धन के दान पर तस्करी से कमाए गए काले धन के दान पर, देश के साथ की गद्दारी से कमाए गए धन के दान पर, मांस एक्सपोर्ट करके कमाए गए धन के दान पर, मिलावट से कमाए गए धन के दान पर, भोली जनता को गुमराह करके ठगे गए धन के दान पर यह धर्म टिका है। किसी भी आश्रम में ईमानदारी का धन नहीं है। सभी आश्रमों की नींव पाप के धन पर टिकी है। ईमानदार और मेहनती आदमी सच का धन दान कर ही नहीं सकता है। यह सिलसिला कलयुग में इसी प्रकार चलता रहेगा। यह सिलसिला कभी खत्म न होगा।

ज्येष्ठ माह में किए गए ये काम, तमाम परेशानियों का करेंगे अंत

हिंदू धर्म में वैसे तो हर महीने को महत्वपूर्ण बताया गया है लेकिन वैशाख के बाद आने वाले ज्येष्ठ माह का अपना अलग महत्व होता है। इस बार ज्येष्ठ का महीना 6 मई दिन शनिवार से आरंभ हो रहा है। इस माह को पूजा पाठ के लिए बेहद ही खास माना जाता है इसके साथ ही अगर ज्येष्ठ माह में कुछ कार्य किए जाए तो माता लक्ष्मी का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है और धन की कमी दूर हो जाती है। ज्योतिष अनुसार ज्येष्ठ माह में कुछ उपायों को करने से तमाम परेशानियों का अंत हो जाता है। तो आज हम आपको उन्हीं उपायों के बारे में बता रहे हैं तो आइए जानते है।

ज्येष्ठ माह के आसान उपाय—

ज्योतिष अनुसार ज्येष्ठ महीने के स्वामी मंगल ग्रह है। ऐसे में इस महीने अगर एक समय भोजन किया जाए तो आरोग्य का वरदान मिलता है। इसके अलावा इस महीने में तिल का दान करना उत्तम होता है। मान्यता है कि ज्येष्ठ माह में अगर तिल का दान गरीबों व जरूरतमंदों को किया जाए तो अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति मिल जाती है साथ ही मृत्यु के बाद मोक्ष भी प्राप्त होता है। अगर आप मंगल दोष से मुक्ति चाहते हैं तो ऐसे में ज्येष्ठ महीने में तांबा, गुड़ का दान जरूर करें ऐसा करने से मंगल मजबूत होकर शुभ फल प्रदान करता है साथ ही विवाह में आने वाली हर बाधा भी दूर हो जाती है।

इस महीने में रोजाना सूर्यदेव की विधिवत पूजा करने से और जल अर्पित करने से मान सम्मान में वृद्धि होती है साथ ही नौकरी में पदोन्नति के भी योग बनते हैं। इसके अलावा इस महीने में बेजुबान जानवरों और पक्षियों के लिए भोजन पानी की व्यवस्था करना भी उत्तम होता है ऐसा करने से जीवन की तमाम परेशानियों का अंत हो जाता है।

इन उपायों को करने से घर आंगन में गूंजेंगी किलकारियां होगी पुत्र रत्न की प्राप्ति

हर विवाहित जोड़ संतान सुख की कामना करता है तो कुछ ये इच्छाएं बड़ी आसानी से पूरी हो जाती है तो कुछ को प्रयास करने के बाद भी संतान का सुख प्राप्ति नहीं होता है। शादी के कई सालों बाद भी अगर आपको संतान नहीं हो रही है या फिर आप पुत्र रत्न की इच्छा रखते हैं मगर वो पूरी नहीं हो पा रही है। तो ऐसे में आप ज्योतिष में बताए जाने वाले उपायों को आजमा सकते है। मान्यता है कि ज्योतिषीय उपायों को करने से संतान सुख की प्राप्ति होती है और और पुत्र प्राप्ति की भी इच्छा पूर्ण हो जाती है। तो आज हम आपको कुछ आसान उपाय बता रहे हैं तो आइए जानते है।

संतान प्राप्ति के आसान उपाय—



अगर संतान प्राप्ति में किसी भी तरह की कोई बाधा आ रही है तो ऐसे में आप मंगलवार के दिन भगवान हनुमान को चोला अर्पित करें इसके साथ ही चने का भोग लगाएं और बंदरों को भी भोजन कराएं। मान्यता है कि इस उपाय को लगातार एक माह तक करने से लाभ जरूर होगा। इसके अलावा संतान सुख की प्राप्ति के लिए आप अपने शयन कक्ष में पलंग के नीचे एक तांबे की प्लेट रख सकते है। अगर गर्भ धारण करने में किसी तरह की कोई दिक्कत आ रही है तो ऐसे में मंगलवार के दिन हनुमान जी को अपने हाथों से कुछ मीठा बनाकर भोग चढ़ाएं। इस उपाय को करने से संतान सुख का लाभ जरूर मिलता हैं और बाधाएं दूर हो जाती है। पुत्र प्राप्ति की इच्छा रखने वाले लोग माह की चतुर्थी तिथि पर चांदी खरीदे और उसे धारण करें ऐसा करने से पुत्र प्राप्ति की इच्छा पूरी होती है।

कंगना ने बिल्डिंग का मुआवजा लेने से किया इनकार

बोलीं- टैक्स पेयर्स का पैसा नहीं चाहिए; पहले 2 करोड़ का मांगा था हर्जाना

2020 में मुंबई मुंशी कॉरपोरेशन ने कंगना रनोट के ऑफिस का कुछ हिस्सा अवैध करार देते हुए गिरा दिया था। अब कंगना ने 3 साल बाद कहा है कि उन्हें उनकी बिल्डिंग गिराने के एवज में कोई मुआवजा नहीं मिला है। कंगना ने कहा कि कोर्ट ने उन्हें मुआवजा देने की बात कही थी लेकिन अब उन्हें एक भी पैसा नहीं चाहिए।

एक्ट्रेस ने कहा कि वो नहीं चाहती कि उनकी वजह से टैक्स पेयर्स का नुकसान हो। दरअसल कंगना ने सुशांत सिंह राजपूत केस में उद्धव ठाकरे सरकार को खूब घेरा था। इसके कुछ ही दिनों बाद उनकी बिल्डिंग पर बुलडोजर चल गया था।

एबीपी के साथ एक इंटरव्यू में कंगना ने कहा, 'मुझे अब तक कोई मुआवजा नहीं मिला है, वे मूल्यांकन करने वालों को भेजने वाले थे। मैं एकनाथ शिंदे जी से भी मिली थी। मैंने उनसे कहा कि अब मुझे टैक्स पेयर्स के पैसों का मुआवजा नहीं चाहिए।'

जब कंगना के पार्ली हिल वाले ऑफिस पर बुलडोजर चला तो उन्होंने तुरंत बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया। उन्होंने पेटिशन फाइल कर स्टे की मांग की थी। इसके अलावा उन्होंने 2 करोड़ रुपए बतौर मुआवजा भी मांगा था। कोर्ट ने तब BMC को कड़ी फटकार भी लगाई थी।

दरअसल ये पूरा मामला सुशांत सिंह राजपूत की सुसाइड के बाद शुरू हुआ था। कंगना ने महाराष्ट्र के तब सीएम रहे उद्धव ठाकरे पर तीखा प्रहार किया था। कंगना ने आरोप लगाया था कि उद्धव सरकार मामले को जानबूझ कर दबाने का प्रयास कर रही है। कंगना का सीधे तौर पर आरोप था कि सुशांत ने सुसाइड नहीं की बल्कि उसकी हत्या हुई थी।

कंगना के इस आरोप के बाद शिवसेना के सांसद और उद्धव ठाकरे के करीबी संजय राउत ने उन पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी। इसी के बाद उनकी ऑफिस के कुछ हिस्से को अवैध करार देकर गिरा दिया गया। कंगना ने आरोप लगाया कि उनके साथ बदले की नीयत के साथ कार्रवाई हुई है। कंगना को सोशल मीडिया पर लगातार धमकियां मिल रही थीं। इसी को देखते हुए केंद्र सरकार की तरफ से उन्हें पहले ही Y+ कैटेगरी की सुरक्षा दे दी गई थी।

कंगना ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी कर कहा था, 'उद्धव ठाकरे, तुम्हें क्या लगता है कि मूवी माफिया के साथ मलिकर मेरा घर तोड़कर तुमने मुझसे बहुत बड़ा बदला लिया है। आज मेरा घर टूटा है तो कल तुम्हारा घमंड टूटेगा। याद रखना..ये वक्त का पहिया है, हमेशा एक जैसा नहीं रहता। कश्मीरी पंडितों पर क्या बीती होगी, आज पता चला है।'

जब महाराष्ट्र में रातों-रात सत्ता पलटी और उद्धव सरकार में ही मंत्री एकनाथ शिंदे बागी हुए तब कंगना का ये बयान काफी चर्चा में आ गया। सोशल मीडिया पर लोगों ने कहा कि उद्धव ठाकरे को कंगना का श्राप लगा है। उद्धव से उनकी कुर्सी छिन गई, यहां तक कि उनकी खुद की पार्टी शिवसेना का सिंबल तक उनके हाथ से निकल गया। यूं कहें तो पूरी पार्टी ही उनके हाथ से चली गई।

ये जवानी है दीवानी 2 पर बोले रणबीर कपूर

अयान के पास स्टोरी है, 1-2 साल में ब्रह्मास्त्र 2 से पहले आ सकती है फिल्म

साल 2013 में रिलीज हुई फिल्म ये जवानी है दीवानी जबरदस्त हिट रही थी। 320 करोड़ रुपए का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन करने वाली इस फिल्म को अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया है। अब फिल्म के लीड एक्टर रणबीर कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान इसके सीक्वल का हिंट दिया है। रणबीर ने बताया है कि डायरेक्टर और राइटर अयान मुखर्जी के पास इसके सीक्वल के लिए बेहतरीन स्टोरी है, हालांकि वो इस बीच फिल्म ब्रह्मास्त्र में व्यस्त हो गए थे।

रणबीर कपूर ने हाल ही में एक वर्जुअल चैट सेशन के दौरान अपने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। रणबीर ने बताया है कि उनके पास फिल्म ये जवानी है दीवानी 2 के लिए बढ़िया स्टोरीलाइन भी है, जिसमें बनी (रणबीर कपूर), नैना (दीपिका पादुकोण), अवी (आदित्य) और अदिति (कल्कि) की 10 साल बाद जिंदगी कैसी है, ये दिखाया जाएगा। ये जवानी है दीवानी की एंडिंग नैना और बनी के पैचअप से हुई थी, जहां वो अपनी जॉब छोड़कर भारत में नैना के साथ ही रहने का फैसला करता है।

रणबीर ने कहा, मुझे लगता है कि ये जवानी है दीवानी का अच्छा सीक्वल बनेगा। मुझे याद है कि अयान के पास एक अच्छी स्टोरी है, लेकिन फिर वो ब्रह्मास्त्र में व्यस्त हो गया था। लेकिन ऐसा नहीं है कि ये फिल्म कभी आएगी ही नहीं। हो सकता है कि वो ये जवानी है दीवानी के सीक्वल को 2 साल बाद बनाए। मेरे ख्याल से स्टोरी 10 साल आगे की होगी कि नैना, बनी, अवी और अदिति अब क्या कर रहे हैं। मुझे लगता है कि इन किरदारों को एक्सप्लोर करना काफी इंट्रेस्टिंग और अच्छा होगा।

कुछ सालों पहले बॉलीवुड हंगामा को दिए एक इंटरव्यू में रणबीर कपूर ने पहले भी ये जवानी है दीवानी के सीक्वल की बात की है। रणबीर ने कहा था कि डायरेक्टर अयान मुखर्जी ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 और ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 के बीच ये जवानी है दीवानी 2 ला सकते हैं। उन्होंने कहा था कि अयान अभी ब्रह्मास्त्र में व्यस्त चल रहे हैं, लेकिन वो हमेशा ही मुझसे ये जवानी है दीवानी 2 की बातें करता है। हो सकता है हम ब्रह्मास्त्र पार्ट 1-2 के बीच इसे ले आएंगे।

2013 में रिलीज हुई फिल्म ये जवानी है दीवानी को 40 करोड़ के बजट में तैयार किया गया था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 320 करोड़ का कलेक्शन किया था। इस फिल्म को कल्ट स्टेटस मिला हुआ है। इसके गाने बद्तमीज दिल, कबीरा, दिल्लीवाली गर्लफ्रेंड, बलम पिचकारी और इलाही चार्टबस्टर थे, जिन्हें एवरग्रीन ब्लॉकबस्टर साउंडट्रेक का दर्जा मिला है।

क्या 2026 से पहले आएगी ये जवानी है दीवानी 2 ?

रणबीर के पुराने इंटरव्यू के मुताबिक सीक्वल फिल्म ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 से पहले रिलीज हो सकती है। कुछ समय पहले ही अयान मुखर्जी ने अनाउंस किया है कि ब्रह्मास्त्र पार्ट- 2- देव, 2026 में और इसका तीसरा पार्ट 2027 में रिलीज होगा। ऐसे में ये जवानी है दीवानी 2026 से पहले आ सकती है। ब्रह्मास्त्र के दूसरे पार्ट में दीपिका पादुकोण रणबीर यानी शिवा की मां का रोल प्ले करती नजर आने वाली हैं।

अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो रणबीर कपूर जल्द 2023 में फिल्म एनिमल में नजर आएंगे। वहीं दीपिका पादुकोण जवान, प्रोजेक्ट- के और फाइटर जैसी फिल्मों में दिखेंगी। डायरेक्टर अयान मुखर्जी के खाते में फिलहाल सिर्फ ब्रह्मास्त्र के अपकमिंग पार्ट्स हैं।

'प्रियंका, आलिया और दीपिका को देखकर होती है जलन': नीना गुप्ता

एक्ट्रेस नीना गुप्ता ने प्रियंका चोपड़ा, आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण के बारे में बात की है। उन्होंने कहा कि जब वो इन एक्ट्रेसेस को मेट गाला या ऑस्कर के रेड कार्पेट पर देखती हैं तो उन्हें काफी जलन होती है। नीना ने कहा कि वो हमेशा ये सोचती हैं कि जो एक्सपोजर इन एक्ट्रेसेस को मिला काश उन्हें भी वो मिल पाता।

एक्ट्रेस ने कहा कि वो काफी कुछ अचीव कर सकती थीं लेकिन जितना किस्मत में लिखा था उतना मिला। हालांकि नीना ने ये भी कहा कि अगर उन्हें कभी किसी ग्लोबल इवेंट में बुलाया गया तो वो गाउन की जगह साड़ी पहनना पसंद करेंगी।

नीना ने कहा, 'जब मैं आलिया, दीपिका और प्रियंका को ग्लोबल इवेंट में जाते देखती हूं तो सोचती हूं कि काश मैं भी यंग एक्ट्रेस होती। मुझे पता है कि आपको सब कुछ नहीं मिलता जो आप उम्मीद करते हैं।

मैं हर गुजरते मिनट के साथ सोचती हूं जो एक्सपोजर इन एक्ट्रेसेस को मिला हुआ है, काश मुझे भी मिल पाता।

हालांकि मेरे पास जितना भी काम है उसके लिए मैं आभारी जरूर हूं लेकिन एक बात कहने में हर्ज नहीं करूंगी कि इन्हें देख कर मुझे काफी जलन महसूस होती

है।'

नीना ने आगे कहा, 'अगर मुझे कभी भी ऐसे ग्लोबल इवेंट में बुलाया गया तो मैं गाउन नहीं बल्कि अपनी बेटी मसाबा की डिजाइन की हुई साड़ी पहननी पसंद करूंगी। ऐसा इसलिए क्योंकि मेरी बॉडी गाउन पहनने लायक नहीं रही। हालांकि मुझे कोई इनवाइट ही नहीं करता है। अगर इनविटेशन मिलता है तो मुझे संवारने के लिए मसाबा तो हैं ही।'

नीना गुप्ता बॉलीवुड की बेबाक एक्ट्रेसेस मानी जाती हैं। शायद शुरुआती दौर में उन्हें वो पहचान नहीं मिल पाई थी, जो आज के वक्त मिली है। उन्होंने बधाई हो, पंचायत और शुभ मंगल ज्यादा सावधान जैसे कुछ शानदार प्रोजेक्ट में काम किया है। हालांकि नीना की पर्सनल लाइफ हमेशा मुसीबतों में रही। वो बिना शादी के प्रेग्नेंट हो गई थीं। उन्हें समाज की खरी-खरी भी सुननी पड़ी थी।

नीना गुप्ता ने अपनी किताब में ये बताया कि जब वेस्ट इंडिज के क्रिकेटर विवियन रिचर्ड्स की बेटी 'मसाबा' को जन्म देने वाली थीं। उससे पहले दिवंगत एक्टर-डायरेक्टर सतीश कौशिक ने उन्हें शादी के लिए प्रपोज किया था। सतीश कौशिक ने नीना के प्रेग्नेंट होने के बावजूद भी उनसे शादी करने की इच्छा जताई थी।

नीना ने बताया कि सतीश ने उनसे यहां तक कह दिया कि अगर बच्चा डार्क स्किन का भी होता है कि वे दुनिया को बता देंगे कि बच्चा उन्हीं का है। हालांकि नीना ने सतीश के इस प्रपोजल को मना कर दिया था।

नीना की लेटेस्ट और अपकमिंग फिल्मों की बात की जाए तो वो हाल ही में रानी मुखर्जी की फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे में देखी गई थीं। इसके अलावा उन्होंने चार्ली चोपड़ा' और द मिस्ट्री ऑफ सोलांग वैली की शूटिंग पूरी की है। फिलहाल वो मेट्रो इन डिनो' की शूटिंग कर रही हैं।

बोल्ड सीन देते हुए हंसने पर काजोल को मारना चाहती थीं सरोज खान

बर्फबारी में करनी पड़ी थी 1.5 किमी ट्रेकिंग

1994 में रिलीज हुई फिल्म ये दिल्लगी को रिलीज हुए 6 मई को 29 साल बीत चुके हैं। काजोल, अक्षय कुमार और सैफ अली खान फिल्म में लीड रोल में थे, जिसे नरेश मल्होत्रा ने डायरेक्ट किया था। फिल्म के 29 साल पूरे होने पर इसकी लीड एक्ट्रेस काजोल ने इससे जुड़ा किस्सा शेयर करते हुए बताया है कि बोल्ड सीन की शूटिंग के दौरान उनके बचकाने बिहेवियर से सरोज खान काफी गुस्सा हुई थीं।

काजोल ने 6 मई को फिल्म ये दिल्लगी का एक पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की मेकिंग से जुड़ी मजेदार बातें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, इस सेट में बहुत मजा आया था और बहुत सारी छोटी-छोटी यादें थीं। अक्षय अपनी कुकिंग स्किल्स की काफी तारीफ करते थे, फाइनली उन्होंने सिंपल लेकिन अमेजिंग दाल बनाई थी। हमें अंधेरे में बर्फबारी के बीच 1.5 किलोमीटर पहाड़ चढ़ना पढ़ा था, क्योंकि हमारी कार नीचे ही बंद पड़ गई थीं और हमारा होटल पहाड़ के ऊपर था और वहां कोई सेलफोन भी नहीं थे।

आगे काजोल लिखती हैं, एक छोटी सी स्कर्ट पहनकर घोड़े पर बैठना और ये सोचना की मेरी हैट मेरा चेहरा कवर कर लेगी। जब मैं और सैफ फिल्म के गाने होठों पे बस की शूटिंग कर रहे थे तो हम जोर-जोर से हंस रहे थे और सरोज जी (सरोज खान) फिल्म नहीं बल्कि हमें शूट (गोली मारना) करना चाहती थीं। फिल्म में रीमा जी (रीमा लागू) ने पहली बार मेरी मां का रोल प्ले किया था और हम सेट पर साथ बैठकर ताश खेलते थे। मनीष मल्होत्रा और मैं हम कपड़ों के ट्रायल्स लेते थे और यश चोपड़ा हमें इसी बीच कुछ खाने का सुझाव देते थे। ये फिल्म नहीं बल्कि वो यादें हैं जो हम उस समय सोच रहे होते हैं। ये दिल्लगी के 29 साल।

1994 में रिलीज हुई फिल्म ये दिल्लगी ने बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ रुपए का बेहतरीन बिजनेस किया था, जबकि इसे महज 1.6 करोड़ के छोटे बजट में बनाया गया था। ये फिल्म 1954 की हॉलीवुड फिल्म सबरीना की ऑफिशियल हिंदी रीमेक थी। इसकी कामयाबी के बाद इसे तमिल भाषा में प्रिया ओ प्रिया नाम से बनाया गया था।

ये काजोल के करियर की चौथी और सैफ अली खान के करियर की 5वीं फिल्म थी। इस फिल्म की शूटिंग हिमाचल प्रदेश में हुई थी। फिल्म का गाना ओले-ओले जबरदस्त हिट रहा था, जिसे सैफ अली खान की 2020 में रिलीज हुई फिल्म जवानी जानेमन में रीक्रिएट किया गया है।

जैकलीन के लिए सुकेश का एक और लवलेटर वायरल

बर्थडे पर बड़े सरप्राइज की प्लानिंग, लिखा- तुम भी मुझे पागलों की तरह प्यार करती हो

200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली की जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर लगातार बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीस के लिए लवलेटर भेज रहा है। हाल ही में सुकेश ने फिर अपने वकील अनंत मलिक के हाथ एक लेटर भिजवाया है, जिसमें उसने जैकलीन के बर्थडे के लिए बड़ा सरप्राइज प्लान करने का जिक्र भी किया है। जैकलीन का बर्थडे 11 अगस्त को होता है।

सुकेश चंद्रशेखर ने सबसे पहले अपने लेटर में जैकलीन की अवॉर्ड शो में दी गई परफॉर्मेंस की तारीफ की है। उसने लिखा है- 'माय लव, माय बेबी जैकलीन, माय बोम्मा (गुड़िया), मैंने 28 अप्रैल को फिल्मफेयर अवॉर्ड देखा है। मुझे ये कन्फेस करना चाहिए कि तुम आउटस्टैंडिंग थीं और तुम्हारी परफॉर्मेंस बेस्ट थी। उस पूरे अवॉर्ड शो में तुम्हारा डांस सबसे बढ़िया था। तुम बहुत एलिगेंट, क्लासी, सुपर हॉट हो और अब तुमने मुझे खुद से पहले से भी ज्यादा पागलपन वाला प्यार करवा दिया है। मेरे पास शब्द नहीं है। तुम एक बॉम्ब, सुपरस्टार हो, माय बेबी गर्ल।'

लेटर में आगे सुकेश ने लिखा है, 'मैं खुशनसीब हूं कि तुम मेरी जिंदगी में हो, मेरी क्वीन। बोट्टा बोम्मा (खूबसूरत गुड़िया) आय लव यू। मेरा हर लम्हा सिर्फ तुम्हारे बारे में है। तुम जानती हो कि मैं तुमसे कितना प्यार करता हूं। तुम ये भी जानती हो कि तुम मुझसे किस पागलपन की हद तक प्यार करती हो। मैं तुम्हें बहुत याद कर रहा हूं। मेरे पास तुम्हारे बर्थडे के लिए एक बड़ा सरप्राइज है, जो तुम्हें बहुत पसंद आएगा। मैं अपना वादा निभा रहा हूं। मैं इंतजार नहीं कर सकता।'

मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुकेश चंद्रशेखर के अलावा उसकी पत्नी लीना भी जेल में है। केस में नाम जुड़ने के बाद जैकलीन भी जांच के घेरे में आ गई थीं।

कुछ समय पहले पटियाला हाउस कोर्ट में दिए एक बयान में सुकेश ने जैकलीन का बचाव करते हुए कहा था कि उनका इस केस से कोई लेना देना नहीं है।

जैकलीन ने अपने बयान में कहा था कि वो जैकलीन को सन टीवी के मालिक के रूप में पहचानती थीं, जिससे उनकी मुलाकात फिल्म बनाने के सिलसिले में हुई थी। जैकलीन ने बताया कि वो उन्हें जेल से कॉल भी करता था, हालांकि वो ये नहीं बताता था कि वो जेल में हैं।

200 करोड़ रुपए की ठगी मामले में जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीस को लेटर लिखकर होली की बधाई दी है। इस लेटर में उन्होंने लिखा- मैं सबसे शानदार, अमेजिंग और ब्यूटीफुल इंसान जैकलीन को होली की शुभकामनाएं देता हूं। रंगों के इस त्योहार पर मैं वादा करता हूं कि जो रंग फीके पड़ गए हैं या गायब हो गए हैं, वे 100 गुना होकर तुम्हारे पास वापस आएंगे।

डीप नेकलाइन वाली ड्रेस में दिखीं मलाइका

हाल ही में मलाइका अरोड़ा मुंबई में एक इवेंट में शामिल हुईं। इवेंट के दौरान उन्होंने मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर पैपराजी को ग्रीट भी किया। उन्होंने फैंस के साथ फ़ोटो भी क्लिक कारवाई। इससे जुड़े फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं।

इवेंट के लिए उन्होंने रेड कलर की क्रिसक्रॉस डिजाईन और डीप नेकलाइन वाली ड्रेस पहनी। मलाइका ने अपने बालों को जुड़े में बांध लिया। उन्होंने हैवी मेकअप भी किया। उन्होंने अपने आउटफिट के साथ एक्सेसरीज के तौर पर सिल्वर इयररिंग्स पहनी और हाथ में एक सिल्वर कलर का क्लच भी लिया।

सोशल मीडिया पर मलाइका के इस वीडियो पर यूजर्स लगातार कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने वीडियो पर लिखा- आप बहुत खूबसूरत लग रही हैं मलाइका! वहीं एक यूजर ने लिखा- अर्जुन बहुत लकी हैं।

ई-कॉमर्स इंडस्ट्री में है डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर्स की भारी डिमांड

किसी उत्पाद को लेकर आपने अब तक टीवी पर न जाने कितने विज्ञापन देखे होंगे। जैसे हेमा रेखा जया और सुषमा सबकी पसंद निरमा, दशकों तक टीवी पर आने वाला ये विज्ञापन आज भी सबको याद है। इसी तरह के बहुत सारे यूनीक विज्ञापन हैं जो देखने के बाद हमें याद रह जाते हैं। ये सब काम ब्रांड के लिए डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर के निर्देशन में किया जाता है। यानि किसी भी उत्पाद या ब्रांड की ऑनलाइन उपस्थिति को प्रभावी बनाना, विभिन्न मार्केटिंग अभियानों के जरिए उत्पाद की सेल बढ़ाना ये डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर का काम होता है। कंपनियों में आज के समय में आकर्षक सैलरी पर इनकी नियुक्ति की जाती है। यही वजह है कि युवा इस क्षेत्र में अपना करियर बनाने में इंट्रेस्टेड हैं। युवाओं के इसी इंट्रेस्ट को देखते हुए सफलता डॉट कॉम ने डिजिटल मार्केटिंग कोर्स की शुरूआत की है। इसकी सहायता से आप विभिन्न कंपनियों में शानदार पैकेज पर नौकरी हासिल कर सकते हैं।

बेसिक डिजिटल मार्केटिंग

टॉप 5 कंपनियों द्वारा डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर दिया जा रहा पैकेज

कंपनी नाम	सैलरी प्रति माह
गूगल	80 हजार
बायजूस	75 हजार
कर्मा आयुर्वेद	55 हजार
असेंटर	50 हजार
टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस	40 हजार

डिजिटल मार्केटिंग कोर्स के बाद यहां भी मिलेगा जॉब का अवसर

एसईओ एक्सपर्ट्स
ईमेल मार्केटिंग
सर्च इंजन मार्केटर
कंटेंट मार्केटर
एफिलिएट मार्केटिंग
प्रोफेशनल मार्केटिंग ब्लॉगर

किसी भी उत्पाद या ब्रांड की ऑनलाइन उपस्थिति को प्रभावी बनाना, विभिन्न मार्केटिंग अभियानों के जरिए उत्पाद की सेल बढ़ाना ये डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर का काम होता है। कंपनियों में आज के समय में आकर्षक सैलरी पर इनकी नियुक्ति की जाती है। अगर आप भी बेरोजगार हैं तो डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर बनकर आप आकर्षक सैलरी हासिल कर सकते हैं। इसके लिए आपको डिजिटल मार्केटिंग स्किल सीखनी होगी। जिसमें आप सफलता डॉट कॉम की मदद ले सकते हैं।

सफलता के साथ ऐसे बनाएं अपना करिअर

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी या डिजिटल मार्केटिंग, ग्रॉफिक्स डिजाइनिंग जैसे फील्ड में करिअर बनाने की चाह रखने वाले युवा इनकी बेहतर तैयारी के लिए सफलता डॉट कॉम की मदद ले सकते हैं। सफलता द्वारा इस वक्त कई टेक्निकल कोर्सेज के साथ एसएससी सीजीएल, एसएससी जीडी, सीटीईटी, एनडीए , यूपी लेखपाल तथा अन्य कई प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी एक्सपर्ट और वर्षों के अनुभव रखने वाले फैकल्टीज के मार्गदर्शन में कोर्सेज चलाए जा रहे हैं। इसलिए अगर आप भी प्राइवेट या सरकारी नौकरी की तलाश में हैं तो आप एक बार सफलता डॉट कॉम पर विजिट जरूर करें और अपनी पसंद के मुताबिक कोर्स में एडमिशन लीजिए जिसके बाद सफलता की फैकल्टी ना केवल आपको प्रोफेशनल बनने के लिए तैयार करेगी बल्कि वो आपका सही करिअर चुनने में मार्गदर्शन भी करेगी। आप अपने फोन में सफाल्टा ऐप डाउनलोड कर भी इन कोर्सेज से जुड़ सकते हैं। किसी भी उत्पाद या ब्रांड की ऑनलाइन उपस्थिति को प्रभावी बनाना, विभिन्न मार्केटिंग अभियानों के जरिए उत्पाद की सेल बढ़ाना ये डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर का काम होता है।

डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में कहां करियर बना सकते हैं ?

डिजिटल मार्केटिंग इंटर्न
डिजिटल मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव
एसईओ एग्जीक्यूटिव
लिंकि बिल्डिंग स्पेशलिस्ट
सोशल मीडिया स्पेशलिस्ट
गूगल एड स्पेशलिस्ट
पे पर क्लिक स्पेशलिस्ट
ई मेल मार्केटिंग स्पेशलिस्ट
वेब एनालिस्ट
कंटेंट मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव

डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट कैसे बन सकते हैं ?

डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट बनने के लिए आपको



पहले डिजिटल स्किल सीखनी होगी। जिसके लिए आप डिजिटल मार्केटिंग में डिप्लोमा हासिल कर सकते हैं। किसी कंपनी में डिजिटल मार्केटिंग इंटर्न के रूप में भी काम करके इसे सीखा जा सकता है।

डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में भविष्य कैसा है ?

अगर आप अपना करियर डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में बना रहे हैं तो यह भविष्य के लिए बिल्कुल सुरक्षित फैसला है। क्योंकि डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर तेजी से ग्रोथ करता हुआ एक सेक्टर है कई दशकों तक इसके चलन में रहने की संभावना है।

डीयू में समर इंटर्नशिप स्कीम के लिए आवेदन शुरू

17 मई तक करें अप्लाई, 10,000 रुपये मिलेगा स्टाइपेंड

दिल्ली यूनिवर्सिटी ने वाइस चांसलर इंटर्नशिप स्कीम या समर इंटर्नशिप स्कीम 2023 के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। कैंडिडेट्स बताए गए पैटर्न में लास्ट डेट के पहले फॉर्म भर सकते हैं। इस इंटर्नशिप के लिए सिर्फ ऑनलाइन अप्लाई किया जा सकता है।

क्या है वाइस चांसलर इंटर्नशिप स्कीम

डीयू की इस इंटर्नशिप का नाम वाइस चांसलर इंटर्नशिप स्कीम 2023 है। इसे समर इंटर्नशिप के नाम से भी जानते हैं। इसके लिए सिर्फ डीयू के ही अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट छात्र आवेदन कर सकते हैं। हालांकि पहले साल और दूसरे सेमेस्टर के स्टूडेंट्स आवेदन नहीं कर सकते हैं। इसके अंतर्गत हफ्ते में 15 से 20 घंटे काम करना होगा। इस इंटर्नशिप के लिए उम्मीदवार 17 मई तक आवेदन कर सकते हैं।

इतना मिलेगा स्टाइपेंड

इंटर्नशिप के दौरान कैंडिडेट्स को 10,000 रुपये महीने का स्टाइपेंड दिया जाएगा। ये इंटर्नशिप मोटे तौर पर दो महीने के लिए है। जून-जुलाई संभावित महीने हैं जब इंटर्नशिप की जा सकती है।

कौन नहीं कर सकता आवेदन

वे कैंडिडेट्स जो एक बार वाइस चांसलर इंटर्नशिप स्कीम यानी वीसीआईएस (वीसीआईएस) का फायदा उठा चुके हैं, आवेदन नहीं कर सकते। दोबारा इसके लिए आवेदन नहीं किया जा सकता। ये इंटर्नशिप पूरी होने पर कैंडिडेट्स को डीन ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर की तरफ से सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

यूपीएससी सीएसई एडमिट कार्ड जल्द जारी

28 मई को एग्जाम, 1105 पदों पर होगी भर्ती

यूपीएससी सीएसई एडमिट कार्ड 2023 जल्द जारी होने वाले हैं। संघ लोक सेवा आयोग (संघ लोक सेवा आयोग, यूपीएससी) सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 के एडमिट कार्ड आगामी कुछ दिनों में रिलीज कर दिए जाएंगे। हालांकि, इस संबंध में आयोग की ओर से कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। यूपीएससी की ओर से सीएसई परीक्षा 28 मई, 2023 को होना है। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से कुल 1105 खाली पदों पर भर्ती की जाएगी।

रजिस्ट्रेशन आईडी भूलने पर क्या करें

यदि कोई उम्मीदवार यूपीएससी एडमिट कार्ड रजिस्ट्रेशन आईडी भूल जाता है तो ऐसी स्थिति में कुछ साधारण स्टेप्स को फॉलो कर आप यूपीएससी प्रीलिम्स एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। सबसे पहले यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं। यहां फॉरगेट रजिस्ट्रेशन आईडी सेक्शन होगा, उस पर क्लिक करें। इसके बाद अपना रजिस्टर्ड ईमेल आईडी दर्ज करें। फिर डेट ऑफ बर्थ डालें। आपको कैप्चा दर्ज करना होगा। उसके बाद, रजिस्ट्रेशन आईडी की एक्सेस फिर से मिल जाएगी। यूपीएससी एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए आप इस आईडी का उपयोग कर सकते हैं।

रिपोर्ट-2022 में सबसे ज्यादा 7.5 लाख विदेश पढ़ने गए

महानगरों से ज्यादा छोटे शहरों और गांव के स्टूडेंट्स विदेश पढ़ने जा रहे

पिछले साल विदेश जाकर पढ़ाई करने वालों की संख्या 6 साल में सबसे ज्यादा रही। संसद में दिए गए जवाब के अनुसार, 2022 में 7.5 लाख स्टूडेंट्स पढ़ाई के लिए विदेश गए। खास बात यह है कि अब दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों की बजाय देश के छोटे शहरों, कस्बों और गांवों के छात्र अधिक संख्या में पढ़ने के लिए विदेश जा रहे हैं। इसकी एक वजह देश के अच्छे कॉलेजों में दाखिला न मिल पाना है तो दूसरी वजह मौकों की कमी है। देश में नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्द्धा बढ़ी है। एआई और आईटी जैसे सेक्टरों में विदेशों में ज्यादा मौके हैं। वहां वेतन भी ज्यादा है। इसलिए विद्यार्थी दूसरे देशों का रुख कर रहे हैं। ओडिशा के बालासोर के नवीन कुमार ने फोरेंसिक साइंस में पढ़ाई के लिए स्वीडन में एडमिशन लिया है। वे कहते हैं- मैं भारत में ही पढ़ता, लेकिन फोरेंसिक साइंस में यहां मौके बहुत कम हैं।

विदेश जाने वालों की संख्या बढ़ी, फ्रॉड भी बढ़ा

देश में जैसे-जैसे विदेशों में पढ़ाई के लिए जाने का ट्रेंड बढ़ रहा है। विदेश जाने में मदद करने वाली कंसल्टेंसीज का बाजार भी बड़ा हो रहा है। देश भर में ऐसी कंसल्टेंसीज खुल रही हैं। गुजरात की कंसल्टेंसी 'नो बॉर्डर्स' के समीर यादव कहते हैं- 4 साल पहले छोटे शहरों और कस्बों से कम आय वाले घरों के 30% बच्चे पढ़ने विदेश जा रहे थे। यह संख्या बढ़कर दोगुनी यानी 60% हो गई है। ये बच्चे घर या खेती की जमीन बंधक रखकर विदेश जा रहे हैं। एजूकेशन कंसल्टेंसी कॉलेजिफाई के सीईओ आदर्श खंडेलवाल कहते हैं- फ्रॉड

के मामले भी बढ़े हैं। अभी हाल ही में कनाडा ने 700 भारतीय बच्चों को डिपोर्ट किया है। उन्हें एजेंट ने फर्जी तरीके से दाखिला दिला दिया था।

चीनी छात्रों पर प्रतिबंध

कोरोना की वजह से दुनिया के कई देशों में अब भी चीन के छात्रों पर प्रतिबंध लगा हुआ है। विदेशों में पढ़ने के लिए भारतीय छात्रों को सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्द्धा चीनी छात्रों से ही करनी पड़ती है। भारतीय इसे मौके के तौर पर ले रहे हैं।

करिअर फंडा एआई की दुनिया में करिअर के लिए हो जाएं तैयार

7 तरीके जिनसे वर्क प्लेस को बदलेगा एआई और आप कैसे बने रहेंगे रेलेवेंट

'फुल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का विकास मानव जाति के अंत का कारण बन सकता है... यह अपने आप विकसित होने लग जाएगा और एक बढ़ती हुई दर पर खुद को डिजाइन करेगा। मनुष्य, जो स्लो रेट ऑफ इवोल्यूशन से सीमित होंगे, कम्पीट नहीं कर पाएंगे और एआई उनका स्थान ले लेगा।'

- स्टीफन हॉकिंग

पिछले तीन महीनों में आपको इतना तो पता चल ही गया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तेजी से काम की दुनिया को बदल रहा है। उपरोक्त लिखित मशहूर वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग के ऐसे कथनों से अनेक प्रकार के डर भी फैल रहे हैं, लेकिन डरिए मत।

बिजनेस की मजबूरी

जैसे-जैसे व्यवसाय प्रतिस्पर्धी और नवीन बने रहने का प्रयास कर रहे हैं, वे तेजी से एआई और अन्य उन्नत तकनीकों का रुख कर रहे हैं ताकि प्रक्रियाओं को कारगर बनाया जा सके, उत्पादकता बढ़ाई जा सके और समग्र दक्षता में सुधार किया जा सके। एआई के लगातार विकसित होने वाले क्षेत्र के साथ, आने वाले वर्षों में नौकरियों पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव को समझना महत्वपूर्ण है। कई लोग डरे हुए हैं कि उनकी नौकरी चली न जाए, और चली गई तो दूसरा क्या काम मिलेगा, इत्यादि। लेकिन डरने की कोई बात नहीं, यदि आप कुछ तथ्यों को समझकर, अपने आप को री-ट्यून करने को तैयार हो जाएं।

एआई से आने वाले 7 बड़े परिवर्तन, और आपके लिए सही सॉल्यूशन

यहां मैं सात पैटर्न डिस्कस करूंगा, जो एआई द्वारा अगले तीन वर्षों में नौकरियों पर पड़ने वाले प्रभावों को समझाएगा। आप इन सबसे निपट भी सकते हैं, ये भी मैं बताऊंगा।

1) बढ़ता स्वचालन

एआई द्वारा नौकरियों को प्रभावित करने वाले सबसे स्पष्ट तरीकों में से एक ऑटोमेशन है। जैसे-जैसे मशीनें ज्यादा सोफिस्टिकेटेड होती जाएंगी, वे उन कार्यों को करने में सक्षम होंगी जो कभी सिर्फ मानव कर पाते थे। इससे कुछ उद्योगों में नौकरी छूट जाएगी, विशेष रूप से वे जो शारीरिक श्रम पर बहुत अधिक निर्भर हैं। उदाहरण के लिए, ऑटोमेशन के कारण मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में पहले ही कुछ नौकरियां जा चुकी हैं।

सॉल्यूशनः वर्कर्स और प्रोफेशनल्स के लिए एक समाधान उन स्किल्स के विकास पर ध्यान केंद्रित करना है जो एआई के पूरक हैं, जैसे कि रचनात्मक सोच, समस्या-समाधान और भावनात्मक बुद्धिमत्ता। इन कौशलों के ऑटोमेटेड होने की संभावना कम है और ये वर्क प्लेस में तेजी से महत्वपूर्ण हो जाएगी।

2) संवर्धित निर्णय लेने

एआई में वर्क प्लेस में निर्णय लेने की प्रक्रिया में काफी वृद्धि करने की क्षमता है। बड़ी मात्रा में डेटा का विश्लेषण करके, एआई व्यवसायों को पैटर्न की पहचान करने और अधिक इनफॉर्म्ड डिसीजन लेने में मदद कर सकता है। इससे दक्षता में वृद्धि और बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।

सॉल्यूशनः वर्क प्लेस में कॉम्पिटिटिव बने रहने के लिए व्यक्तियों को डेटा विश्लेषण और व्याख्या से संबंधित कौशल विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए। यह उन्हें एआई के साथ काम करने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में योगदान करने की अनुमति देगा।

3) संवर्धित ग्राहक अनुभव

एआई में ग्राहक अनुभव को काफी बेहतर बनाने की क्षमता है। चैटबॉट्स और अन्य एआई संचालित ग्राहक सेवा उपकरण ग्राहकों को तत्काल सहायता प्रदान कर सकते हैं, प्रतिक्रिया समय में सुधार कर सकते हैं और वेटिंग टाइम को कम कर सकते हैं। इसके अलावा, एआई व्यवसायों को ग्राहकों के व्यवहार को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकता है, जिससे उन्हें ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने प्रस्तावों को तैयार करने की अनुमति मिलती है।

सॉल्यूशनः वर्कर्स और प्रोफेशनल्स को संचार और समस्या समाधान जैसे ग्राहक सेवा से संबंधित कौशल विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्हें ग्राहकों की सहायता के लिए एआई -पावर्ड टूल्स का उपयोग करने में भी सहज होना चाहिए।

4) बेहतर कार्यस्थल सुरक्षा

एआई संभावित खतरों की पहचान करके और जोखिमों को कम करके वर्क प्लेस सुरक्षा को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। उदाहरण के लिए, एआई -संचालित रोबोटों का उपयोग खतरनाक कार्यों को करने के लिए किया जा सकता है, जिससे मानव श्रमिकों को चोट लगने का जोखिम कम हो जाता है। इसके अतिरिक्त, संभावित सुरक्षा जोखिमों के लिए कार्यस्थल की निगरानी के लिए एआई का उपयोग किया जा सकता है।

सॉल्यूशनः आप वर्क प्लेस सुरक्षा से संबंधित कौशल विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, जैसे जोखिम मूल्यांकन और खतरे की पहचान। उन्हें एआई -संचालित रोबोटों के साथ काम करने में भी सहज होना चाहिए।

5) बढ़ता निजीकरण

एआई बिजनेसेस को ग्राहकों को व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करने में मदद कर सकता है। ग्राहक डेटा का विश्लेषण करके, एआई ग्राहकों की संतुष्टि और वफादारी में सुधार करते हुए, अनुरूप अनुशंसाएं और ऑफर प्रदान कर सकता है।

सॉल्यूशनः आप डेटा विश्लेषण और व्याख्या से संबंधित कौशल विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। उन्हें ग्राहकों को व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करने के लिए एआई -संचालित उपकरणों का उपयोग करने में भी सहज होना चाहिए।

6) नई नौकरी की भूमिकाएँ

जहां एआई कुछ उद्योगों में नौकरी के नुकसान का कारण बन सकता है, यह दूसरों में नई नौकरी की भूमिका भी पैदा करेगा। उदाहरण के लिए, एआई -संचालित प्रणालियों के विकास और रखरखाव के लिए कुशल श्रमिकों की आवश्यकता होगी।

सॉल्यूशनः आपको एआई से संबंधित कौशल विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए, जैसे मशीन लर्निंग और प्रोग्रामिंग। इसके अतिरिक्त, उन्हें उभरती हुई नई भूमिकाओं और टेक्नोलॉजी के अनुकूल होने के लिए तैयार रहना चाहिए।

7) नैतिक चिंताएं

जैसे-जैसे एआई कार्यस्थल में तेजी से एकीकृत होता जा रहा है, इसके नैतिक प्रभावों के बारे में चिंताएं बढ़ रही हैं। उदाहरण के लिए, एआई के पूर्वाग्रह और भेदभाव को बनाए रखने की क्षमता के बारे में चिंताएं हैं।

सॉल्यूशनः व्यक्तियों को नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व से संबंधित कौशल विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्हें एआई के संभावित नैतिक निहितार्थों के बारे में पता होना चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए काम करना चाहिए कि एआई का उपयोग नैतिक और जिम्मेदार तरीके से किया जाए।

तो सारांश ये है कि एआई का आने वाले वर्षों में नौकरियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। जहां कुछ उद्योगों में नौकरी छूट सकती है, सही कौशल वाले लोगों के लिए नए अवसर भी होंगे। कार्यस्थल में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए व्यक्तियों को ध्यान देना चाहिए।

ठीक नहीं रहा सप्ताह, अडानी की सात कंपनियों को हुआ 3800 करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। मई महीने की शुरुआत न तो घरेलू शेयर बाजार के लिए और न ही अडानी समूह के लिए ठीक रही है। महीने के पहले सप्ताह के दौरान दोनों प्रमुख घरेलू शेयर सूचकांकों निफ्टी और सेंसेक्स पर दबाव बना रहा, जबकि अडानी समूह की कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ गया।

सप्ताह के दौरान बाजार रहा फ्लैट

पिछले सप्ताह के दौरान आखिरी दिन यानी 5 मई को सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट आई। अंतिम दिन सेंसेक्स में करीब 700 अंक की गिरावट आई, जबकि निफ्टी भी 1.15 फीसदी के आस-पास के नुकसान में रहा। इसने सप्ताह के अन्य दिनों के प्रदर्शन को फीका कर दिया और बाजार लगभग फ्लैट रह गया।

कई कंपनियों का रिजल्ट जारी

अडानी समूह की बात करें तो सप्ताह के दौरान फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर 0.2 फीसदी डाउन रहा। वहीं अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन के भाव लगभग स्थिर रहे। अडानी ग्रीन एनर्जी में 1 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई, जबकि अडानी ट्रांसमिशन करीब 3 फीसदी के नुकसान में रहा। सप्ताह के दौरान अडानी समूह की कंपनियों ने मार्च तिमाही का परिणाम जारी किया, जिसके चलते उनके भाव में उथल-पुथल रही।

कम हुआ इन कंपनियों का एमकैप

आलोच्य सप्ताह के दौरान भाव में उतार-चढ़ाव के चलते अडानी समूह की 10 लिस्टेड कंपनियों में से 7 के बाजार पूंजीकरण में 3,782 करोड़ रुपये की गिरावट देखी गई। बाजार पूंजीकरण के मामले में जिन कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ा, उनमें अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी ट्रांसमिशन, अडानी ग्रीन एनर्जी , अडानी टोटल गैस और अडानी विल्मर शामिल रहीं। इनके बाजार पूंजीकरण में 507 करोड़ रुपये से 2,856 करोड़ रुपये के बीच की गिरावट आई।

बढ़ गया इनका बाजार पूंजीकरण

वहीं दूसरी ओर अडानी समूह की कुछ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में सुधार देखने को मिला। करीब दो सप्ताह से हर रोज मजबूत प्रदर्शन कर रहे अडानी पावर के एमकैप में सबसे ज्यादा तेजी देखी गई। पिछले सप्ताह के दौरान अडानी पावर का बाजार पूंजीकरण 5,775 करोड़ रुपये बढ़ा। वहीं अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन के बाजार पूंजीकरण में 698 करोड़ रुपये की तेजी आई।

अमेरिकी अर्थव्यवस्था का हुआ बुरा हाल

वारेन बफेट बोले- सपने में भी नहीं सोचा था

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी अर्थव्यवस्था इन दिनों अभूतपूर्व संकट से जूझ रही है। एक ओर 2008 के बाद से सबसे बुरे बैंकिंग संकट के चलते मंदी का खतरा मंडरा रहा है, वहीं दूसरी ओर अमेरिका के सामने कर्ज की किस्तों के भुगतान में डिफॉल्ट होने का रिस्क है। दिग्गज इन्वेस्टर वारेन बफेट ने इन हालातों के मद्देनजर पहली बार प्रतिक्रिया दी है।

आ जाएगी सिस्टम में तबाही

वारेन बफेट अभी अपनी कंपनी बर्कशायर हाथवे इंक के निवेशकों की सालाना आम बैठक में हिस्सा लेने के लिए अमेरिकी प्रांत नेब्रास्का के ओमाहा में हैं। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी डिफॉल्ट की गहराती आशंका को लेकर शनिवार को कहा कि ऐसी स्थिति की कल्पना उन्हें कभी सपने में ही नहीं हुई थी। उन्होंने बैंकिंग सेक्टर की हालिया समस्या को हैंडल करने के तरीकों की भी आलोचना की और कहा कि डिफॉल्ट की आशंका अगर सच साबित होती है, तो इससे फाइनेंशियल सिस्टम में तबाही आ जाएगी।

फैल गया अनावश्यक डर

बफेट ने बर्कशायर के शेयरधारकों की सालाना बैठक में बैंकिंग संकट को लेकर खुलकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सिलिकॉन वैली बैंक, सिग्नेचर बैंक और फर्स्ट रिपब्लिक बैंक के डूबने के मामलों को जिस तरीके से नेताओं, नियामकों और प्रेस ने हैंडल किया, वह एक दम गलत था और उसके चलते बैंकों के डिपॉजिटर्स के मन में अनावश्यक डर बैठ गया।

अभी भी अमेरिका पर भरोसा

दिग्गज इन्वेस्टर ने कहा कि डर की प्रकृति संक्रामक होती है। अगर लोगों के मन में यह डर बैठ जाए कि बैंकों में उनका पैसा सुरक्षित नहीं है, तो ऐसी स्थिति में आप अर्थव्यवस्था को नहीं चला सकते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि तमाम बदलावों के बाद भी अमेरिका पर उनका भरोसा कम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि आज के समय में भी वे अमेरिका में ही पैदा होना चाहेंगे।

कंपनी को हुई तगड़ी कमाई

इससे पहले बफेट की कंपनी बर्कशायर ने मार्च तिमाही का वित्तीय परिणाम जारी किया। कंपनी को तिमाही के दौरान 35.5 बिलियन डॉलर का मुनाफा हुआ। कंपनी ने इस दौरान 4.4 बिलियन डॉलर के अपने शेयरों की पुनर्खरीद की। बर्कशायर को जब लगता है कि उसके शेयर अंडरवैल्यूड हैं, तब वह खुद ही अपने शेयरों को खरीद लेती है। वहीं दूसरी ओर कंपनी ने तिमाही के दौरान दूसरी कंपनियों के 13.3 बिलियन डॉलर के शेयर बेचे।

बफेट के पास इतनी है दौलत

वारेन बफेट शेयर बाजार में पैसे लगाकर धनकुबेर बने हैं। वह कई बार दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति भी रह चुके हैं। अभी वह 113 बिलियन डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के पांचवें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। 92 साल की उम्र के बफेट 1965 से ही बर्कशायर को संभाल रहे हैं। उनकी गिनती दुनिया के सबसे बड़े दानवीरों में होती है। अभी तक वह 51 बिलियन डॉलर से ज्याादा दान कर चुके हैं। उन्होंने अपनी कुल संपत्ति का 99 फीसदी दान करने का वादा किया है।

कंपनी ने एक सप्ताह पहले दी जबरदस्त पार्टी, फिर खा गई इन कर्मचारियों की नौकरी

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। अमेरिका और यूरोप में छाई मंदी का असर दुनिया भर में दिख रहा है। पिछले कुछ वक्त में कई बड़ी कंपनियां जैसे ट्विटर, मेटा, अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट ने बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी की है। छंटनी का शिकार कई कर्मचारी सोशल मीडिया पर अपने दर्द को साझा कर रहे हैं। हाल ही में एक अमेरिकी कंपनी ने पहले तो कर्मचारियों को शानदार पार्टी दी और अगले ही सप्ताह 13 फीसदी लोगों की छंटनी कर दी।

13 फीसदी कर्मचारी की छंटनी का फैसला

टेकक्रच की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका बेस्ड साइबर सिक्योरिटी कंपनी बिशप फॉक्स ने मंगलवार को कर्मचारियों की छंटनी का ऐलान किया है। इसका असर कुल 13 फीसदी वर्कफोर्स यानी 50 कर्मचारियों पर पड़ा है। हैरान कर देने वाली बात ये है कि कंपनी ने छंटनी के ऐलान से एक हफ्ते पहले इंप्लाइज और कई अधिकारियों के लिए एक शानदार पार्टी का आयोजन किया था। इसमें सभी मेहमानों को ब्रांडेड शराब सर्व की गई थी। इस पार्टी की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर की गई थी। पार्टी का आयोजन अप्रैल के आखिरी सप्ताह में किया गया और मई में कंपनी ने छंटनी का ऐलान कर दिया।

कर्मचारियों ने दर्ज किया बयां

छंटनी के ऐलान के बाद बिशप फॉक्स के कई प्रभावित कर्मचारियों ने ट्विटर पर अपनी कहानी शेयर करते हुए कहा कि यह छंटनी पूरी तरह से अप्रत्याशित थी। कंपनी ने पार्टी में खर्च हुई रकम के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है, मगर यह कहा है कि उसने इस छंटनी का फैसला कंपनी को रिस्ट्रक्चर करने के लिए लिया है। वैश्विक स्थिति को देखते हुए अपने बिजनेस को बचाने के लिए फैसला जरूरी था। कंपनी के सीईओ विन्नी लियू ने टेकक्रच से बात करते हुए कहा कि हम अपने ग्रोथ के लिए आने वाले समय में निवेश करेंगे।

गोल्ड बुलियन की अनिवार्य हॉलमार्किंग 1-जुलाई से नहीं होगी लागू

केंद्र सरकार की अभी स्टेकहोल्डर्स के साथ बातचीत जारी, गाइडलाइंस को अंतिम रूप दिया जा रहा

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। गोल्ड बुलियन की कंपलसरी हॉलमार्किंग 1 जुलाई से अनिवार्य नहीं होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐसा इसलिए क्योंकि केंद्र सरकार की अभी इस मामले पर स्टेकहोल्डर्स के साथ बातचीत जारी है।कंज्यूमर अफेयर्स मिनिस्ट्री के सूत्रों ने कहा कि लोगों में इस बात को लेकर अभी काफी कंफ्यूजन है कि 1 जुलाई से गोल्ड बुलियन पर अनिवार्य हॉलमार्किंग लागू होने जा रही है, जबकि ऐसा नहीं है। हालांकि, ज्वेलरी पर हॉलमार्किंग पहले से ही लागू है।

हॉलमार्किंग को अनिवार्य करने की प्रोसेस अभी शुरू हुई है

सूत्रों ने बताया कि गोल्ड बुलियन के लिए 1 जुलाई से अनिवार्य हॉलमार्किंग लागू नहीं होगी। इसे अनिवार्य करने की प्रोसेस अभी शुरू हुई है। इस प्रोसेस को शुरू करने के लिए एक सब-कमेटी बनाई गई है। इसके अलावा इस मामले पर सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ चर्चा चल रही है। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स के चीफ प्रमुख प्रमोद कुमार तिवारी ने इस साल मार्च में कहा था कि सरकार गोल्ड बुलियन की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने का प्लान बना रही है और ड्राफ्ट गाइडलाइंस के साथ तैयार है।सूत्रों ने आगे बताया कि गाइडलाइंस को अंतिम रूप देने के लिए स्टेकहोल्डर्स के साथ चर्चा चल रही है। गोल्ड बुलियन का इस्तेमाल ज्वेलरी की मैन्युफैक्चरिंग के लिए कच्चे माल के रूप में किया जाता है और ज्वेलरी के लार्ज वॉल्यूम को देखते हुए इसकी प्योरिटी सर्वोपरि है।

बैंकों के लिए सप्ताह में 5 दिन काम करने का प्रस्ताव

शनिवार को भी रहेगी छुट्टी

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। बैंक के कर्मचारियों को हफ्ते में सिर्फ 5 दिन काम करने की मंजूरी जल्द मिल सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक एम्प्लॉइज और इंडियन बैंक एसोसिएशन ने लंबे से चली आ रही हफ्ते में पांच दिन के काम को लेकर चर्चा पर आगे बढ़े हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर अधिसूचना जारी की जाती है तो ये कर्मचारी सोमवार से लेकर शुक्रवार तक काम कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों हफ्ते में पांच दिन काम को लेकर सहमत हुए हैं।

हर शनिवार को करनी होती है छुट्टी घोषित

ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव एस नागराजन ने कहा कि

निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 25 के मुताबिक, शनिवार की छुट्टी सरकार को हर बार घोषित करनी होगी। उन्होंने कहा कि ये समझौता कुछ ही समय के लिए हुआ था और ये वेतन के अधीन नहीं था। टीओआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार भी इसपर सहमत है और कहा है कि आरबीआई को भी योजना को स्वीकार करना चाहिए।

बढ़ेगा काम करने का समय

ये लागू होने के बाद कर्मचारी सुबह 9:45 बजे से शाम 5:30 बजे तक प्रतिदिन 40 मिनट अतिरिक्त काम करेंगे। अभी मौजूदा समय में बैंक महीने के दूसरे और चौथे शनिवार बंद रहते हैं। ऐसे में ग्राहकों को काफी कंफ्यूजन भी है। बैंक यूनियनों ने लंबे समय से पांच दिन कार्य को लेकर वकालत की है।

डिजिटली होंगे ये काम

बैंक के कस्टमर छुट्टी के दौरान ऑनलाइन कई काम कर सकते हैं। इसके अलावा, मोबाइल बैंकिंग, एटीएम और अन्य कार्य को पूरा कर सकते हैं। हालांकि बैंक शाखा से जुड़े पासबुक प्रिंट, लोन लेने या फिर किसी अन्य जरूरी काम को पूरा नहीं कर पाएंगे।

कब लागू होगा ये प्रस्ताव

सीएनबीसी अवाज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, फाइनेंस मिनिस्ट्री इसे जल्द अप्रूव कर सकती है।

सेंसेक्स की टॉप 10 में से चार कंपनियों का मार्केट कैप 56,000 करोड़ रुपये घटा,जानें किन फर्म को फायदा रहा

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से चार कंपनियों के मार्केट कैपिटलाइजेशन (मार्केट कैप) में बीते हफ्ते सामूहिक रूप से 56,006.15 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लिमिटेड को हुआ। बीते हफ्ते बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 58.15 अंक या 0.09 फीसदी के नुकसान में रहा।समीक्षाधीन हफ्ते में एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), एचडीएफसी और भारती एयरटेल का मार्केट कैपिटलाइजेशन गिर गया। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, आईटीसी और इन्फोसिस का मार्केट कैपिटलाइजेशन सामूहिक रूप से 44,540.05 करोड़ रुपये बढ़ गया।बीते हफ्ते सबसे ज्यादा नुकसान एचडीएफसी बैंक कोइस तरह की खबरें आई हैं कि विलय के बाद अस्तित्व में आने वाली एचडीएफसी की इकाई से उल्लेखनीय रूप से पूंजी बाहर निकल सकती है। इन खबरों के बाद शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लिमिटेड के शेयर में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। समीक्षाधीन हफ्ते में एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैपिटलाइजेशन 34,547.61 करोड़ रुपये घटकर 9,07,505.07 करोड़ रुपये रह गया। सबसे ज्यादा नुकसान एचडीएफसी बैंक को ही हुआ। एचडीएफसी का मार्केट कैपिटलाइजेशन 13,584.9 करोड़ रुपये के नुकसान से 4,95,541.41 करोड़ रुपये पर और भारती एयरटेल का 6,356.46 करोड़ रुपये घटकर 4,39,153.22 करोड़ रुपये रह गया। एसबीआई की बाजार हैसियत 1,517.18 करोड़ रुपये घटकर 5,14,370.01 करोड़ रुपये रह गई।वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैपिटलाइजेशन 14,279.06 के रुपये की बढ़ोतरी के साथ 16,51,687.33 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 10,949.09 करोड़ रुपये बढ़कर 5,87,632.77 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक की 6,583.1 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 6,47,532.81 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।टीसीएस के मार्केट कैपिटलाइजेशन में 5,433.69 करोड़ रुपये का उछाल आया और यह 11,82,184.61 करोड़ रुपये रहा। आईटीसी की बाजार हैसियत 4,598.37 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 5,32,975.54 करोड़ रुपये रही। इन्फोसिस का मार्केट कैपिटलाइजेशन 2,696.74 करोड़ रुपये बढ़कर 5,22,358.84 करोड़ रुपये रहा।

देशों से कच्चा तेल का आयात अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा

भारत की रूस से खरीद उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। भारत की ओर से आयात किए जाने वाले कच्चे तेल में ओपेक की हिस्सेदारी अप्रैल में घटकर अपने सर्वकालिक निचले स्तर 46 प्रतिशत पर पहुंच गई है। ये डाटा ऐसे समय पर सामने आया है, जब कच्चे तेल की खरीद पर डिस्काउंट दिए जाने के कारण भारत अपनी जरूरत का एक तिहाई हिस्सा आयात रूस से कर रहा है।बता दें, ओपेक दुनिया में कच्चे तेल उत्पादकों देशों का समूह है। ओपेक में मिडिल ईस्ट और अफ्रीकी तेल उत्पादक देशों को शामिल किया जाता है। अप्रैल 2022 में भारत ने अपनी जरूरत का 72 प्रतिशत कच्चा तेल ओपेक देशों से आयात किया था।एक समय ओपेक देशों से भारत अपनी जरूरतों का 90 प्रतिशत तक कच्चा तेल आयात करता था। यूक्रेन से युद्ध के बाद कच्चे तेल पर डिस्काउंट के कारण भारत की रूस पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। पिछले सात महीनों से भारत द्वारा आयात किया जाने वाले कच्चे तेल का एक तिहाई हिस्सा रूस से आ रहा है।यूक्रेन-रूस युद्ध शुरू होने (फरवरी 2022) से पहले भारत अपनी जरूरत का एक प्रतिशत से भी कम कच्चा तेल रूस से आयात करता था, लेकिन इस साल अप्रैल में ये बढ़कर 36 प्रतिशत पर पहुंच गया है। वहीं, ओपेक से भारत ने अपनी जरूरत का 46 प्रतिशत कच्चा तेल आयात किया है। बता दें, अप्रैल में भारत ने 46 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात किया है।

पुराने ई-चालान को सात दिनों में अपलोड करने का फैसला तीन महीने के लिए टला

व्यापारियों को मिलेगी राहत

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। जीएसटी नेटवर्क की ओर से 100 करोड़ रुपये से अधिक के टर्नओवर वाले बिजनेस के लिए पुराने ई-इनवॉयस एक निश्चित समय सीमा में इनवॉयस रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर अपलोड करने के फैसले को तीन महीने के लिए टाल दिया गया है। इससे बड़े बिजनेस को राहत मिलेगी। पिछले महीने जीएसटी नेटवर्क की ओर से कहा गया था कि सभी 100 करोड़ रुपये से अधिक के टर्नओवर वाले बिजनेस को ई-इनवॉयस जनरेट होने के सात दिनों के भीतर उसे इनवॉयस रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर अपलोड करना होगा और इस फैसले को एक मई को लागू कर दिया गया था।

इनवॉयस अपलोड नहीं करने पर होता है नुकसान

जीएसटी कानून के मुताबिक, अगर कोई बिजनेस आईआरपी पोर्टल पर ई-इनवॉयस अपलोड नहीं करता है तो उसे इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ नहीं मिलता है। जीएसटी नेटवर्क की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया कि

ऑथोरिटी की ओर से सात दिनों के अंदर 100 करोड़ से अधिक के टर्नओवर वाले बिजनेस के लिए आईआरपी पोर्टल पर ई-इनवॉयस अपलोड करने के फैसले को तीन महीने के लिए टालने का निर्णय लिया गया है। बता दें, इससे पहले ई-इनवॉयस को आईआरपी पोर्टल पर अपलोड करने को लेकर ऐसी कोई भी सीमा जीएसटी नेटवर्क की ओर से तय नहीं की गई थी। बता दें, जीएसटी में हुए इस बदलाव से सभी बड़े व्यापार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। क्योंकि वित्त वर्ष 2022-23 की समाप्ति के कारण कई नई अतिरिक्त प्रविष्टियों की आशंकाएं बढ़ रही थीं। वहीं, तीन महीने के बाद इस फैसले को लागू करने से बड़ी फर्मों को काफी राहत मिलेगी और भविष्य में इस फैसले को सही तरीके से लागू किया जा सकेगा।

दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य-	मेष में	मेष--	04-28 बजे
चंद्र-	वृश्चिक में	वृष--	06-12 बजे
मंगल	मिथुन में	मिथुन..	08-12 बजे
बुध-	मेष में	कर्क...	10-25 बजे
गुरु-	मेष में	सिंह...	12-36 बजे
शुक्र-	मिथुन में	कन्या..	14-44 बजे
शनि-	कुंभ में	तुला...	16-49 बजे
राहु-	मेष में	वृश्चिक.	19-00 बजे
केतु-	तुला में	धनु.....	21-12 बजे
		मकर..	23-20 बजे
		कुंभ...	01-10 बजे
		मीन ..	02-47 बजे

श्री पिंगल नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2080
शक संवत् -1945, सूर्य उत्तरायणे,ऋतु-ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् -2549,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय- 05-51 सूर्य अस्त- 18-34
भोग्य कलि वर्ष-426876
कलियुग संवत् -5124 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949124
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885124
दिशाशूल .. पूर्व - कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- तृतीया - 18 -19 तक उपरान्त चतुर्थी
मास - ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष , सोमवार May 08
नक्षत्र - ज्येष्ठा - 19- 09 - तक उपरान्त मूल
योग - शिव - 00 - 08 - तक उप - सिद्ध
करण- वणिज -07 -19 - तक उप- विष्टि
विशेष:- चतुर्थी व्रत, चौथ व्रत
व्रत -त्योहार - चन्द्रोदय रात्रि- 22-15

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

राहुकाल 07:24 से 09:00 तक

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
अमृत.	05:51 - 07:24 शुभ	चंचल.	18:34 - 20:01 शुभ
काल.	07:24 - 09:00 अशुभ	रोग.	20:01 - 21:25 अशुभ
शुभ.	09:00 - 10:37 शुभ	काल.	21:25 - 22:49 अशुभ
रोग.	10:37 - 12:13 अशुभ	लाभ.	22:49 - 00:13 शुभ
उत्पात	12:13 - 13:49 अशुभ	उत्पात	00:13 - 01:36 अशुभ
चंचल	13:49 - 15:25 शुभ	शुभ	01:36 - 03:00 शुभ
लाभ	15:25 - 17:01 शुभ	अमृत.	03:00 - 04:24 शुभ
अमृत	17:01 - 18:34 शुभ	चंचल.	04:24 - 05:51 शुभ

आपका राशिफल

मेष चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,

काफी समय से जिन्दगी एक ही ढर्रे पर चल रही है,कुछ मजेदार भी नही हो रहा । अपनी नीरस जिंदगी में कुछ साहसिक गतिविधि शामिल करें । अपने पसंदीदा पर्यटन स्थल पर जा सकते हैं या कहीं भी बाहर घूम आयें । महत्वपूर्ण कामों को पूरा करने के लिए कुछ समय तक खुद को कुछ सामाजिक और निजी गतिविधियों से दूर कर लें ताकि एकाग्रता से काम कर पायें ।

वृष ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,

आज आप खुद को उलझन में फंसा हुआ महसूस करेंगे । अपना भला चाहने वाले लोगों से उन चीजों के बारे में भी खुलकर बात करें,जो आपको परेशान कर रही हैं । अनिश्चितता के बादल एक सप्ताह में छंट जायेंगे । किसी परिजन या अन्तरंग दोस्त का साथ मिलेगा । बोलते हुए सावधान रहें । किसी की आपके शब्दों से ग़लतफ़हमी हो सकती है । कार्यस्थल पर स्थायित्व बना रहेगा ।

मिथुन का, की, कू, घ, ड, झ, के, को, हा,

वित्तीय लाभ की सूचना से आपको और आपके परिजनों को ख़ुशी होगी । इससे ये भावना आएगी कि सब अच्छा हो रहा है । आप खुशमिजाज और आकर्षक हैं,नए लोगों से मिलें । इससे आपको नए अवसर मिलेंगे जो अंतत आपके लिए फायदे का सौदा साबित होंगे । आप परिवार या घर की बनावट में कोई बदलाव लाने के बारे में सोच सकते हैं ।

कर्क ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,

आप आज किसी अपराजेय शक्तिपुंज के समान महसूस करेंगे और किसी भी विरोध पर आसानी से विजय हासिल कर लेंगे । आज का दिन उस काम को करने का बहुत अच्छा दिन है जो आप काफी समय से करने की कोशिश कर रहे थे क्योंकि आज आपको कोई नही रोक सकता । आज का दिन अपने सबसे महत्वपूर्ण काम करें,सफलता आपके कदम चूमेगी ।

सिंह मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,

आपको अपने कामों को पूरा करने के लिए बहुत कम साधन उपलब्ध होंगें और इससे आपके काम में बाधा पहुचेगी । इससे परेशान न हों,आपको दिन के अंत तक अपनी पसंद का काम और साधन दोनों ही मिल जायेंगे ।आप प्रकृति से ही मेहनती हैं और आप जिम्मेदारियों के साथ साथ स्वतंत्रता का भी आनंद लेंगे । आप आसानी से इस समय की अपनी स्वास्थ्य सम्बन्धी स्थितियों का जायजा अपनी मानसिक दृष्टि से ले सकते हैं ।

कन्या टो, पा, पी, पू ,ष, ण, ट, पे ,पो,

अपने हाल फिलहाल इसलिए धन खोया क्यों की आपने अविवेकपूर्ण तरीके से जल्दी पैसे देने वाली मृगतृष्णाओ वाली परियोजनाओं में पैसे लगाया । इस तरह की और परियोजनाओं आपके समक्ष आएगी लेकिन आपको अपने विवेक का इस्तेमाल करना है अन्यथा आप वित्तीय परेशानी में फँस सकते है । आपको अपने निवेश के निर्णय चरणबध्द तरीके से लेने है ।

तुला रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,

कार्य क्षेत्र में आपका जीवन संतुलित रहेगा । आप अपने प्रभावशाली नरम कौशल के लिए जाने जायेंगे । आप को और अधिक ज्ञान पाने के लिए कई अवसर मिलेंगे तथा आप अन्य लोगों के साथ इस ज्ञान को साझा भी कर सकते हैं । लेकिन कुछ अप्रत्याशित परिस्थितियों में आपको भारी वित्तीय नुकसान हो सकता है ।

वृश्चिक लो,ना,नी, ने,नू, या, यी ,यू,

आज आतिथ्य / परोपकारी गतिविधियों में काम कर रहे लोगों के लिए एक विशेष दिन है। आज आपके विद्रोही भी आपके सामने झुकेंगे । सफलता आपके पास आयेगी। आप किसी भी दबाव में या जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें जिससे आपको कोई नुकसान हो ।अगर आप आय के अधिक स्रोतों को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है , तो आज आप भाग्यशाली हो सकते है ।

धनु ये, यो,य, मी, मू धा ,फा, ढा, मे

सामान्यत आप काफी स्पष्ट सोच रखते हैं ,लेकिन आज आप अपनी निजी समस्याओं और अपनी असुरक्षाओं से घिरे होने के कारण स्पष्ट नही सोच पायेंगे । इसलिए आज का दिन किसी नए काम को हाथ में लेने या नयी साझेदारी के लिए उपयुक्त नही है । आपके आज के फैसले गलत हो सकते हैं । इसीलिए भविष्य के कार्यक्रमों की योजना आज बनाना सही नही है ।

मकर मो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, ग, गी

आज का दिन घटनाओं से भरा रहेगा ,स्थितियां आपके सामने किसी पुरानी अवांच्छित बात को फिर से लाकर खड़ी कर सकती हैं,जिससे आप बचना चाहते थे । आपको इस समस्या से निपटने के लिए सहनशील नजरिये से सोचना होगा क्योंकि आज आप बिना पर्याप्त कारण अपने आप सहित हर किसी पर सख्त रहें हैं । इस टकराव से नए अवसरे भी आयेंगे ।

कुंभ गू, गे ,गो, सा, सि, सू, से, सो, द,

आप पिछले कुछ दिनों से कोई बड़ी योजना बना रहे हैं । वास्तव में आज आपको यह बात महसूस होगी कि आप क्या करने जा रहे हैं और इसका आप पर काफी प्रभाव पड़ेगा लेकिन अब आपके पास पीछे हटने का विकल्प मौजूद नही है । आपको इसी दिशा में विशवास से आगे बढना होगा और आपको जल्दी ही यह भी अहसास हो जाएगा की जितना आपने सोचा था ,यह काम इससे कहीं मुश्किल है।

मीन दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची

आप की भावना अदम्य है, इसलिए आप अपनी क्षमता को दुसरो को आगे बढ़ने में समर्पित करे और चीजों को व्यवस्थित एवं संगठित करे । इससे आप अपनी कठोर मेहनत के बल पर मान्यता और प्रतिष्ठा अर्जित करेंगे । आपके व्यय में वृद्धि हो सकती है , इसलिए अपने खर्चे और निवेश को कम करे ।जीवन में पार्टनर शिप में काम करने की योग्यता आपको अपने प्रोफेशनल जीवन में भी बहुत काम आने वाली है ।

पं. महेशचन्द्र शर्मा 9247132654, 8309517693

हिंदू मैतेई चाहते हैं एसटी दर्जा, भड़के ईसाई आदिवासी

23 हजार लोगों ने डरकर घर छोड़ा; मणिपुर हिंसा की असली कहानी

इंफाल, 7 मई (एक्सक्लूसिव डेस्क)। 5 मई को मणिपुर के चुरचांदपुर में सीआरपीएफ के एक कोबरा कमांडो चोनखोलेन की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वो छुट्टी पर अपने गांव में थे। इसी दिन इम्फाल में ड्यूटी पर तैनात टैक्स असिस्टेंट लेतमिनथांग को मार दिया गया। मारकाट का ये सिलसिला पिछले 3 दिनों से जारी है। अब तक 54 लोगों की मौत हो चुकी है और 100 से ज्यादा घायल हैं। 23 हजार से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया है।

मणिपुर में हिंसा के पीछे हिन्दू बनाम जनजाति का मुद्दा क्या है, कौन-से आरक्षण के चक्कर में आपस में मारकाट कर रहे मणिपुरी लोग, क्यों कुकी और नागा जनजातियां बीजेपी सरकार और सीएम से नाराज हैं? इसी की पडताल करती रिपोर्ट।

मणिपुर एक क्रिकेट स्टेडियम की तरह है। इसमें इम्फाल घाटी पिच की तरह बिल्कुल बीच में है। ये पूरे प्रदेश का 10% हिस्सा है, जिसमें प्रदेश की 57% आबादी रहती है। बाकी चारों तरफ 90% हिस्से में पहाड़ी इलाके हैं, जहां प्रदेश की 42% आबादी रहती है।

इम्फाल घाटी वाले इलाके में मैतेई समुदाय का दबदबा है। ये ज्यादातर हिंदू होते हैं। मणिपुर की कुल आबादी में इनकी हिस्सेदारी करीब 53% है। मणिपुर के कुल 60 विधायकों में से 40 विधायक मैतेई समुदाय से हैं। पहाड़ी इलाकों में 33 मान्यता प्राप्त जनजातियां रहती हैं, जिनमें मुख्य रूप से नागा और कुकी जनजाति हैं। ये दोनों जनजातियां मुख्य रूप से ईसाई हैं। मणिपुर के कुल 60 विधायकों में से 20 विधायक जनजातियों से हैं। मणिपुर में करीब 8% मुस्लिम और करीब 8% सनमही समुदाय के लोग हैं। घाटी और पहाड़ी के इस डिवाइड की वजह से मणिपुर में कई तरह की समस्याएं पैदा होती हैं।

भारतीय संविधान की धारा 371C के तहत मणिपुर की पहाड़ी जनजातियों को स्पेशल कॉन्स्टिट्यूशनल प्रिविलेज मिले हैं, जो मैतेई समुदाय को नहीं मिले। 'लैंड रिफॉर्म एक्ट' की वजह से मैतेई समुदाय पहाड़ी इलाकों में जमीन खरीदकर सेटल नहीं हो सकते। जबकि जनजातियों के पास पहाड़ी इलाके से घाटी में आकर बसने पर कोई रोक नहीं है। इससे दोनों समुदायों में खाई बढ़ती जा रही है।

अंदर ही अंदर सुलग रही थी आग

मणिपुर के चुरचांदपुर में 3 मई को भड़की हिंसा की आग पिछले कई महीनों से सुलग रही थी। मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह की सरकार का कहना है कि आदिवासी समुदाय के लोग संरक्षित जंगलों और वन अभयारण्य में गैरकानूनी कब्जा करके अफीम की खेती कर रहे हैं। ये कब्जे हटाने के लिए सरकार मणिपुर फॉरेस्ट रूल 2021 के तहत फॉरेस्ट लैंड पर किसी तरह के अतिक्रमण को हटाने के लिए एक ड्राइव चला रही है। आदिवासियों का कहना है कि ये उनकी पैतृक जमीन है। उन्होंने अतिक्रमण नहीं किया, बल्कि सालों से वहां रहते आ रहे हैं। सरकार की इस ड्राइव को आदिवासियों ने अपनी पैतृक जमीन से हटाने की तरह पेश किया। जिससे आक्रोश फैला।

विरोध करने पर राज्य सरकार ने इन इलाकों में धारा 144 लगाकर प्रदर्शन करने पर पाबंदी लगा दी। नतीजा यह हुआ कि कुकी समुदाय सबसे बड़े जनजातीय संगठन ने कुकी इनपी ने सरकार के खिलाफ बड़ी रैली निकालने का ऐलान कर दिया। इस रैली के दौरान कांगपोकपी नाम की जगह पुलिस और रैली में शामिल भीड़ के बीच टकराव हुआ। इसमें पांच प्रदर्शनकारियों समेत पांच पुलिसवाले भी घायल हो गए।

इस बीच एक और बड़ा घटनाक्रम हुआ। दरअसल, कुकी जनजाति के कई संगठन 2005 तक सैन्य विद्रोह शामिल रहे हैं। मनमोहन सिंह सरकार के समय, 2008 में तकरीबन सभी कुकी विद्रोही संगठनों से केंद्र सरकार ने उनके खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन यानी SoS एग्रीमेंट किया। इसका मकसद राजनीतिक बातचीत को बढ़ावा देना था। तब समय-समय पर इस समझौते का कार्यकाल बढ़ाया जाता रहा। लेकिन इसी साल 10 मार्च को मणिपुर सरकार कुकी समुदाय के दो संगठनों के लिए इस समझौते से पीछे हट गई। ये संगठन हैं जोमी रेवुलुशनरी आर्मी और कुकी नेशनल आर्मी । ये दोनों संगठन हथियारबंद हैं।

हिंसा की चिंगारी कैसे भड़की

मैतेई ट्राइब यूनियन पिछले एक दशक से मैतेई को आदिवासी दर्जा देने की मांग कर रही है। इसी सिलसिले में उन्होंने मणिपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई करते हुए मणिपुर हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से 19 अप्रैल को 10 साल पुरानी केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय की सिफारिश प्रस्तुत करने के लिए कहा था। इस सिफारिश में मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने के लिए कहा गया है। इससे आदिवासी भड़क गए।

तनाव की शुरुआत चुराचंदपुर जिले से हुई, जो राजधानी इम्फाल के दक्षिण में करीब 63 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस जिले में कुकी आदिवासी ज्यादा हैं। गवर्नमेंट लैंड सर्वे के विरोध में 28 अप्रैल को द इंडिजेनस ट्राइबल लीडर्स फोरम ने चुराचंदपुर में 8 घंटे बंद का ऐलान किया था। इसकी वजह से मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को अपना पहले से प्रस्तावित कार्यक्रम रद्द करना पड़ा।

28 अप्रैल को देर रात तक पुलिस और प्रदर्शनकारियों में झड़प होती रही। उसी रात तुइबोंग एरिया में उपद्रवियों ने फॉरेस्ट रेंज ऑफिस को आग के हवाले कर दिया। 27-28 अप्रैल की हिंसा में मुख्य तौर पर पुलिस और कुकी आदिवासी आमने सामने थे।

3 मई को ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ मणिपुर ने 'आदिवासी एकता मार्च' निकाला। ये मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा देने के विरोध में था। स्थिति बिगड़ गई और इसने जातीय संघर्ष का रूप ले लिया। एक तरफ मेतेईसमुदाय के लोग तो दूसरी तरफ कुकी और नागा समुदाय के लोग। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक इस हिंसा में अब तक 54 लोगों की मौत हो चुकी है।

मणिपुर की कानून व्यवस्था को केंद्र ने अपने हाथों में लिया

हिंसा भड़कने के बाद केंद्र सरकार ने भाजपा की चुनी हुई सरकार से कानून व्यवस्था को अपने हाथ में ले लिया। ये कितनी बड़ी बात है, इसका अंदाज एक उदाहरण से लगाते हैं। सोचिए कभी पश्चिम बंगाल में दंगे हो जाएं और केंद्र सरकार अनुच्छेद 355 का इस्तेमाल करके राज्य में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी खुद ले ले। ऐसी हालात में पुलिस और प्रशासन की कमान केंद्र सरकार के हाथों में आ जाएगी। सोचिए कभी ऐसा हो जाए तो ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस कैसे रिएक्ट करेंगे?

यह अनुच्छेद किसी भी राज्य में अनुच्छेद 356 लगाने का आधार भी माना जाता है। 355 यानी राज्य की कानून व्यवस्था फेल हुई और केंद्र ने इसे अपने हाथों में ले लिया। वहीं 356 यानी राज्य सरकार को बर्खास्त करना। हालांकि केंद्र ने अभी राज्य सरकार को बर्खास्त नहीं किया है और फिलहाल इसकी उम्मीद भी नहीं है।

छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर पुलिस नक्सली मुठभेड़

2 माओवादी ढेर, एक का शव और हथियार भी बरामद, सर्चिंग जारी

जगदलपुर, 7 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़-तेलंगाना राज्य की सीमा पर रविवार की सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में जवानों ने 2 माओवादियों को ढेर कर दिया है। बताया जा रहा है कि, मारे गए एक माओवादी का शव बरामद कर लिया गया है। साथ ही घटनास्थल से एक हथियार भी बरामद किया गया है। मारे गए नक्सली की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। फिलहाल जवान मौके पर ही मौजूद हैं। इलाके की सर्चिंग की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले से लगे तेलंगाना के कोत्तागुड़म जिले के चेरला के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है।

जवानों को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सुकमा और चेरला के बीच जंगल में भारी संख्या में हथियारबंद हार्डकोर नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर तेलंगाना की ग्रेहाउंड फोर्स को इलाके की सर्चिंग के लिए निकाला गया था। इसी दौरान जब रविवार की सुबह जवान मौके पर पहुंचे तो माओवादियों ने उन्हें देख फायर खोल दिया।

जवानों ने भी मोर्चा संभाला और नक्सलियों की गोलियों का मुंहतोड़ जवाब दिया। दोनों तरफ से ताबड़तोड़ गोलीबारी हुई। इस गोलीबारी में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया है। बताया जा रहा है कि फिलहाल मुठभेड़ रुक गई है।

इलाके की सर्चिंग की जा रही है। मौके पर कई जगह पर खून के धब्बे भी मिले हैं। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि, इस मुठभेड़ में कई नक्सली घायल भी हुए हैं। फिलहाल इस मामले की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है।

एजाज ढेबर बोले- हमारे खिलाफ आरएडब्ल्यू बुला लो

महापौर को 9 घंटे ईडी की टीम ने बैठाए रखा, बाहर बज रहा था गाना...घर कब आओगे

रायपुर, 7 मई (एजेंसियां)। रायपुर के महापौर एजाज ढेबर को शनिवार को ईडी ने पूछताछ के बुलाया था। सुबह 11 बजे वो पहुंच गए थे। करीब 9 घंटे अफसरों ने उन्हें ईडी दफ्तर में बैठाए रखा। बाहर समर्थकों ने पंडाल लगाकर धरना दे दिया। ईडी दफ्तर के सामने पचपेड़ी नाका को जाने वाली सड़क के एक हिस्से को जाम कर दिया गया।

शनिवार को ईडी ने महापौर के भाई और कारोबारी अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया अदालत ने 4 दिन की रिमांड दे दी। जब देर रात महापौर बाहर आए तो उन्होंने बड़ा बयान दिया।

महापौर एजाज ढेबर ने कहा हमने कुछ गलत नहीं किया, इसलिए हम डरेंगे नहीं। यहां कांग्रेस मजबूत है इसलिए ये सब हो रहा है। ईडी क्या अभी तो और एजेंसियां आएंगी सीबीआई हो या कोई और। हम मेंटली प्रिपेयर हैं। हमारे खिलाफ रॉ को भी बुलवा लें, हम नहीं डरेंगे। जो गलत किया होगा वो डरेगा। हम इन सबका मजबूती से सामना करेंगे, कांग्रेस का कार्यकर्ता नहीं डरेगा।

क्या हुआ अंदर

सुबह से रात तक महापौर एजाज ढेबर को ED वालों ने बैठाए रखा। शनिवार से पहले मंगलवार को भी लगभग 12 घंटे इसी तरह महापौर एजाज ढेबर को ED दफ्तर में रखा गया। आखिर अंदर होता क्या है पूछे जाने पर महापौर ने कहा कि वहां अधिकारी बहुत समय लेते हैं, हमें बैठने को कह दिया जाता है। किस संबंध में पूछताछ करेंगे ये हमें भी नहीं पता, हमारा अपराध क्या है।

एजाज ढेबर ने कहा कि वो जिस तरह की जांच करना चाहते हैं मैं सहयोग करने को तैयार हूं। मगर 8-9 घंटे बैठाकर वक्त बर्बाद होता है। ऐसा ही हुआ अंदर नाम बताओ, पिता का नाम बताओ इस तरह की बातें करते हैं। मैं शहर का महापौर हूं, नगर निगम इमरजेंसी सेवा के तहत आती है, इतनी देर मुझे बेवजह बैठाए रखा जाएगा तो शहर के काम कैसे होंगे। फिर से मुझे आने को कहा गया है।

बाहर बजा गाना घर कब आओगे

एजाज ढेबर को जैसे ही पूछताछ के लिए बुलाया गया, सुबह से ही उनके समर्थकों ने धरना दे दिया। नारेबाजी करने लगे। सड़क पर पंडाल लगाकर बैठ गए थे। यहां डीजे मंगवाया गया, इसका मुंह ईडी कार्यालय की ओर किया गया। जब कई घंटों से महापौर ढेबर अंदर थे और कारोबारी अनवर को भी यहां लाया गया तो डीजे पर गाना बज रहा था के घर कब आओगे... समर्थक महापौर के लिए नारे लगा रहे थे।

जब ईडी की गाड़ी रोकी प्रदर्शनकारियों ने

कोर्ट में पेशी के बाद कारोबारी अनवर ढेबर को लेकर ईडी की टीम पचपेड़ी नाका स्थित दफ्तर पहुंची। यहां पहले से ही महापौर के समर्थक मौजूद थे। सभी ने ईडी की गाड़ी को सड़क पर रोककर नारेबाजी शुरू कर दी। बड़ी तादाद में पुलिस मौके पर मौजूद थी, मगर प्रदर्शनकारियों को ऐसा करने से पुलिस रोक न सकी। समर्थकों को बड़ी मुश्किल से हटाकर ईडी अनवर को दफ्तर लेकर आई, अब यहीं 4 दिन अनवर से पूछताछ के बाद फिर से उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। अनवर पर शराब कारोबार में अवैध वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है।

ईडी ऑफिस लाए गए आइएएस छवि रंजन

रिमांड में लिए जाने के बाद अब शुरू हुई पूछताछ, छह दिनों तक देंगे सवालों के जवाब

रांची, 7 मई (एजेंसियां)। ईडी के द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद आज आइएएस छवि रंजन को प्रवर्तन निदेशालय के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में लाया गया। ईडी ने उन्हें हिरासत में लेते हुए शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अदालत में हाजिर किया था। जिसके बाद पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें छह दिनों की हिरासत में भेज दिया। शनिवार को उन्हें बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में रखा गया। आज ईडी उनसे पूछताछ कर रही है। दरअसल आइएएस छवि रंजन पर गलत तरीके से आर्मी की जमीन बेचने में सहयोग करने का आरोप है। ईडी की ओर से गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्हें शनिवार की देर शाम निलंबित भी कर दिया गया है। कार्मिक विभाग की ओर से इस बाबत आदेश भी जारी कर दिया गया है।

छह दिनों तक होगी पूछताछ

हिरासत में लिए जाने के पहले भी ईडी आइएएस छवि रंजन से पूछताछ कर चुकी है। यह पूछताछ सेना के कब्जे वाली भूमि और अन्य विवादित जमीनों की खरीद-बिक्री में भ्रष्टाचार करने के आरोप से जुड़ा हुआ है। बता दें कि अदालत में पेश करते हुए ईडी ने कोर्ट से 10 दिनों की रिमांड मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने छह दिनों की रिमांड ही ग्रांट की। ईडी शनिवार तक आइएएस छवि रंजन से सवाल-जवाब करेगी। इन दिनों में अवैध जमीन बिक्री, गलत कागजात प्रोड्यूश करने, लोगों की संलिप्तता से संबंधित सवाल ईडी कर सकती है।

वैभव मणि ने सौंपे कागजात

इससे पहले रांची के सब रजिस्ट्रार वैभव मणि से पूछताछ की गयी। पूछताछ के दौरान वैभव मणि ने रांची में सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन व चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन से संबंधित मामले में रजिस्ट्री से संबंधित कागजात भी ईडी को सौंपा है। वैभव मणि त्रिपाठी ने ईडी को बता दिया है कि उन्होंने किस परिस्थिति में और किसके कहने पर रजिस्ट्री की। ईडी को पूछताछ में वैभव मणि से कुछ अन्य जमीन के बारे में भी जानकारी मिली है, जिसपर आगे का अनुसंधान शुरू हो गया है।

सात आरोपी भेजे जा चुके हैं जेल

इसी मामले में 13 अप्रैल को छापेमारी की गयी। जिसके बाद सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनसे लगभग 12 दिन पूछताछ की गयी। उसके बाद बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन का फर्जी विक्रेता प्रदीप बागची सहित कुल सात आरोपितों को जेल भेज दिया है। इन पर सेना की जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ करने, फर्जीवाड़ा करने व फर्जी दस्तावेज के आधार पर होल्डिंग नंबर लेने, फर्जी कब्जा दिखाकर जमीन बेचने आदि के आरोपों की पुष्टि हो चुकी है।

बिलासपुर में गैंगवार : मैडी गैंग ने वसीम गैंग के युवक को दौड़ा-दौड़ाकर मारा

बाइक की चेन रिंग को स्टिक पर लगाकर बनाया हथियार

रायपुर, 7 मई (एजेंसियां)। बिलासपुर में गैंगवार की एक बड़ी वारदात हुई है। पुराने बदमाश मेडी और वसीम खान के गैंग के बीच जानलेवा हमला हुआ है। पुलिस के डर से बेखौफ बदमाशों ने हथियारों से लैस होकर एक युवक पर हमला किया। उसे जान से मारने की कोशिश भी की गई। लेकिन वो बच गया। यह पूरी वारदात घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। अब घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों की तलाश की जा रही है।

वारदात शनिवार रात करीब 1:30 बजे के आसपास हैवंस पार्क इलाके में हुई है। तारबहार थाने की पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। हमलावरों की पहचान भी कर ली गई है। सभी बिलासपुर शहर के पुराने बदमाश हैं। हमला भास्कर वर्मा नाम के युवक पर किया गया। बुरी तरह से घायल वर्मा का हाथ फ्रैक्चर है। भास्कर वर्मा की हत्या की प्लानिंग पहले से थी। हमले के वक्त भास्कर वर्मा के साथ मौजूद उसके दोस्त नवीन गोस्वामी ने पुलिस को बताया कि रात करीब 10:00 बजे के आसपास भास्कर ने नवीन को फोन कर उसे लेने आने को कहा। भास्कर की गाड़ी खराब हो गई थी । हमलावर पहले ही भास्कर वर्मा का पीछा कर रहे थे। नवीन अपनी मोपेड से हेवंस पार्क गली के सामने भास्कर को लेने आया तभी अचानक 2 कार और 3 बाइक पर सवार 10-15 लोग अचानक पहुंच गए।

हमलावरों में बिलासपुर का हिस्ट्रीशीटर रितेश निखारे उर्फ मेडी, सिद्धार्थ शर्मा उर्फ छोटू साबिर उर्फ रानू खान, गोलू विदेशी, आदित्य प्रकाश दुबे, सोनू खान प्रिंस शर्मा काव्य गढ़वाल और अन्य हमलावर शामिल थे। इन सभी ने भास्कर वर्मा को गालियां देनी शुरू कर दी और उसे पीटने लगे। जान बचाने के लिए भास्कर इधर-उधर भागा, इसके बाद हमलावरों ने अपने साथ लाए अजीबोगरीब हथियार से उसे घेरकर हमला करना शुरू कर दिया।

हमलावरों ने गली को दोनों तरफ से घेर लिया और भास्कर वर्मा को दौड़ा-दौड़ा कर मारने लगे। मेडी ग्रुप के सदस्य अपने साथ एक खास हथियार लेकर आए थे। जो लोहे की राड पर बाइक की चेन रिंग को काटकर बनाया गया था। फरसे की तरह दिखने वाला नुकीला हथियार लगातार भास्कर वर्मा पर मारा जा रहा था। बिलासपुर की एक वेल्डिंग शॉप पर इस हमले के लिए हथियार तैयार किए गए और वीडियो फुटेज देखने से यह भी स्पष्ट है कि इन बदमाशों में पुलिस को लेकर कोई खौफ नहीं है। मेडी और उसके साथी भास्कर वर्मा को मारते हुए कह रहे थे कि आज तो तुझे जान से मार देंगे और लगातार उस पर 20 से 30 बार नुकीली राड से वार किया। जब भास्कर का खून सड़क पर बहने लगा और वह अधमरा सड़क पर गिर गया तब बदमाश यह कहकर भागे कि भास्कर मर गया है चलो भागो। इसके बाद वहां मौजूद भास्कर के दोस्त ने अन्य साथियों को फोन किया और भास्कर को अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है।

रितेश निखारे बिलासपुर का पुराना बदमाश है । मेडी के नाम से मशहूर रितेश पर कई केस भी दर्ज हैं । फरवरी 2022 में इसके गैंग के एक नाबालिग युवक की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से ही नितेश और अकबर खान के गैंग के बीच लगातार विवाद चल रहा है। इन गुटों के बीच रेलवे के ठेके को लेकर भी विवाद है जिसकी वजह से आए दिन इनके बीच मारपीट होती है और अब इस तरह से जानलेवा हमले की घटना सामने आई है।

रितेश निखारे उर्फ मेडी और अकबर खान नाम के बदमाश कई मामलों में संलिप्त हैं। अक्सर इन्हें कांग्रेस नेताओं के साथ ही देखा जाता है। फरवरी में हुए हत्याकांड का आरोपी वसीम खान भी कांग्रेस नेताओं के साथ ताल्लुक रखता है।

गिरफ्तार हुए कुछ बदमाश

पुलिस की सर्चिंग जारी है बदमाशों को पकड़ने के लिए। फिलहाल कुछ युवकों को पकड़ा गया है। इनमें काव्य गढ़ेवाल, सिद्धार्थ शर्मा राजेंद्र नगर सिविल लाइन,प्रिंस शर्मा कंस्ट्रक्शन कॉलोनी तारबाहर, और आयुष मराठा शामिल हैं जो कुदुदंड इलाके का रहने वाला है।

ड्रग कारोबारियों के खिलाफ चलेगा अभियान

रांची पुलिस ने करायी रेकी-वीडियोग्राफी, शिक्षण संस्थानों के आसपास लगे ठेला और गुमटी में मिल रहा नशीला पदार्थ

रांची, 7 मई (एजेंसियां)। रांची के शैक्षणिक संस्थानों के आसपास ठेला-गुमटी लगाकर नशीला पदार्थ बेचने वालों की अब खैर नहीं । रांची पुलिस ने ऐसे लोगों को चिन्हित कर लिया है जो स्कूल-कॉलेज के बच्चों को ड्रग्स बेचने का काम करते हैं। रांची पुलिस ऐसे चिन्हित लोगों के खिलाफ अभियान चला कर उनपर नकेल कसेगी। इसके लिए रांची सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बैठक की। इसमें 50 से अधिक शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य, शिक्षक एवं प्रतिनिधि शामिल हुए। सिटी एवं हटिया डीएसपी के अलावा शहरी इलाकों के सभी थाना प्रभारी भी इसमें मौजूद रहे। जहां उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों से भी सहयोग की अपील की।

रांची सिटी एसपी शुभांशु जैन के मुताबिक पुलिस बस यूं ही अभियान चलाने का फैसला नहीं लिया है। इसके लिए पूरी तैयारी की गयी है। पूरी पड़ताल की गयी है। पुलिस को लगातार यह शिकायत मिल रही थी कि शिक्षण संस्थानों के आसपास ड्रग्स जैसे नशीली पदार्थों को बेचा जा रहा है। इसके बाद पुष्टि के लिए पुलिस की एक टीम बनायी गयी। इस टीम ने विभिन्न शिक्षण संस्थान के आसपास जांच की। रेकी करायी गयी। इसके अलावा वीडियोग्राफी भी कराई गई। इसके बाद टीम आश्वस्त हुई कि वाकई में शहर में नशे का करोबार बढ़ रहा है।

इस रेकी और वीडियोग्राफी में यह बात सामने आई कि नियम के विरुद्ध शिक्षण संस्थानों के आसपास लगे ठेला और गुमटी में सिगरेट, गुटखा और अन्य नशीले पद्धार्थों की चोरी-छिपे बिक्री होती है। इसके खरीदार भी बड़ी संख्या में समीप के स्कूल-कॉलेज के छात्र ही होते हैं। वे प्रतिष्ठान के आसपास में ही छिपकर उसका सेवन भी करते हैं। कई नाबालिग व युवा छात्र नशे की लत के शिकार हैं। नशे की पूर्ति करने के लिए ये गंभीर घटनाओं को भी अंजाम दे रहे हैं।

पुलिस ने अपनी बैठक में शिक्षक संस्थानों के प्रमुख से यह अपील की है कि वे अपने यहां पढ़ने वाले स्टूडेंट्स पर नजर रखें। सिटी एसपी ने कहा कि वैसे बच्चों पर कड़ी नजर रखा जाए जो नियमित रूप से स्कूल नहीं आते हैं। या वैसे बच्चों पर भी नजर रखें तो हाल के दिनों में शरीर से कमजोर दिख रहे हों। उन्होंने कहा कि यह संभव है और पाया गया है कि क्लास से भागने वाले बच्चे घर से स्कूल जाने के लिए निकलते तो हैं, लेकिन ड्रग्स का सेवन करने के लिए तस्करों के अड्डे या फिर उनके अन्य ठिकाने तक घूमते-फिरते रहते हैं। ऐसे बच्चों की काउंसिलिंग जरूरी है, वहीं अभिभावकों के साथ भी ऐसे मसले पर बैठक जरूरी है।

टेक्सास में शॉपिंग मॉल में गोलीबारी

कम से कम नौ की मौत, पुलिस ने हमलावर को मार गिराया

वॉशिंगटन, 7 मई (एजेंसियां)। अमेरिका में गोलीबारी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। ताजा घटना टेक्सास की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, टेक्सास में एक शॉपिंग मॉल में गोलीबारी हुई है, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और बच्चों समेत कई लोग घायल भी हुए हैं। अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि टेक्सास के एलेन में एलेन प्रीमियम आउटलेट्स मॉल में संदिग्ध हमलावर ने गोलीबारी की। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संदिग्ध शूटर को मार गिराया। एलेन पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा कि टेक्सास में एलेन प्रीमियम आउटलेट्स मॉल में एक बंदूकधारी की गोलीबारी में कम से कम नौ लोग मारे गए। वहीं सात लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिसमें तीन की हालत गंभीर है। ट्विटर पर जारी बयान में कहा गया है कि मॉल में अब कोई खतरा नहीं है। एलेन पुलिस विभाग के अनुसार, अधिकारियों ने बंदूकधारी को मार गिराया है। एलेन पुलिस विभाग ने कहा कि कई सुरक्षा एजेंसियों की तत्वरित कार्रवाई ने बड़े खतरे को रोकने में मदद की। अब कोई खतरा नहीं है। कॉलिन काउंटी के प्रमुख अधिकारी (शेरिफ) के कार्यालय ने गोलीबारी की घटना में सात लोगों के घायल होने की आशंका जताई है। एलेन पुलिस विभाग ने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लोगों से क्षेत्र में जाने से बचने की सलाह दी है। शेरिफ कार्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि मॉल में कुछ पीड़ित हैं। हालांकि, प्रवक्ता ने कहा कि फिलहाल उनकी स्थिति की जानकारी नहीं हैं। अमेरिकी सांसद कीथ सेल्फ ने कहा कि पुलिस ने मौके पर स्थिति को काबू कर लिया है। उन्होंने आगे कहा कि एक शूटर मार गिराया है और रिपोर्ट के अनुसार कई हताहत हैं। एक ट्वीट में, कीथ सेल्फ ने कहा कि आज एलेन प्रीमियम आउटलेट्स में हुई गोलीबारी की दुखद खबर से हम परेशान हो गए हैं। हमारी प्रार्थना पीड़ितों और उनके परिवारों प्रति संवेदना है। उन्होंने आगे कहा कि यह एक विकट परिस्थिति है, लेकिन घटनास्थल पर स्थिति नियंत्रण है। एक शूटर समेत और कई लोग हताहत हुए हैं। पुलिस अधिकारी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। क्षेत्र की जनता को घरों में रहने के लिए कहा गया है।

जंगल में रस्सियों से बंधा मिला शख्स, पुलिस ने पूछा तो बताई हैरान कर देने वाली बात

बर्लिन, 7 मई (एजेंसियां)। जर्मन पुलिस का कहना है कि एक 51 वर्षीय व्यक्ति जंगल में बंधा हुआ पाया गया। एक साइकिल चालक और एक शिकारी ने मदद के लिए उसकी चीखें सुनीं। आदमी पूरी तरह से कपड़ा पहना हुआ था और रस्सियों से बंधा हुआ था। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि व्यक्ति और महिला दोनों की मुलाकात आनलाइन हुई थे। दोनों के बीच बातचीत होने के बाद वे जंगल में गए, जहां महिला ने व्यक्ति के हाथों को बांध दिया। महिला एक गेम खेलना चाहती थी, लेकिन इसी बीच उसे एक फोन आया और वह व्यक्ति को छोड़कर अचानक जंगल से भाग गई। पुलिस ने कहा, 51 वर्षीय पुरुष ने अधिकारियों से कहा कि 'ऐसी स्थितियों के लिए' उसके पास एक बॉक्स कटर था, लेकिन वह वहां तक पहुंचने में असमर्थ था।

कैटरपिलर फंगस लेने के लिए पहाड़ों पर पहुंचे थे लोग, हिमस्खलन से 3 की मौत और 9 घायल



काठमांडू, 7 मई (एजेंसियां)। नेपाल के करनाली प्रांत में हिमस्खलन में कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई और 9 अन्य घायल हो गए। काठमांडू पोस्ट ने बताया कि यह घटना प्रांत के मुगु जिले के चियारखू पास में सुबह हुई। अधिकारियों ने कहा कि जिले में पतरासी नगरपालिका के 14 लोग यारशागुम्बा (कैटरपिलर फंगस) लेने के लिए चियारखू गए थे। उनमें से 3 की मौत हो गई और 9 अन्य लोग हिमस्खलन में घायल हो गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि घटना में अब तक कुल 3 लोगों की मौत हो चुकी है और 9 अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस कर्मियों की एक टीम घटना स्थल पर पहुंची है। सैकड़ों लोगों ने पहले भी कैटरपिलर कवक को इकट्ठा करने के लिए मुगु जिले के ऊंचे इलाकों की यात्रा की है। हालांकि स्थानीय अधिकारियों ने 18 मई से पहले साइट पर कवक को इकट्ठा करने वाले लोगों को जाने कीअनुमति नहीं दी है। मिली जानकारी के अनुसार, हिमस्खलन में मरने वाले 3 व्यक्ति अनौपचारिक मार्गों का उपयोग करके पहाड़ी इलाकों (स्थानीय रूप से पाटन के रूप में जाना जाता है) में गए थे।

'पूरी दुनिया में हो रही पाक की बेइज्जती'

भारत दौरे पर घिरे बिलावल तो इमरान खान ने कही बडी बात

इस्लामाबाद, 7 मई (एजेंसियां)। शंघाई सहयोग सम्मेलन में विदेश मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद के मुद्दे पर घिरने के बाद बिलावल भुट्टो को अब पाकिस्तान की विपक्षी पार्टी ने भी नहीं बख्शा है। खासकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान ने तो बिलावल के इस दौरे को पाकिस्तान की बेइज्जती कराने से जोड़ दिया है। इतना ही नहीं, उन्होंने बिलावल के इन दौरों में आ रहे खर्च और आर्थिक संकट को लेकर भी पाकिस्तान की सरकार पर निशाना साधा है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत में एससीओ बैठक के दौरान कहा था कि लोगों की सामूहिक सुरक्षा हमारी संयुक्त जिम्मेदारी है। आतंकवाद वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। हमें आतंकवाद को कूटनीतिक हथियार बनाकर राजनयिक तौर पर एक-दूसरे को घेरने से बचना चाहिए। हालांकि, उनके इस बयान पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनकी क्लास लगा दी थी। जयशंकर ने कहा कि बिलावल का बयान काफी दिलचस्प है, क्योंकि इससे उन्होंने गलती से अपनी मानसिकता का खुलासा कर दिया है। किसी चीज को हथियार कब और कैसे बनाया जा सकता है? तभी जब कोई इस कार्य को एकदम वैध मान कर इसे कर रहा हो। आज कोई कह रहा है कि आप आतंकवाद को हथियार बना रहे हैं, तो साफ है कि उन्हें लगता है कि आतंकवाद वैध है और उसे हथियार नहीं बनाना चाहिए। पाकिस्तान के विदेश मंत्री का इस तरह से भारत में मजाक बनने पर इमरान खान ने उन पर तंज कसा। लाहौर में सुप्रीम कोर्ट और चीफ जस्टिस उमर बंदियाल के समर्थन में पीटीआई की एक रैली संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, पाकिस्तान की पूरी दुनिया में बेइज्जती हो रही है। हम बिलावल से पूछते हैं कि अगर आप पूरी दुनिया का दौरा कर रहे हैं तो हमें भी तो बताइए। इमरान ने पूछा कि आखिर बिलावल को भारत दौरे से क्या फायदा मिला? उन्होंने इस दौरे पर हुए खर्च पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या आप किसी दौरे पर जाने से पहले पूछते हैं कि आप किस पर यह पैसे खर्च कर रहे हैं। इससे क्या फायदा या नुकसान होगा?

मिस यूनिवर्स फाइनलिस्ट की 23 साल की उम्र में मौत जीवन पर पड़ा भारी घुड़सवारी

न्यूयॉर्क, 7 मई (एजेंसियां)। मिस यूनिवर्स फाइनलिस्ट सिएना वीर की 23 साल की उम्र में मौत की दुखद खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया है. घुड़सवारी दुर्घटना के बाद वे हफ्तों से लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर चल रही थीं. सिएना को लाइफ सपोर्ट सिस्टम से हटाने का फैसला उनके परिवार ने लिया और उनके निधन की जानकारी शेयर की. मॉडल को पिछले महीने घोड़े की सवारी करते समय घातक दुर्घटना का सामना करना पड़ा था न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक 2022 की मिस यूनिवर्स फाइनलिस्ट और ऑस्ट्रेलियाई फैशन मॉडल सिएना वीर की 23 साल की उम्र में एक दुखद घुड़सवारी दुर्घटना के बाद मृत्यु हो गई. मॉडल को पिछले महीने अपने मूल ऑस्ट्रेलिया में घोड़े की सवारी करते समय एक घातक दुर्घटना का सामना करना पड़ा था. सिएना वीर 2 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया के विंडसर पोलो ग्राउंड्स में घुड़सवारी कर रही थीं.

एस-400 के बाद क्या भारत को तेल की सप्लाई भी रोक देगा रूस

क्यों विशेषज्ञों को सता रहा है यह डर?



मॉस्को, 7 मई (एजेंसियां)। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गोवा में आयोजित शंघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन के एक सम्मेलन में बड़ा बयान दिया। सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में लावरोव के तेवर काफी तीखे थे। लावरोव ने कहा कि रूस के साथ रिश्ते बरकरार रखने में भारत विकल्पों का मजा भी उठा चाहता है और उस दिशा में कुछ करने का भी इच्छुक नहीं है। भारत को यूक्रेन युद्ध की शुरुआत से ही रूस से सस्ती दरों पर तेल खरीद रहा है। लेकिन लावरोव के बयान के बाद विशेषज्ञ मान रहे हैं कि भारत और रूस के रिश्ते इस समय निचले स्तर पर पहुंच चुके हैं। हो सकता है कि आने वाले दिनों में रूस तेल की सप्लाई बंद कर दे।

रुपया या रुबल, मामला अटका, मुसीबत बढ़ी

सैन्य विशेषज्ञ और भारतीय वायुसेना से रिटायर वेटरेन पायलट विजेंद्र के ठाकुर ने यूरेशियन टाइम्स में लिखा है कि रूस से एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की सप्लाई ठप पड़ी है। ऐसे में आगे क्या होगा कोई कुछ नहीं कह सकता है। भारत पिछले एक साल से घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से आने वाली ऑयल सप्लाई पर निर्भर है। लावरोव ने कहा कि भारतीय बैंकों में कई अरब रुपये पड़े हैं जिन पर रूस का अधिकार है। रूस इस पैसे का प्रयोग करना चाहता है और उसके लिए रुपये को दूसरी मुद्रा में बदलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि फिलहाल इस पर वार्ता जारी है। फरवरी 2022 से जारी यूक्रेन युद्ध के बाद से ही भारत को रूस से तेल की सप्लाई जारी है। एक साल से यह मसला अटका है व्यापार रुपये में किया जाए या फिर रूबल में।

रूस से आयात ज्यादा, निर्यात कम

समस्या यह है कि रूस से भारत का आयात इसके निर्यात से कहीं अधिक है। नतीजतन, भारतीय बैंकों में रूसी बैंक वोस्ट्रो खातों में भारतीय रुपये का भुगतान रूस के लिए किसी काम का नहीं है। भारत के पास सिर्फ यही विकल्प बचता है कि वह रूस के साथ निर्यात बढ़ाए। दुर्भाग्य से, भारतीय वस्तुओं की गुणवत्ता में कमी के कारण भारतीय निर्यात गंभीर रूप से बाधित है। साथ ही, रूस एक संसाधन संपन्न देश है, इसलिए भारत के पास रूस को वस्तुओं का निर्यात करने का विकल्प नहीं है। विजेंद्र ठाकुर की मानें तो भारत अरबों रुपये का भुगतान रूस को चीनी युआन जैसी मुद्रा में परिवर्तित करके कर सकता है। लेकिन यहां भी पेंच है कि रुपये को चीनी युआन में बदलने में काफी लागत आएगी। भारत के साथ चीन का विशाल व्यापार अधिशेष रुपये को युआन के मुकाबले विशेष रूप से कमजोर बनाता है।

कहीं ठप न हो जाए तेल की सप्लाई भी

रूस के साथ भारत के गहरे रक्षा संबंध, जो दशकों से भारत को अच्छी स्थिति में खड़ा कर रहे हैं, कुछ वर्षों से अमेरिकी कानून काटसा प्रतिबंधों की वजह से खतरे में पड़ गए हैं। रूस के साथ रुपये में व्यापार का निलंबन भारत की रक्षा क्षमता को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा। व्यापार रुपये में हो या रूबल में इस सवाल की वजह से ही पहले ही रूस ने भारत को अतिरिक्त दो एस-400 रेजीमेंट की आपूर्ति रोक दी है। हालांकि ऑयल सप्लाई के सामने यह मसला नहीं है क्योंकि उसके पास तेल का रिजर्व भंडार है। लेकिन वह एस-400 की आपूर्ति जारी नहीं रख सकता था क्योंकि उसके पास इस मिसाइल डिफेंस सिस्टम की कोई रिजर्व रेजीमेंट नहीं है। इस मसले का हल कैसे निकलेगा सबकी नजरें इस पर ही टिकी हैं।

अल्बर्टा के जंगलों में भयंकर आग, 24000 लोगों का हुआ रेस्क्यू; इमरजेंसी का ऐलान

अल्बर्टा, 7 मई (एजेंसियां)। कनाडा के अल्बर्टा प्रांत स्थित जंगलों में भयंकर आग लगी है. हजारों लोगों को बेघर होना पड़ा है. यूनाइटेड कंजरवेटिव पार्टी चीफ डेनिएल स्मिथ ने इमरजेंसी का ऐलान किया है. आग बेकाबू रफ्तार से जंगलों को अपनी जद में ले रही है. शाम तक 24 हजार से अधिक लोगों का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों में भेजा गया है. आग के कारण यहां का तापमान भी बढ़ गया है. लोगों को जलन महसूस हो रही है. यहां पर तेल की पाइपलाइन भी हैं. जिसको लेकर टेंशन हो रही है. हालांकि सुरक्षा के सारे उपाय किए गए हैं मगर आग बेकाबू है. अल्बर्टा प्रांत में 110 स्थानों में आग लगी हुई है. जिसमें से 36 नियंत्रण से बाहर है. वाइल्ड फायर प्रवक्ता क्रिस्टी टकर ने बताया कि यहां के लोग गर्म हवाओं और भयंकर गर्मी से जूझ रहे थे. तेज हवा के कारण आग बहुत तेजी से फैलती जा रही है. फायर ब्रिग्रेड टीम के लिए रेस्क्यू करना बहुत कठिन हो रहा है. उनके लिए ये चुनौती है. मौसम भी साथ नहीं दे रहा. क्यूबेक और ओंटारियों से फायर बिग्रेड की टीमें पहुंचाई गई हैं.

...तो क्या अब यूक्रेन को जलाकर राख कर देना चाहते हैं पुतिन

जेलेंस्की ने रूस पर लगाया फास्फोरस बम से हमले का आरोप

कीव, 7 मई (एजेंसियां)। यूक्रेन ने रूस पर युद्ध में फास्फोरस बम से हमला करने का आरोप लगाया है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन सेना के द्वारा जारी ड्रोन फुटेज में बखमुत शहर को जलते हुए देखा जा सकता है, जो शहर पर व्हाइट फास्फोरस की बारिश के रूप में दिखाई दे रहा है। हालांकि व्हाइट फास्फोरस हथियारों पर प्रतिबंध नहीं है, लेकिन नागरिक क्षेत्रों में उनका उपयोग युद्ध अपराध माना जाता है। यह तेजी से फैलने वाली आग पैदा करते हैं जिसे बुझाना बहुत मुश्किल होता है। रूस पर पहले भी इनका इस्तेमाल करने के आरोप लगते रहे हैं।

बखमुत पर महीनों से कब्जे की कोशिश में है रूस

संदिग्ध रणनीतिक महत्व के बावजूद रूस महीनों से बखमुत पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। पश्चिमी अधिकारियों ने अनुमान लगाया है कि हमले में मास्को के हजारों सैनिक मारे गए हैं। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ने ट्वीट करते हुए लिखा कि फास्फोरस हमले में आग लगाने वाले गोला-बारूद के साथ बखमुत के खाली क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। कीव के विशेष बल कमान ने कहा कि मास्को की सेना शहर को नष्ट करने के लिए कार्रवाई जारी रखे हुए है। यह स्पष्ट नहीं है कि वास्तव में कथित हमला कब हुआ, लेकिन यूक्रेन द्वारा साझा किए गए फुटेज में ऊंची इमारतों को आग की लपटों में घिरा हुआ दिखाया गया है।

आग के हवाले यूक्रेन के कई शहर

संदिग्ध फास्फोरस हमले के कई वीडियो सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किए गए हैं,

अन्य वीडियो में जमीन पर आग की लपटें दिखाई दे रही हैं और फास्फोरस के सफेद बादल रात के आकाश को रोशन कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद से रूस पर कई बार व्हाइट फास्फोरस का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। मास्को ने सार्वजनिक रूप से व्हाइट फास्फोरस का उपयोग करने के लिए कभी स्वीकार नहीं किया है। बीते साल क्रेमलिन के प्रेस सचिव दिमित्री पेसकोव ने कहा था कि रूस ने कभी भी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का उल्लंघन नहीं किया है। जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा था कि व्हाइट फास्फोरस का इस्तेमाल किया गया था। व्हाइट फास्फोरस एक मोम जैसा पदार्थ है जो ऑक्सीजन के संपर्क में आने पर प्रज्वलित होता है, जिससे धुएं के चमकीले गुबार बनते हैं।

पाक में ईशनिंदा के आरोप में बेरहमी से हत्या

भीड़ ने लाठी-डंडों से पीटा, इमरान खान की रैली में हुई घटना

पेशावर, 7 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने एक आदमी को पीट-पीटकर मार डाला। यह घटना मर्दान जिले में इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की रैली में हुई। इस दौरान इमरान रैली में मौजूद नहीं थे। 'द फ्राइडे टाइम्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, 40 साल के मौलाना निगर आलम ने रैली में पीटीआई के लीडर इमरान खान की तुलना पैगंबर से की थी। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया कि रैली के दौरान पुलिस मौजूद थी। पुलिसकर्मियों ने लोगों को रोकने की कोशिश की थी, लेकिन वो भीड़ को काबू नहीं कर पाए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें भीड़ मौलाना निगर आलम को लाठी-डंडे, पत्थर मारती नजर आ रही है। लोग आलम की मौत के बाद उसके शव को घसीटते भी दिखे।

फरवरी में ईशनिंदा के आरोपी की थाने से निकालकर हत्या हुई थी

ये पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान में किसी को ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने मार दिया हो। फरवरी 2023 में भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपी को पुलिस स्टेशन से बाहर निकालकर मार डाला था। घटना पंजाब प्रांत के ननकाना साहिब जिले की थी। जब थाने पर हमला हुआ तो पुलिसवाले वहां से भाग खड़े हुए थे।

दिसंबर में श्रीलंकाई नागरिक की हत्या की थी

पाकिस्तान में ईशनिंदा को लेकर बेहद सख्त कानून हैं। इसके चलते कई लोगों की पीट-पीटकर हत्या कर दी जाती है। दिसंबर 2021 में ईशनिंदा के आरोप में श्रीलंकाई फैक्ट्री मैनेजर को भीड़ ने पहले पीटकर मार डाला और फिर आग लगा दी थी। अप्रैल 2017 में मिशाल खान को मरदान यूनिवर्सिटी में उसके साथियों ने पीट-पीट कर मार दिया था। 2012 में बहावलपुर के पास हिंसक भीड़ ने एक दिमागी रूप से परेशान व्यक्ति को थाने से खींचकर मार दिया था। इसी तरह दादो में भी भीड़ ने थाने में घुसकर ईशनिंदा के आरोपी को जिंदा जलाया था।

ईशनिंदा के आरोपियों को बरी करने वाले जस्टिस की भी हत्या हुई थी

ईसाइयों, हिंदुओं और हजारा मुसलमानों पर ईशनिंदा के आरोप लगते रहे हैं। पाकिस्तान के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के मुताबिक ईशनिंदा के आरोप में अब तक 70 से अधिक लोगों को मारा जा चुका है। हत्या सिर्फ उनकी ही नहीं हुई है जिन पर आरोप लगे, बल्कि ईशनिंदा के खिलाफ आवाज उठाने वालों को भी खामोश कर दिया गया। 1997 में ईशनिंदा के आरोपियों को बरी करने वाले जस्टिस आरिफ इकबाल भट्टी की अदालत में ही हत्या कर दी गई थी। 2011 में पंजाब के गवर्नर सलमान तासीर को उनके ही सुरक्षाकर्मी ने मार दिया गया था।

पाकिस्तान के लिए ही खतरा बन गया है ईशनिंदा का मुद्दा?

पाकिस्तान पर नजर रखने वाले रक्षा विश्लेषक फरान जैफरी कहते हैं- ईशनिंदा के मुद्दे को पाकिस्तान में सिर्फ कट्टरवादियों ने ही नहीं बल्कि आम पाकिस्तानियों ने भी हथियार की तरह इस्तेमाल किया है। ईशनिंदा का मुद्दा पाकिस्तान की अपनी आत्मा की लड़ाई बन गया है। इसके चलते पाकिस्तान के बरेलवी समुदाय में कट्टरता बढ़ रही है।

ईशनिंदा के सवाल पर कट्टरपंथियों की मुट्ठी में पाकिस्तान?

पाकिस्तान पर नजर रखने वाले रक्षा विश्लेषक फरान जैफरी कहते हैं, 'ईशनिंदा के मुद्दे को पाकिस्तान में सिर्फ कट्टरवादियों ने ही नहीं बल्कि आम पाकिस्तानियों ने भी हथियार की तरह इस्तेमाल किया है। ईशनिंदा का मुद्दा पाकिस्तान की अपनी आत्मा की लड़ाई बन गया है। इसके चलते पाकिस्तान के बरेलवी समुदाय में कट्टरता बढ़ रही है। पाकिस्तान में ईशनिंदा के नाम पर होने वाली हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

अफ्रीकी देश कांगो में बाढ़-भूस्खलन, 176 मौतें:एक ही परिवार के 11 बच्चों की मौत

कांगो, 7 मई (एजेंसियां)। अफ्रीकी देश कांगो में 2 दिन से जारी भारी बारिश के कारण भूस्खलन हो गया और बाढ़ आ गई। अब तक 170 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, साउथ किवु प्रांत में कालेहे इलाके में 4 मई को एक नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ आई। इस वजह से बुशुशु और न्यामुकुबी गांव में पानी भर गया। न्यामुकुबी गांव में रहने वाले मुपेंडा ने कहा- बाढ़ से पूरे गांव में तबाही मच गई। मेरी मां, मेरे 11 बच्चे भी बह गए। वो जिंदा नहीं बचे। एक अन्य शख्स ने कहा- बाढ़-भूस्खलन से हमारा जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हम सब मलबे में अपनों को ढूंढ रहे हैं। लोग खुले में सोने और रहने के लिए मजबूर हो गए हैं। किवु प्रांत के गवर्नर ने बताया कि यहां कई घर पूरी तरह से डूब गए। स्कूल, अस्पताल भी पूरी तरह से तबाह हो गए। पीने के पानी और बिजली की सप्लाई भी बंद हो गई है। अब तक 176 लोगों की मौत हो चुकी है। ये आंकड़ा बढ़ सकता है। 100 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं।

हालांकि, लोकल सिविल सोसाइटी के मेंबर ने दावा किया है कि 226 शवों को मलबे से बाहर निकाला गया है। कई इलाकों में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। एक बचाव कर्मचारी ने कहा- मिट्टी काफी गीली है और इलाके में फिसलन के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी दिक्कतें आ रही हैं। कई लोग मलबे में दबे हैं। वहीं, एक डॉक्टर ने बताया कि उनकी टीम दो दिन से बिना सोए लोगों की मदद कर रही है। उनके पास एक दिन में 56 से ज्यादा पेशेंट्स आ रहे हैं। इनमें से 80% लोगों को फ्रैक्चर हुए हैं। कांगो के पड़ोसी देश रवांडा में भी भारी तबाही हुई है। 2 मई से शुरू हुई बारिश ने यहां भी बाढ़ और भूस्खलन का रूप ले लिया। यहां अब तक 130 लोगों की मौत हो चुकी है। 5 हजार से ज्यादा घर तबाह हो गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पश्चिमी प्रांत में करीब 17 सड़कें, 26 ब्रिज पूरी तरह से तबाह हो गए। सरकार ने प्रभावित इलाकों में मदद के लिए राहत सामग्री भेजी है। रेस्क्यू ऑपरेशन भी जारी है।

उत्तर कोरिया को टक्कर देने के लिए जापान और दक्षिण कोरिया सुधारेंगे आपसी रिश्ते, किम जोंग को टेंशन

कोरिया, 7 मई (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया को टक्कर देने के लिए जापान और दक्षिण कोरिया के नेताओं ने द्विपक्षीय रिश्तों में सुधार का फैसला किया है। इसके लिए रविवार को दोनों देश शिखर बैठक करेंगे। यह दो महीने से भी कम समय में दोनों देशों के नेताओं के बीच दूसरी मुलाकात होगी। दक्षिण कोरिया और जापान ऐतिहासिक मसलों पर लंबे समय से जारी गतिरोध को दूर करना चाहते हैं तथा उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम व अन्य क्षेत्रीय चुनौतियों के मद्देनजर आपसी सहयोग को बढ़ावा देना चाहते हैं। दोनों देशों के इस फैसले से उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग भी परेशान हो उठे हैं। जापान के प्रधानमंत्री फिमियो किशिदा दो दिन की यात्रा पर रविवार को दक्षिण कोरिया पहुंचे हैं। इससे पहले, मार्च के मध्य में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने तोक्यो का दौरा किया था। जापान और दक्षिण कोरिया के राष्ट्राध्यक्षों ने बीते 12 साल में पहली बार एक के बाद एक, एक-दूसरे के देश की यात्रा की है। किशिदा ने सियोल रवाना होने से पहले पत्रकारों से कहा था, "मुझे उम्मीद है कि राष्ट्रपति यून से हमारे विश्वास के रिश्ते के आधार पर खुले दिल से विचारों का आदान-प्रदान होगा। फुमियो किशिदा ने कहा "मार्च से ही हमारे बीच वित्त और रक्षा समेत अन्य क्षेत्रों में विभिन्न स्तर पर संवाद बरकरार है। मेरी योजना इस संवाद को और विस्तार देने की है।" दक्षिण कोरियाई और जापानी अधिकारियों ने कहा कि योल और किशिदा उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम, दक्षिण कोरियाव जापान की आर्थिक सुरक्षा, समग्र संबंधों और अन्य अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। दोनों देशों ने बीते कई वर्षों में ऐतिहासिक कारणों से एक-दूसरे के खिलाफ उठाए गए आर्थिक कदमों को हाल के हफ्तों में वापस ले लिया है।

गहलोत बोले-पीएम मोदी के चुनाव प्रचार पर रोक लगाए ईसीआई

कहा-चुनाव प्रचार में राममंदिर लाने पर भैरोसिंह शेखावत का इलेक्शन खारिज होने वाला था

जयपुर, 7 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के परिवार को जान से मारने की धमकी देने के मामले में सियासी विवाद खड़ा हो गया है। सीएम अशोक गहलोत ने इस मुद्दे पर बीजेपी और पीएम मोदी पर हमला बोला है। गहलोत ने कहा- चुनाव आयोग को प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव प्रचार पर रोक लगा देनी चाहिए। कोई धार्मिक हिसाब से चुनाव में बात करे तो उसके प्रचार पर रोक लगा देनी चाहिए, यह कानून में प्रावधान है। गहलोत शनिवार शाम सीएम निवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

गहलोत ने कहा- भैरों सिंह शेखावत एक बार गंगानगर और बाली से चुनाव में खड़े हुए थे। वे गंगानगर में चुनाव हार गए थे और बाली में चुनाव जीत गए थे। वे उस चुनाव में राम मंदिर की बात करने लग गए थे। चुनाव प्रचार में धर्म का इस्तेमाल करने पर उनके खिलाफ इलेक्शन पिटिशन हुई, वह इलेक्शन पिटिशन चलती रही और उनकी मेंबरशिप जा रही थी, क्योंकि कोर्ट ऐसा करने वाला था। जो आदमी गवाही देने जा रहा था वह कम्युनिस्ट सीपीएम माइंड का आदमी था। उसको पुलिस ने बस से उतारा, ले जाकर समझाया या क्य हुआ, गवाही नहीं होने से शेखावत उस केस में बच गए। आज जो प्रधानमंत्री बोल रहे हैं, वे तो धर्म के आधार पर खुल कर बोल रहे हैं। उनसे चुनाव आयोग जवाब भी नहीं मांग रहा। इसीलिए पीएम के चुनाव प्रचार पर रोक लगनी चाहिए।

खड़गे के परिवार को खत्म करने की धमकी के बावजूद चुनाव आयोग मौन क्यों?

कांग्रेस अध्यक्ष जैसे पद पर बैठे अनुभवी राजनेता मल्लिकार्जुन खड़गे को कर्नाटक में उनके और परिवार का सफाया करने की धमकी दी जा रही है। जिनका पूरा परिवार बचपन में खत्म हो गया लेकिन वो संघर्ष करते-करते यहां तक पहुंचे उन्हें इस तरह की धमकी देना निंदनीय है। इस धमकी के बावजूद अबतक पीएम से लेकर गृह मंत्री तक कुछ नहीं बोले हैं। धमकी का जिस तरह का वीडियो सामने आया, उसके बाद भी इलेक्शन कमिशन मौन है। बीजेपी और आरएसएस का एजेंडा फिक्स है। उन्हें चिंता नहीं है लेकिन लोगों को है। आज लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। आलोचना सहन नही हो रही है। इस माहौल में देश चल रहा है।

बजरंग दल बैन मामला कर्नाटक में मुद्दा नहीं बना,इसलिए बौखलाए बीजपी नेता

कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में बजरंग दल और पीएफआई को बैन करने के वादे पर उठे विवाद पर गहलोत ने कहा- कई संगठन के अपना नाम राम के नाम पर, शिवजी के नाम रखते हैं, लेकिन संगठनल की भूमिका क्या है, उसके हिसाब से सरकारी कार्रवाई होती है।

प्रवीण तोगड़िया त्रिशूल बांट रहे थे, हमने उन्हें रोका लेकिन वे माने नहीं इसलिए मजबूर होकर गिरफ्तार करना पड़ा। संगठन की जिस तरह की मंशा होती है उस पर निर्भर करता है। बजरंग दल का मामला कर्नाटक में मुद्दा नहीं बना इसीलिए बीजेपी के नेता बौखलाए हुए हैं।

गटर स्तर पर राजनीति करने लगे बीजेपी नेता, चुनाव जीतने नहीं लोकतंत्र बचाने की लड़ाई

गहलोत ने कहा- बीजेपी नेता सोनिया गांधी के बारे में जिस तरह की ओछी टिप्पणियां कर रहे हैं वह उनकी बौखलाहट को दिखाता है। एक पत्रकार ने लिखा कि आज गटर के लेवल की पॉलिटिक्स हो गई है, यह बीजेपी नेताओं के कमेंट्स पर सही बैठता है।। लोग ये समझने लग गए हैं। आज लड़ाई चुनाव जीतने की नहीं, लोकतंत्र बचाने की हो गई है।

'पेपरलीक से देश को उन्नत बनाने का सपना टूटता है'

कोर्ट ने कहा- स्टूडेंट के साथ परिवार के भी सपनों को गहरा आघात पहुंचता है

उदयपुर, 7 मई (एजेंसियां)। ग्रेड सेकेंड शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में आरोपी भूपेन्द्र सारण की जमानत अर्जी एडीजे कोर्ट-1 ने खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा- जब किसी प्रतियोगिता परीक्षा का पेपर लीक होता है तो परीक्षार्थी के साथ परिजनों के भी सपनों को गहरा आघात पहुंचता है। ऐसी घटनाओं से देश को उन्नत, समृद्ध, सुरक्षित, साक्षर व सशक्त राष्ट्र बनाने के हमारे सामूहिक सपने का मनोबल टूटता है। सारण पर अनिल मीणा उर्फ शेर सिंह से पेपर खरीदने का आरोप है। उसे 23 फरवरी को बेंगलुरु से पकड़ा था।

भूपेन्द्र सारण जेल में है। उसकी ओर से कोर्ट में पेश जमानत याचिका का अपर लोक अभियोजक मुस्तकिल खान ने विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि आरोपी पर पेपर लीक के सरगनाओं के साथ मिलकर सार्वजनिक प्रणाली को दूषित करने और लाखों बेरोजगार अभ्यर्थियों के जीवन के साथ खिलवाड़ के आरोप हैं। उसके खिलाफ दर्ज 7 प्रकरणों में से ज्यादातर छल, धोखाधड़ी और सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम से जुड़े हैं। इस पर पीठासीन अधिकारी संदीप कौर ने जमानत अर्जी नामंजूर कर दी।

बता दें कि सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में आरोपी भूपेन्द्र सारण की जमानत अर्जी एडीजे कोर्ट-1 ने शनिवार को खारिज कर दी। सारण पर अनिल मीणा उर्फ शेरसिंह से पेपर खरीदने का आरोप है। उसे 23 फरवरी 2023 को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया था।

उदयपुर पुलिस ने 24 दिसंबर को बेकरिया (उदयपुर) थाने के बाहर 49 अभ्यर्थियों से भरी बस को पकड़ा था। ये सभी चलती बस में आरपीएससी के सेकंड ग्रेड शिक्षक भर्ती के जीके का लीक पेपर सॉल्व कर रहे थे। पुलिस की सूचना पर आरपीएससी ने पेपर को रद्द कर दिया था। इस मामले में मास्टर माइंड भूपेंद्र सारण, शेर सिंह मीणा और आरपीएससी के सदस्य बाबूलाल कटारा की गिरफ्तारी हो चिकी है।

राजस्थान में अब गर्मी दिखाएगी तेवर, जयपुर में बारिश

पारा 43 डिग्री सेल्सियस पहुंचने की संभावना

बारिश-आंधी का दौर आज से थमेगा

जयपुर, 7 मई (एजेंसियां)। जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़ समेत कई जिलों में शनिवार को हुए थंडरस्टॉर्म के बाद आज से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर कम होने लगेगा। इस बीच रविवार दिन में जयपुर के कुछ इलाकों में बारिश हुई। राज्य में अब दिन और रात में तापमान बढ़ने लगेगा। इससे गर्मी तेज होगी।

बाड़मेर के बाद पश्चिमी राजस्थान के दूसरे जिलों में भी कल दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं, अगले दो-तीन दिन में तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने की और संभावना है। जयपुर मौसम केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक अभी भी राज्य के सभी शहरों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे है।

अलवर, भीलवाड़ा, उदयपुर, सीकर में कल दिन का तापमान सामान्य से 3 से लेकर 5 डिग्री सेल्सियस से भी कम रहा। वहीं,

गंगानगर, चूरू, बीकानेर, जैसलमेर में तापमान सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस तक नीचे दर्ज हुआ।

इन शहरों में पारा 40 पर आया

राज्य में कल बाड़मेर के अलावा दिन का तापमान जालोर, सिरोही और जैसलमेर में भी 40 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। जोधपुर, फलौदी, चित्तौड़गढ़, कोटा, चूरू, बीकानेर, टोंक, करौली में भी दिन का तापमान 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़कर 39 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सबसे गर्म दिन कल 40.9 डिग्री सेल्सियस के साथ बाड़मेर में रहा।

जयपुर में बारिश

जयपुर में रविवार को कई इलाकों में बारिश हुई। कल देर शाम भी आंधी के साथ हल्की बारिश हुई थी। जयपुर शहर में 5 मि.मी बरसात हुई। इसके अलावा चौमूं में 4 और फागी में भी 1 मि.मी बारिश हुई।

जयपुर के अलावा कोटा के लाडपुरा में 3, चूरू के रतनगढ़ में 1, झुंझुनूं के गुढागौड़जी में 2, नवलगढ़ में 1, हनुमानगढ़ के भादरा में 7, नोहर में 1.5, नागौर के लाडनूं में 6, मकराना में 6 और उदयपुर के वल्लभनगर में 3 मि.मी बारिश दर्ज हुई।

आगे देखिए कोटा में मौसम बदलने की तीन फोटोज...

कोटा में 25 मिनट बारिश हुई

कोटा में शनिवार को दिनभर तपन बनी रही और शाम को अचानक मौसम बदला। 25 मिनट तक 3 एमएम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार शाम 5 बजकर 50 मिनट से 6 बजकर 15 मिनट तक बारिश हुई। वहीं, शाम को ढाई घंटे में पारा 7.6 डिग्री गिरा।

डूबने के लिए तैयार रहो जोधपुर: 13 किलोमीटर के नाले को जोजरी से मिलाने का काम 17 साल से कागजों में

जोधपुर, 7 मई (एजेंसियां)। शहरवासियों को आगामी मानसून में भी जगह-जगह जल भराव की समस्या से रूबरू होना पड़ेगा, क्योंकि भैरव नाले का निर्माण इस बार भी पूरा नहीं हो पाएगा। नाले के निर्माण को लेकर सालों से चल रही जद्दोजहद अब अंतिम चरण में पहुंची है। उम्मीद है कि जल्द भैरव नाले के साथ आरटीओ नाले का निर्माण भी शुरू हो जाएगा, लेकिन आने वाले मानसून सीजन यानी जुलाई-अगस्त से पहले काम पूरा नहीं हो पाएगा।

सिटी एरिया से होकर गुजरने वाले इस 21 किमी के बरसाती नाले को जोजरी नदी में ले जाकर छोड़ने की योजना है। 8 किमी तक नाला बना हुआ है, लेकिन ड्रेनेज नहीं होने के कारण जोजरी नदी से मिलाने के लिए 13 किमी नाले का निर्माण करवाया जाना है। इसके बाद ही बारिश के सीजन में शहर में पानी नहीं भरेगा। पिछले 17 सालों में 6 बार प्लान और 3 बार डीपीआर बन चुकी हैं।

आखिर अब जाकर टेंडर हुए हैं और लागत बढ़कर 320 करोड़ रुपए पहुंच चुकी है। इसमें आरटीओ नाले की लागत भी शामिल है। मुख्यमंत्री की बजट घोषणा 2021-22 में जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने को भैरव नाला के लिए बजट आवंटित हुआ था। नए नाले के लिए सर्वे कार्य प्राधिकरण स्तर पर गठित कमेटी द्वारा पूरा कर लिया गया है।

शोभावतों की ढाणी तक ही है नाला, आगे कहीं ड्रेनेज ही नहीं

भैरव नाला कबीर नगर से शोभावतों की ढाणी तक 8 किमी में बना है। इसके बाद निकासी नहीं होने से बरसाती पानी में खुले में बहता है। इसी कारण शहर के कई इलाकों में पानी भर जाता है। सूरसागर, चौपासनी व पाल का बरसाती पानी भैरव नाला से शोभावतों की ढाणी में पहुंचता है। आगे नाला नहीं होने से बारिश का पानी भर जाता है। बरसाती पानी को जोजरी नदी तक निकासी के लिए पूर्ण भैरव नाला बनाया जाना है, जोकि तनावड़ा पाल गांव, धीनाणों की ढाणी व सालावास से होते हुए जोजरी नदी में मिलाया जाना है। अब नाले का निर्माण शोभावतों की ढाणी से जोजरी नदी तक होगा।

5 प्रमुख नालों में से 4 अधूरे पड़े; रेलवे की मंजूरी नहीं मिली, अटका

क्या स्थिति- यह नाला मंडोर के पास रेलवे क्रॉसिंग के नीचे से निकलेगा। रेलवे की मंजूरी नहीं मिली है। इस कारण काम शुरू नहीं हो पाया। बजट स्वीकृति मिल चुकी है। इसका वर्कऑर्डर भी निकाला जा चुका है।

सेना की मंजूरी मिली, काम शुरू

क्या स्थिति- आरटीओ फाटक से गणेश होटल तक 4.1 किमी बना है, 7.5 किमी नाला बॉक्स सेक्शन से बनेगा तो सारण नगर व 20-25 बस्तियां जलभराव से मुक्त होगी।

कुल लागत 105 करोड़ रुपए

आपत्तियां दूर हुई, निर्माण पूरा

क्या स्थितिः भीतरी शहर के बहाव का यह नाला पूरा बन चुका है। पहले राजनीतिक दबाव के कारण अटका हुआ था। विनायकिया से पाइप द्वारा जोजरी नदी तक पहुंचाया। इससे आगामी सीजन में पाबूपुरा, सांसी बस्ती व विनायकिया के लोगों का राहत मिलेगी।

जेएनवीयू परिसर से झालामंड तक काम शुरू

क्या स्थिति- 4.5 किमी नाला बना हुआ था, 7.5 किमी निर्माणाधीन। जेएनवीयू परिसर से झालामंड के बीच काम शुरू। पेड़ काटने के बाद नाला निर्माण शुरू।

कुल लागत 40 करोड़ रुपए

भैरव नाला - पहले आधा बंद, आधा खुला बनाना था, अब पूरा कवर होगा। नया बनने वाला भैरव नाला 6 किमी तक पूरा बंद और आगे 7 किमी में खुला बनना था। अब प्लान बदल गया है। पूरा नाला कवर किया जाएगा। जिसकी चौड़ाई 24-25 फीट होगी। हर 500 मीटर या उससे कम दूरी पर एक ब्लॉक छोड़ा जाएगा, जहां जाली बनाई जाएगी।

बीसलपुर डैम में नाव पलटी, 7 डूबे: 5 को मछुआरों ने बचाया; जयपुर के जूनियर इंजीनियर सहित दो लापता

देवली, 7 मई (एजेंसियां)। टोंक जिले के सबसे बड़े बीसलपुर बांध में बोटिंग के दौरान एक नाव पलट गई और एक ही परिवार के 6 सदस्यों समेत कुल 7 लोग डूबने लगे।

इस दौरान मछुआरों और ग्रामीणों ने 5 लोगों को बचा लिया, जबकि 2 व्यक्ति लापता हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है। लापता होने वालों में से एक टोडारायसिंह पंचायत समिति के जूनियर इंजीनियर हैं। हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार टोडारायसिंह (टोंक) पंचायत समिति के JEN मोहसिन खान अपने परिवार के साथ शनिवार दोपहर करीब तीन बजे बीसलपुर बांध एरिया में घूमने आए थे।

शाम करीब सात बजे वह बीसलपुर बांध में बोटिंग कर रहे थे, तभी नाव पलट गई और सभी

लोग डूब लगे। इस दौरान मछुआरों ने तुरंत परिवार के 5 लोगों को बचा लिया, लेकिन जेईएन मोहसिन खान और नाव चलाने वाले बद्री गुर्जर का पता नहीं लगा। उधर, हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार झोटवाड़ा (जयपुर) निवासी मोहसिन खान अपनी पत्नी साहिस्ता बानो (26), साढ़ू तालिब हुसैन (32), साली सगुप्ता बानो (30), इनके 2 बच्चों आपरा खान (8), अरमान खान (5) के साथ घूमने निकले थे।

वापस लौट तो तैरती मिली जैकेट

थानाधिकारी जगदीश प्रशाद ने बताया कि मोहसिन ने बांध में मोटर बोट से जाने का प्लान बनाया था, लेकिन मोटर बोट नहीं मिल सकी। मोहसिन परिवार के साथ करीब 3 बजे टापू पर पहुंच गए। वहां शाम करीब 5 बजे वापस निकले थे। इस दौरान मौसम खराब हो गया। तेज आंधी के कारण नाव हिचकोले खाने लगी तो करीब 6.30 बजे मछली ठेकेदार के कर्मचारी ताहिर को उन्होंने फोन कर मदद मांगी।

ताहिर ने बताया कि सूचना के बाद करीब 7 बजे मौके पर पहुंचे तो नाव हिचकाले खा रही थी। नाव में सवार लोगों को बचाने के लिए लाइफ सेविंग जैकेट फेंकी। इस दौरान नाव पलट गई। इस दौरान सभी लोगों ने जैकेट पहन लिए थे। मौके से 2 बच्चों और 2 महिला और 1 अन्य व्यक्ति को रेस्क्यू कर लिया।

सभी को लैंडिंग सेंटर छोड़ने के बाद वापस पहुंचे तो दो जैकेट पानी में तैरते दिखाई दिए। अंधेरे के कारण काफी प्रयास के बाद भी लापता 2 लोगों की कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बीसलपुर बांध में नाव पलटने और 2 लोगों के डूबने की सूचना मिलने पर देवली थाना पुलिस, टोडारायसिंह पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। दोनों लापता लोगों को ढूंढने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया, लेकिन रात होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

मेरी मौत का कारण गणित लिखकर स्टूडेंट ने सुसाइड किया

10वीं क्लास में पढ़ती थी, मैथ टीचर फरार; घरवाले बोले- टॉर्चर किया

बांदीकुई, 7 मई (एजेंसियां)। माई डेथ रीजन इज मैथ, आई एम यूजलेस। 10वीं क्लास की स्टूडेंट ने कागज पर यह बात लिखी और फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मामला दौसा जिले के बांदीकुई थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार शहर के रामनगर कॉलोनी में रहने वाली छात्रा अंजलिका (15) शनिवार दोपहर 1 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद दादा ओमप्रकाश के साथ स्कूटी से घर आई थी। इसके बाद वह ड्रेस चेंज करने के लिए कमरे में कमरे में चली गई। 30 मिनट बाद भी वह कमरे से बाहर नहीं आई तो परिजनों ने उसको आवाज लगाई।

जब कोई जवाब नहीं मिला तो कमरे का दरवाजा खटखटाया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खोलने पर घरवालों ने खिड़की से देखा तो छात्रा दरवाजे के ऊपर रेलिंग पर चुन्नी का फंदा लगाकर लटकी हुई

मिली। परिजनों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा और छात्रा को बाहर निकालकर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। सूचना पर ASI रमेशचंद अस्पताल पहुंचे और जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने कमरे का मुआयना किया तो वहां सुसाइड नोट मिला।

बच्ची के दादा ओम प्रकाश ने मामला दर्ज करवाया है। उन्होंने रिपोर्ट में बताया कि उनकी पोती अंजलिका संत फ्रांसिस इंग्लिश मीडियम स्कूल में 10वीं क्लास में पढ़ती थी। उन्होंने स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए बताया कि स्कूल में बच्ची को गलत तरीके से ट्रीट किया गया था, जिसके कारण यह कदम उठाया। उन्होंने बताया कि अंजलिका के स्कूल से घर आने के बाद मैथ के टीचर विपिन कुमार ने घर पर कॉल करके पूछा था कि बच्ची घर पहुंची या नहीं। ऐसे में उनको शक है कि स्कूल प्रशासन और मैथ के टीचर ने बच्ची को परेशान किया था। स्टूडेंट के सुसाइड के बाद से ही मैथ टीचर फरार है। परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया है और थाने के सामने धरने पर बैठ गए। परिजन स्कूल पर कार्रवाई करने, मैथ टीचर को गिरफ्तार करने और मामले के खुलासे की मांग कर रहे हैं। रविवार को प्रदर्शन कर रहे लोगों ने थाने में घुसने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उनको गेट पर ही रोक दिया। इस दौरान लोगों ने जमकर नारेबाजी की। दादा ओमप्रकाश का कहना है कि उनकी पोती अंजलिका पढ़ाई में अच्छी थी। 9वीं क्लास में उसके 69 प्रतिशत नंबर आए थे। गणित में भी पढ़ाई में ठीक थी। बच्ची के पिता राजकुमार ने कहा कि उनकी बेटी को स्कूल में टॉर्चर किया गया था। इस वजह से बच्ची ने सुसाइड का कदम उठाया है।

जयपुर में 3 वर्षीय मासूम को वैन ने रौंदा: शरीर पर गाड़ी चढ़ाकर भागा ड्राइवर

जयपुर, 7 मई (एजेंसियां)। जयपुर में घर के बाहर खेल रहे 3 साल की मासूम को वैन ने रौंद दिया। शरीर पर वैन चढ़ने से बच्चे का लीवर में चोट आई है। साथ ही आंतों में सूजन आ गई। एक्सीडेंट के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। गंभीर हालत में मासूम का प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। घर के पास लगे सीसीटीवी में पूरी

घटना कैद हो गई।

पुलिस ने बताया- गौतम पथ रामनगर निवासी गिरधारी राठौड़ ने शिकायत दर्ज करवाई है। उनका तीन साल का बेटा अदवेद सिंह शुक्रवार सुबह घर के बाहर खेल रहा था। सुबह करीब 8:12 बजे सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान वैन ने अदवेद को चपेट में लिया। जो रौंदते हुए निकल गई। शरीर पर गाड़ी चढ़ाकर ड्राइवर भाग निकला।

गंभीर हालत में रोड पर अदवेद को देखकर लोगों ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने तुरंत उसे मानसरोवर स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर्स ने उसे रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे नियो हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

सीकर में डूबने से दो सगी बहनों की मौत

छोटी को बचाने के चक्कर में बड़ी बहन की भी मौत, बकरी को बचाने के चलते हादसा

सीकर, 7 मई (एजेंसियां)। सीकर के धोद थाना इलाके में शनिवार रात दो सगी बहनों की होद में डूबने से मौत हो गई। देर रात दोनों के शवों को सीकर की एस के हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है। आज दोनों के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिए गए।

धोद थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने बताया कि घटना सीकर के मोल्यासी गांव की है। जहां के किसान जोधाराम ने घर में ही पानी का एक होद (टैंक) बनाया हुआ है। शनिवार रात जोधाराम की बेटी अनिता (15) होद के पास खेल रही थी। इसी दौरान एक बकरी का बच्चा भागकर होद की तरफ भाग रहा था। जिसे बचाने के लिए अनीता उसके पीछे भागी। जिसके चलते वह होद में गिर गई। होद में गिरकर डूब गई। उसे बचाने के लिए बड़ी बहन छोटी (17) भी पानी में कूद गई। लेकिन पानी ज्यादा होने के कारण वह उसे नहीं बचा पाई और खुद भी डूब गई। छोटी बहन अनीता की तो मौके पर ही मौत हो गई। जबकि छोटी को सीकर के एस के हॉस्पिटल लाया गया।

वोटों के लिए केसीआर ने तेलंगाना सचिवालय का नाम बीआर अंबेडकर पर रखा : मायावती

सीएम केसीआर पर किया व्यंग्य, कहा, हमारी योजनाओं की नकल की, लेकिन लागू नहीं किया

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। उत्तर प्रदेश की पूर्व सीएम और बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने तेलंगाना की जनता से बीआरएस सरकार को सबक सिखाने का आह्वान किया। मायावती ने हैदराबाद में आयोजित तेलंगाना भरोसा सभा में घोषणा की कि आरएस प्रवीण कुमार तेलंगाना में उनकी पार्टी के सीएम उम्मीदवार हैं। प्रवीण कुमार एक ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने अपनी मूल्यवान आईपीएस नौकरी से इस्तीफा दे दिया है और लोगों के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि तेलंगाना में हमारा बहुजन राज्य आएगा। मायावती ने टिप्पणी की कि तेलंगाना के सीएम केसीआर ने बसपा द्वारा यूपी में लाई गई योजनाओं की नकल की, किंतु इन्हें लागू नहीं किया। उन्होंने कहा कि बसपा तेलंगाना के गठन का समर्थन करने वाली पहली पार्टी है। उत्तर प्रदेश की तर्ज पर तेलंगाना में बसपा की सरकार बने। तेलंगाना राज्य के गठन के लिए संसद में समर्थन व्यक्त करने वाली बसपा पहली पार्टी थी। मायावती ने कहा कि यूपी में उनके कार्यकाल में घर बनाकर गरीबों को दिए गए। हमने भूमिहीन गरीबों को मुफ्त जमीन बांटी। लेकिन केसीआर बसपा की योजनाओं की नकल तो कर रहे हैं लेकिन उन पर अमल नहीं कर रहे हैं। केसीआर ने लोगों की जरूरत की प्रमुख योजनाओं को केवल कागजों पर उतारा है। वादे के मुताबिक मकान नहीं बन रहे हैं। मायावती ने आलोचना की कि भूमि का वितरण नहीं किया गया है।

उन्होंने सीएम केसीआर पर राजनीतिक स्वार्थ और वोटों के लिए तेलंगाना में नवनिर्मित सचिवालय का नामकरण बीआर अंबेडकर के नाम पर करके और उनकी 125 फीट की प्रतिमा स्थापित कर दलितों को एक बार फिर धोखा देने का आरोप लगाया। कांग्रेस सरकार ने बीसी के साथ अन्याय किया है। मायावती ने याद करते हुए कहा कि जब अंबेडकर ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के लिए आयोग की मांग की तो तत्कालीन कांग्रेस सरकार सहमत नहीं थी. उन्होंने सनसनीखेज टिप्पणी की कि कांग्रेस अंबेडकर को भारत रत्न देने पर राजी नहीं हुई। लोग यह महसूस करना चाहते हैं कि भाजपा पार्टी सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं का निजीकरण कर रही है।

उन्होंने कहा कि अगर तेलंगाना के एक आईएएस जी कृष्णैया की मौत हो जाती है और बिहार सरकार उनकी हत्या के लिए जिम्मेदार आरोपियों को रिहा कर देती है, तो इस राज्य के मुख्यमंत्री केसीआर चुप हैं। उन्होंने कहा कि बसपा पार्टी उत्तर प्रदेश में कमजोर नहीं है। दीमा मायावती ने व्यक्त किया है कि यदि मतदान प्रणाली से चुनाव होते हैं तो उनकी पार्टी जीत जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव ईवीएम सिस्टम से होंगे तो दबंग पार्टियों के साथ न्याय होगा। हमें आगामी विधानसभा चुनाव में लड़ना है और अपना राज्य प्राप्त करना है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से अपने पैरों पर खड़े होने और विधानसभा जाने का आह्वान किया।

खड़गे और उनके परिवार को मारने की साजिश के आरोप पर भाजपा नेता हैरान, बोले- सुनकर बहुत हंसी आई

बेंगलुरू, 7 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने आरोप लगाए हैं कि भाजपा नेता और चित्तापुर सीट से उम्मीदवार मणिकांत राठौड़ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और उनके परिवार की हत्या करने की साजिश रच रहे हैं। अब कांग्रेस के आरोपों पर मणिकांत राठौड़ ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जब मैंने ये सुना तो मुझे काफी हैरानी हुई और मैं खूब हंसा। कांग्रेस चुनाव हारने से बहुत ज्यादा डरी हुई है। यही वजह है कि वह ऐसे झूठे आरोप लगा रहे हैं। मैंने कांग्रेस के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

राठौड़ ने कहा कि सोशल मीडिया पर जो ऑडियो क्लिप वायरल हो रही है, वह फर्जी है और मैंने किसी को कोई धमकी नहीं दी है। बता दें कि कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाए थे कि भाजपा नेता द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और उनके पूरे परिवार की हत्या की साजिश रची जा रही है।

तेरापंथ महिला मंडल द्वारा तत्वसंबोध केंद्र का शुभारंभ

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ महिला मंडल हैदराबाद द्वारा तत्वसंबोध केंद्र के बैनर का विमोचन कर केंद्र का शुभारंभ आज किया गया। इस केंद्र का उद्घाटन आचार्य श्री महाश्रमण जी के संयम पर्याय के, 50 वे वर्ष प्रवेश के अमृत महोत्सव दिवस पर, उनकी प्रबुद्ध शिष्या साध्वी श्री डॉक्टर मंगल प्रज्ञा जी आदि ठाणा-6 के सान्निध्य में तेरापंथ भवन , सिकंदराबाद में आरंभ किया गया। महिला मंडल द्वारा सुंदर गीतिका संगान किया गया। साध्वी श्री ने मंगल उद्बोधन दिया। मंडल अध्यक्ष अनिता गिडिया,सभा अध्यक्ष बाबुलालजी बैद तेयुप अध्यक्ष वीरेंद्र घोषाल, मंत्री नीरज सुराणा,टीपी एफ अध्यक्ष पंकज संचेती,अणुव्रत अध्यक्ष प्रकाश भंडारी ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की ।साध्वी श्री सुदर्शन प्रभा, साध्वी सिद्धी यशा जी, साध्वी डॉ. राजुल प्रभा जी ,साध्वी डॉ. चैतन्य प्रभा जी, साध्वी डॉ.शौर्य प्रभा जी ने स्व रचित गीत का सुन्दर संगान किया। इस अवसर पर तत्वज्ञान प्रशिक्षिकाएं श्रीमती रंजू बैद ,पुष्पा बरड़ीया, रेखा संकलेचा ,शोभा नाहर,प्रेम पारख,चंद्रा सुराणा ,अंजू रुणवाल, महिला मंडल सदस्य संरक्षिका संपत सिंघी, परामर्शक अर्पिता लोढ़ा,चंदा जैन,पूर्व अध्यक्ष रीता सुराणा,मंजू दुगड़, उपाध्यक्ष शकुंतला बुच्चा कोषाध्यक्ष शांता बैद, सहमंत्री शीतल सांखला,सुमन दुगड़, सरिता डागा,मोनिका भंसाली,संतोष गुजरानी,ममता दुगड़,कुसुम संचेती,बबिता बैद एवं कन्या मंडल संयोजिका प्रार्थना सुराणा, संपूर्ण श्रावक समाज की बहुत अच्छी संख्या में उपस्थिती रही।

सीवी आनंद ने फिटनेस में सुधार के लिए 60 पुलिसकर्मियों को पुरस्कार प्रदान किया

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने रविवार को उन 60 पुलिसकर्मियों को पुरस्कार प्रदान किए जिन्होंने अपने स्वास्थ्य स्तर में सुधार के संकेत दिए हैं। हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के सहयोग से हैदराबाद पुलिस ने छह महीने पहले एक मोबाइल एप्लीकेशन 'फिटकॉप' लॉन्च किया और कुछ महीने पहले 16,000 पुलिसकर्मियों की स्क्रीनिंग की। समय-समय पर, टीम ने उच्च जोखिम वाली श्रेणी में पुलिसकर्मियों द्वारा अपनाई गई प्रथाओं का मूल्यांकन किया और पाया कि उनमें से 60 खुद को बदलने के लिए गंभीर प्रयास कर रहे हैं। आयुक्त ने पौष्टिक आहार लेने के महत्व पर जोर दिया और वेट ट्रेनिंग, स्ट्रेचिंग के फायदे बताए। उन्होंने मांसपेशियों को बनाए रखने और अतिरिक्त वजन कम करने के बीच सही संतुलन बनाने के टिप्स साझा किए और स्टाफ अधिकारियों से अपने परिवारों में भी स्वास्थ्य संस्कृति को अपनाने के लिए कहा। आनंद ने पुलिसकर्मियों को बेहतर सार्वजनिक जुड़ाव और काम पर कैलोरी बर्न करने के लिए जब भी संभव हो पैदल गश्त करने का सुझाव दिया। उन्होंने एचएचएफटीम को उच्च जोखिम श्रेणी के उम्मीदवारों के साथ दैनिक आधार पर फॉलोअप करने का निर्देश दिया। गजाराव भूपाल, संयुक्त सीपी (एसएमआईटी और समन्वय) डी. सुनीता रेड्डी, डीसीपी - आईसीसीसी, एचएचएफ टीम के प्रमुख मुजतबा असकरी और अन्य उपस्थित थे।

अग्रणी महिला मंच द्वारा रवींन्द्रनाथ ठाकुर जयंती मनाई गई। उपस्थित हैं अध्यक्षा सुमन भुवानिया बबिता गर्ग, रितु गर्ग, टीना खंडेलवाल, श्वेता खंडेलवाल, सुनयना नरसरिया, श्रद्धा सुखिया, संगीता जाजोदिया, प्रीति गोयल, रूपा गुप्ता, स्मिता शाह, मीनाक्षी अग्रवाल, पवन भुवानिया।

भगवान चित्रगुप्त का प्रकट उत्सव मनाया गया

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। नगर के ऐतिहासिक चित्रगुप्त मंदिर उपपुगुड़ा में भगवान "चित्रगुप्त" का भव्य प्रकटोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6:00 बजे भगवान चित्रगुप्त का अभिषेक से शुरू किया गया, जिसमें हैदराबाद के चित्रांश परिवार के लोगों ने भारी संख्या में पूजा-अर्चना की। कलम दावत के भगवान चित्रगुप्त की पालकी छात्रों द्वारा,बैंड, बाजों, नगाड़ों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। काफी संख्या में चित्रगुप्त भगवान के भक्त इस शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभा यात्रा के दौरान चित्रांश परिवार के छात्र छात्राओं ने भारी संख्या में हिस्सा लिया और उत्साह पूर्ण वातावरण में घोड़े के साथ पालकी यात्रा नृत्य संगीत के साथ संपन्न हुआ, जिसमें स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा और शांति बनाने में काफी सहयोग मिला।

इस महोत्सव में मुख्य अतिथि आरके सिन्हा (पूर्व राज्यसभा सांसद) भारतीय जनता पार्टी के उपस्थित हुए l उन्होंने भगवान की पूजा अर्चना की और हैदराबाद में इस भव्य आयोजन को देखकर प्रसन्नता प्रकट करते हुए बताया कि आप लोग बड़े ही सौभाग्यशाली हैं जो हैदराबाद में इस तरह का आयोजन और इस तरह की प्राचीन मंदिर आपको विरासत में मिली है इसे संजो कर रखना आप सबका दायित्व और कर्तव्य दोनों है आने वाली पीढ़ियों के लिए यह एक उदाहरण होगा। चार सौ साल प्राचीन हाने से इस चित्रगुप्त मंदिर का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने भारी सख्या में उपस्थित हैदराबाद के चित्रांश परिवारों को इस उत्सव पर शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि का अभिनंदन सुरेखा श्रीवास्तव और मुकेश राज गौर ने की। उपस्थित सभी भक्तजनों का स्वागत, और धन्यवाद श्री सुरेखा श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने का श्रेय सुरेखा श्रीवास्तव, श्रीमती माधुरी सक्सेना और मुकेश राज गौर को जाता है।

भगवान श्रीराम का जिक्र कर आजम खान ने बीजेपी पर बोला हमला, कहा इन लोगों ने महात्मा गांधी को भी नहीं छोड़ा

लखनऊ, 7 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव के पहले चरण के बाद दूसरे चरण के चुनाव के लिए सियासत तेज है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान सुपर एक्टिव मोड में आ गए हैं। आजम खान ने रामपुर में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सपा नेता ने भगवान श्रीराम का नाम लेते हुए भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला।

सपा नेता ने जनता को हिंदू-मुस्लिम एकता का पाठ पढ़ाया। आजम खान ने जहां महात्मा गांधी के हत्या के समय निकले बोल, हे राम का जिक्र किया तो वहीं टीपू सुल्तान की हत्या के बाद अंग्रेजों द्वारा उतार कर ले जाई गई अंगूठी पर राम लिखा होना बताया। उन्होंने बेटे अब्दुल्ला आजम की विधानसभा सदस्यता जाने पर मुस्लिम बाहुल्य स्वार सीट पर सपा ने हिंदू प्रत्याशी का कार्ड खेला है। उन्होंने जेल में रहने का दर्द भी सुनाया।

आजम खान का बेटे की विधायकी सदस्यता रद्द होने के बाद दर्द भी छलका। उन्होंने राजीव, इंदिरा, महात्मा गांधी की हत्या का जिक्र करते कहा कि ये लोग राष्ट्रपिता को नहीं छोड़े जिन्होंने कभी हिंसा नहीं किया तो हमें क्या छोड़ेगे।

आजम खान ने इमरजेंसी का जिक्र कर कांग्रेस पर साधा निशाना :

इस दौरान सपा नेता ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने हमारे वतन हिंदुस्ता में इमरजेंसी के नाम पर ऐसा दौर भी आया। जब पूरे मुल्क को कहा गया कि यह कैद खाना बन गया।

श्याम बाबा मंदिर परिसर स्थित हनुमान मंदिर में बजरंग सेना तेलंगाना टीम द्वारा हनुमान चालीसा कार्यक्रम और गोसेवा का आयोजन किया गया और नवनियुक्त होने पर सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। उपस्थित हैं बजरंग सेना तेलंगाना के अध्यक्ष एनआर लक्ष्मण राव, महिला अध्यक्ष रजनी श्रीरामोजू, महासचिव सूर्य शुक्ला, नगर उपाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, किरण, संगम, राजा राम, धीरज व अन्य।

हिंदी प्रचार सभा के अधिकारियों ने किया केंद्रीय मंत्री का सम्मान

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद सभा के अध्यक्ष प्रो. चंद्रदेव कवडे पर्यटन मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत होने पर सभा के अधिकारियों ने आज केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी से भेंटकर उनका सम्मान किया। इस उपलक्ष्य में केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी से भेंट कर प्रो. चंद्रदेव कवडे ने आश्वासन दिया कि उनका सहयोग हमेशा हिंदी के लिए मिलता रहेगा। वे अखिल भारतीय हिंदी संस्था संघ, नई दिल्ली के उपाध्यक्ष के रूप में भी सेवाएँ दे रहे हैं। इस संदर्भ में सभा के प्रधानमंत्री शेक गैबुवली ने कहा कि प्रो. कवडे का पर्यटन मंत्रालय द्वारा हिंदी सलाहकार समिति में मनोनीत किया जाना सभा के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर सभा के परीक्षा मंत्री प्रो. सुरेश पुरी, संचालन समिति सदस्य डी. हाजीवली, के. वेंकटेश्वर, रजिस्ट्रार नामदेव वाघमोडे आदि उपस्थित थे।

पारिक भवन में संस्कार शिविर आज से, की गई बैठक

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। पारीक भवन में संस्कार शिविर की तैयारियों को लेकर श्री विप्र सेवा संघ एवं विप्र फाउंडेशन जोन 16 कि सयुंक्त बैठक का आयोजन किया गया। लक्ष्मीकांत व्यास ने आज प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि आज की बैठक कि अध्यक्षता शिव सागर त्रिवेदी अध्यक्ष विप्र फाउंडेशन जोन-16 ने कि आज की बैठक में संस्कार शिविर के आयोजन के तेयारियों की समीक्षा की गई कल 8 मई से 14 मई तक संस्कार शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से मध्यान्ह 1 बजे तक पारीक भवन, कोलसावाड़ी, बेगम बाज़ार में किया जायेगा सात दिवसीय शिविर में सूर्य नमस्कार, श्लोक, भगवद्गीता, नेतृत्व, ध्यान, साधना, स्मृति विकास, कहानी, गीत, मनोरंजन एवं खेल आदि की शिक्षा अरुण कुमार गौड़ प्रांत प्रमुख गीता परिवार एवं विप्र सेवा संघ के महा मंत्री द्वारा दी जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक उमेश शर्मा, हेमलता शर्मा एवं सहसयोंजक प्रदीप खंडेलवाल विद्या दवे ने कार्यक्रम के तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में शिविर के बैनर का विमोचन किया गया समय पर विप्र फाउंडेशन से शिव सागर त्रिवेदी (प्रदेश अध्यक्ष), महेश अवस्थी (महामंत्री) हेमलता शर्मा (प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ), श्री विप्र सेवा संघ से अरुण गौड़ (महामंत्री) उमेश शर्मा (कोषाध्यक्ष) एवं विद्या दवे, मालीराम शर्मा, श्रीनिवास शर्मा, नरायण दास शर्मा, भोलाशंकर शर्मा, भगवान दास कौशिक, गिरीश शर्मा, पवन कुमार मिश्रा, निरंजन लाल मिश्रा, श्री लाल पारिक, उमेश चन्द्र शर्मा, मोहन लाल शर्मा, हेमलता शर्मा, संध्या शर्मा, विजेता शर्मा, लक्ष्मीकांत व्यास प्रदीप खंडेलवाल एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

सीतारामराजू स्वतंत्रता के इतिहास में एक महान शक्ति थे : गज्जला



हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। अल्लूरी सीतारामराज की पुण्यतिथि के अवसर पर शेरीलिंगमपल्ली के विधायक गज्जला योगानंद ने स्थानीय विवेकानंद नगर चौराहे पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर योगानंद ने कहा कि मान्यसीमा का बेटा अल्लुरी एक तेलुगु मां का बेटा है, जिसे गोरे रईसों ने पाला था। योगानंद ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता के इतिहास में एक महान शक्ति रहे सीतारामराजू का सशस्त्र संघर्ष स्वतंत्रता आंदोलन में एक विशेष अध्याय था। यह विश्वास करते हुए कि स्वतंत्रता केवल सशस्त्र संघर्ष और सीतारामाराजू के माध्यम से आएगी, एक योद्धा जिसने इसके लिए अपना जीवन लगा दिया।

योगानंद ने कहा कि अल्लूरी सीतारामराज एक महान नायक थे, जिन्होंने 27 साल की उम्र में अनपढ़, गरीब और भोले-भाले अनुयायियों और बहुत सीमित संसाधनों के साथ ब्रिटिश साम्राज्य की महान शक्ति पर विजय प्राप्त की। योगानंद ने बताया कि सीतारामराज के अदम्य साहस, आत्म-बलिदान, एकाग्रता और सत्यनिष्ठा से हम सब सीख सकते हैं। इस अवसर पर मेडचल शहरी जिला भाजपा अध्यक्ष पन्नाला हरीश रेड्डी, जिला उपाध्यक्ष अल्लूरी रामा राजू, भाजपा के राज्य नेता डी.जी.के राजू, माधवरम कांता राव, माराबोइना रवि कुमार यादव, मुव्वा सत्यनारायण, वड्डेपल्ली राजेश्वर राव, कोराडाला नरेश, भाजयुमो राज्य महासचिव अरुण कुमार, सेरिलिंगमपल्ली विधानसभा सह संयोजक मणि भूषण, मेडचल जिला भाजपा प्रवक्ता वेणु गोपाल यादव, वरिष्ठ नेता केश राव, वीरयाचारी, जिला भाजयुमो प्रवक्ता कस्तूरी शिवाजी, 122 मंडल अध्यक्ष नरसिंह, 123 मंडल भाजपा अध्यक्ष नवीन, 124 मंडल भाजपा अध्यक्ष कमलाकर रेड्डी, महासचिव कृष्णा राजू, रघु, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष राहुल, भाजयुमो संभाग के नेता अमर नाथ, शैलेश, देवेंद्र और अन्य ने भाग लिया।

उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया भाग्यलक्ष्मी माता का पूजन

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों का एक दल एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने हैदराबाद पहुंचा। रविवार को प्रसिद्ध श्री भाग्य लक्ष्मी माता मंदिर चारमीनार में माता का दर्शन कर आशीर्वाद लिया और मंदिर की ट्रस्टी सुश्री शशि कला मिश्रा से मुलाकात की। अधिकारियों के दल में जौनपुर डीडीओ बृजभान सिंह, पीडी जयकेश त्रिपाठी, डीसी मनरेगा भूपेंद्र कुमार सिंह, डीसीएनआरएलएम ओपी यादव, डीएसटीओ आरडी यादव, जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल, ईओ जौनपुर संतोष मिश्रा, बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत राजू, बिहार सहयोग समिति के अध्यक्ष बिनय कुमार यादव, महासचिव राज नारायण सिंह आदि उपस्थित रहे।

हिंदी नगर (जामबाग मंडल) में विकलांग महिलाओं को सुविधा से यातायात करने के लिए मंडल के पार्षद राकेश जायसवाल ने उन्हें रिक्शा प्रदान किा। इस अवसर पर श्रीमती वीना जायसवाल, रघु कांबले, रामकृष्ण, संदीप, प्रवीण की उपस्थिति रही।

गौ सेवा मित्र मंडल द्वारा स्थित श्री समर्थ कामधेनु गोशाला, जियागुड़ा में अयोजित श्री श्याम वार्षिक उत्सव 21 मई 2023 के बैनर जारी किया गया। इस अवसर पर उपस्थित हैं प्रभुदत्त महाराज, मनोज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सुनील, यश अग्रवाल, अमीश अग्रवाल और मंडल के अन्य सदस्य।

गुजरात प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम

लखनऊ पर लगातार चौथी जीत हासिल की ; गिल 94 पर नाबाद, मोहित शर्मा ने झटके 4 विकेट

अहमदाबाद, 7 मई (एजेंसियां)। डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया है। टीम मौजूदा सीजन के प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई है। हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली गुजरात की टीम ने 51वें मुकाबले में लखनऊ सुपरजायंट्स को 56 रन से हराया।

यह गुजरात की लखनऊ पर लगातार चौथी जीत है। इस सीजन में गुजरात ने 8वीं जीत हासिल की है। अब टीम के 16 अंक हो गए हैं।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में लखनऊ ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 2 विकेट पर 227 रन बनाए। जवाब में लखनऊ के बल्लेबाज 20 ओवर में 7 विकेट पर 171 रन ही बना सके।

सुपर संडे का दूसरा मुकाबला राजस्थान और हैदराबाद के बीच जयपुर में खेला जा रहा है।

गिल की 18वीं फिफ्टी

रन 94 | गेंद 51 | 4/6 : 2/7 | स्ट्राइक रेट 184.31

ऐसे गिरे लखनऊ के विकेट...

पहला: 9वें ओवर की दूसरी गेंद पर मोहित शर्मा ने काइल मेयर्स को राशिद खान के हाथों कैच कराया। दूसरा: 13वें ओवर की दूसरी बॉल पर मोहम्मद शमी ने दीपक हुड्डा को राहुल तेवतिया के हाथों कैच कराया। तीसरा: 15वें ओवर की 5वीं बॉल पर मोहित शर्मा ने मार्कस स्टोइनिस को शमी के हाथों कैच कराया। चौथा: 16वें ओवर की आखिरी बॉल पर राशिद खान ने डिकॉक को बोल्ड कर दिया। पांचवां : 18वें ओवर की दूसरी बॉल पर नूर अहमद ने पूरन को शमी के हाथों कैच कराया। छठा: 19वें ओवर की 5वीं बॉल पर मोहित शर्मा ने आयुष बडोनी को नूर अहमद के हाथों कैच कराया। सातवां: 19वें ओवर की आखिरी बॉल पर मोहित शर्मा ने क्रुणाल पंड्या को डेविड मिलर के हाथों कैच कराया।

डिकॉक 20वां अर्धशतक पूरा कर चुके हैं। यह उनका इस सीजन में पहला अर्धशतक है। डिकॉक ने 31 बॉल पर फिफ्टी पूरी की।

228 रन का टारगेट चेज करने उतरी लखनऊ को ओपनर्स ने शानदार शुरुआत दिलाई। काइल मेयर्स और क्विंटन डिकॉक की जोड़ी ने 50 बॉल पर 88 रनों की साझेदारी की।

लखनऊ की मजबूत शुरुआत

पहले 6 ओवर में लखनऊ ने भी तेज शुरुआत की। टीम ने पावरप्ले में बिना नुकसान के 76 रन बनाए। यहां टीम के दोनों ओपनर नाबाद रहे।

यहां से गुजरात की पारी...

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में लखनऊ ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला लिया। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 2 विकेट पर 227 रन बनाए।

ऐसे गिरे गुजरात के विकेट...

पहला: 13वें ओवर की पहली बॉल पर आवेश खान ने साहा को प्रेरक मांकड़ के हाथों कैच कराया। दूसरा: 16वें ओवर की आखिरी बॉल पर मोहसिन खान ने हार्दिक पंड्या को क्रुणाल पंड्या के हाथों कैच कराया।

साहा ने मौजूदा सीजन में पहली हाफ सेंचुरी जमाई। उन्होंने 20 बॉल पर अर्धशतक जमाया। यह उनके करियर की 12वीं हाफ सेंचुरी है। साहा ने 43 बॉल पर 81 रन बनाए।

गिल ने सीजन का चौथा अर्धशतक जमाया

गिल सीजन का चौथा अर्धशतक जमाया है। यह गिल के करियर का 18वां अर्धशतक है। उन्होंने 29 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की। गिल ने 51 बॉल पर नाबाद 94 रन बनाए।

एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप

बिंदियारानी ने जीता रजत, भारत का खुला खाता



खेल डेस्क, 7 मई (एजेंसियां)। बिंदियारानी ने स्नैच में पहले दो प्रयासों में 80 किग्रा और 83 किग्रा भार उठाया। इसके बाद उन्होंने 85 किग्रा भार उठाने का प्रयास किया लेकिन उसमें वह असफल रहीं। उनका व्यक्तिगत श्रेष्ठ प्रदर्शन वैसे 86 किग्रा का रहा है।

राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक बिंदियारानी देवी ने शनिवार को कोरिया के जिंजू में एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक के साथ भारत का खाता खोल दिया। मणिपुर की बिंदियारानी ने कुल 194 किग्रा (83 + 111 किग्रा) उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया। उनका 55 किग्रा भारवर्ग हालांकि ओलंपिक में शामिल नहीं है।

बिंदियारानी ने स्नैच में पहले दो प्रयासों में 80 किग्रा और 83 किग्रा भार उठाया। इसके बाद उन्होंने 85 किग्रा भार उठाने का प्रयास किया लेकिन उसमें वह असफल रहीं। उनका व्यक्तिगत श्रेष्ठ प्रदर्शन वैसे 86 किग्रा का रहा है। भारतीय खिलाड़ी ने क्लीन एवं जर्क में इसकी भरपाई की तथा दूसरा सर्वाधिक भार उठाकर रजत पदक हासिल किया। चीन ताइपे की चेन गुआन लिंग ने 204 किग्रा (90 +114) के साथ स्वर्ण जबकि वियतनाम की वो थी क्वान्ह नहू (88 + 104 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता।

क्लीन एंड जर्क में सुधारा प्रदर्शन

स्नैच के बाद बिंदियारानी चौथे स्थान पर चल रही थी लेकिन फिर उन्होंने क्लीन एंड जर्क में दूसरा श्रेष्ठ भार उठाया। उसके बाद उन्होंने अपने कुल स्कोर में सुधार के लिए 115 किग्रा भार उठाने का प्रयास किया लेकिन इसमें विफल रहीं। पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में उन्होंने 116 भार उठाया था। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने चयन ट्रायल से पहले चोटिल हो जाने के कारण वापस 55 किग्रा भारवर्ग में भाग लेने का फैसला किया। उन्होंने इससे पहले 59 किग्रा में भाग लेना शुरू कर दिया था जोकि पेरिस ओलंपिक का हिस्सा है। बिंदियारानी ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में 59 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा लिया था जिसमें वह 25वें स्थान पर रही थी।

ओलंपिक के लिए जरूरी थी भागीदारी

टूर्नामेंट से पहले मुख्य प्रशिक्षक विजय शर्मा ने इस चैंपियनशिप में सिर्फ बिंदियारानी की भागीदारी पर जोर दिया था क्योंकि यह स्पर्धा पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफायर्स और इस साल होने वाले एशियाई खेलों से पहले महत्वपूर्ण है। पेरिस 2024 ओलंपिक क्वालिफिकेशन के नियमों के अनुसार किसी भारोत्तोलक के लिए 2023 विश्व चैंपियनशिप और 2024 विश्वकप में भाग लेना अनिवार्य है।

इसके अलावा पांच अन्य प्रतियोगिताओं 2022 विश्व चैंपियनशिप, 2023 महाद्वीपीय चैंपियनशिप और 2023 ग्रां प्रि-1, ग्रां प्रि-2 और 2024 महाद्वीपीय चैंपियनशिप में से किसी तीन में भाग लेना अनिवार्य है। ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू और बिंदियारानी दोनों ने यहां हिस्सा लेने के अलावा पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में भी उतरी थीं। अब उन्हें एक अन्य स्पर्धा में भाग लेना है। क्वालिफाइंग स्पर्धाओं में श्रेष्ठ तीन प्रदर्शन को अंतिम आकलन में शामिल किया जाता है।

विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप: आकाश सांगवान और निशांत देव ने किया कमाल, प्री-क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

खेल डेस्क, 7 मई (एजेंसियां)। आकाश अगले मैच में कजाखस्तान के दुलात बेकबायूओव के खिलाफ खेलेंगे। निशांत का मुकाबला दक्षिण कोरिया के ली सैगमिन से हुआ। भारतीय मुक्केबाज ने पहला राउंड आसानी से जीत लिया और अगले दोनों राउंड में अच्छा प्रदर्शन कायम रखते हुए 5-0 से जीत हासिल की।

भारतीय खिलाड़ी आकाश सांगवान (67 भारवर्ग) और निशांत देव (71 भारवर्ग) ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए शनिवार को ताशकंद में विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। आकाश ने चीन के मुक्केबाज फ्यू मिंगकी के खिलाफ तेजी से पंच लगाए और उनके रक्षण को तोड़ दिया। चीनी मुक्केबाज ने वापसी की कोशिश की, लेकिन आकाश को 5-0 से जीतने से नहीं रोक पाए।

आकाश अगले मैच में कजाखस्तान के दुलात बेकबायूओव के खिलाफ खेलेंगे। निशांत का मुकाबला दक्षिण कोरिया के ली सैगमिन से हुआ। भारतीय मुक्केबाज ने पहला राउंड आसानी से जीत लिया और अगले दोनों राउंड में अच्छा प्रदर्शन कायम रखते हुए 5-0 से जीत हासिल की। वह प्री-क्वार्टर फाइनल में निडाल के साथ खेलेंगे।

रविवार को दीपक (51 भारवर्ग), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 भारवर्ग), सुमित (75केजी) और नरेंद्र (+92 भारवर्ग) अपने-अपने मुकाबलों में चुनौती पेश करेंगे।

2025 में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पाकिस्तान आए टीम इंडिया

पीएसजी ने कहा- बीसीसीआई ने लिखित में गारंटी नहीं दी तो वर्ल्ड कप खेलने भारत नहीं आएंगे

कराची, 7 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस साल भारत में होने वाले वर्ल्ड कप को लेकर नई शर्त रखी है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम वर्ल्ड कप खेलने तब ही भारत आएगा जब BCCI 2025 में पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया को भेजने की लिखित गारंटी देगा।

न्यूज एजेंसी पीटीआई के एक सोर्स के मुताबिक पीसीबी के चेयरमैन नजम सेठी बीसीसीआई सचिव जय शाह से लिखित गारंटी लेंगे।

पाकिस्तान सरकार से मिले सेठी

पीसीबी के सोर्स के मुताबिक कुछ दिन पहले नजम सेठी पाकिस्तान सरकार के अधिकारियों से एशिया कप में हिस्सा लेने को लेकर मिले थे। सेठी ने अधिकारियों से पाकिस्तान के एशिया कप में हिस्सेदारी को लेकर चर्चा की। सेठी के मुताबिक अगर दुबई और लाहौर में एशिया कप के मैच नहीं खेले गए तो पाकिस्तान एशिया कप से अपना नाम वापस ले सकता है।

सेठी ने सरकार से चर्चा करने के बाद ही एशिया क्रिकेट काउंसिल को अपना फाइनल डिसीजन बताएंगे। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है की अगर एशिया कप हाइब्रिड मॉडल में नहीं हुआ तो वह किसी भी इवेंट में भाग नहीं लेंगे। हाइब्रिड मॉडल में एशिया कप पाकिस्तान में ही होगा, लेकिन भारत के मैच यूएई में खेले जाएंगे।

5 अक्टूबर से शुरू हो सकता है वर्ल्ड कप

वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से शुरू हो सकता है और इसके लिए 12 वेन्यू शॉर्ट लिस्ट किए गए हैं। इनमें चेन्नई और कोलकाता भी शामिल हैं।

सेठी जल्द लेंगे अंतिम फैसला

सोर्स के मुताबिक, सेठी अब एसीसी के आगे एशिया कप को लेकर अपना अंतिम फैसला लेंगे। सेठी अब देरी नहीं चाहते हैं। सेठी अब चाहते है की मैच पाकिस्तान में ही हो या फिर पाकिस्तान एशिया कप में हिस्सा नहीं ले।

8 मई को कर सकते हैं बैठक

बीसीसीआई सचिव और एशिया क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष जय शाह ने कहा था कि एशिया कप में टीम इंडिया के मैच पाकिस्तान के बजाय दूसरे देश में कराने को लेकर पीसीबी के प्रस्ताव पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। अन्य देशों से भी उनके फीडबैक लिए जा रहे हैं। उस फीडबैक के आधार पर ही अगला फैसला लिया जाएगा।

सोर्स के मुताबिक सेठी 8 मई को दुबई के लिए रवाना होने वाले हैं, जहां वे एसीसी और आईसीसी के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

पाकिस्तान 2016 में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने आ चुका है

टीम इंडिया राजनीतिक कारणों से पाकिस्तान नहीं जाती है, लेकिन पिछले 10 सालों में पाकिस्तान की टीम 2016 का टी-20 वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आ चुकी है। बाइलैट्रल सीरीज न होने के कारण 2007 के बाद दोनों के बीच कोई टेस्ट मैच नहीं खेला गया है।

चेन्नई और दिल्ली की जीत से प्वाइंट्स टेबल में बड़ा बदलाव, अन्य टीमों को नुकसान

खेल डेस्क, 7 मई (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में शनिवार को दो शानदार मुकाबले खेले गए। इन दोनों मैचों के नतीजे से आईपीएल 2023 की प्वाइंट्स टेबल में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला है।

इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में शनिवार को दो शानदार मुकाबले खेले गए। इन दोनों मैचों के नतीजे से आईपीएल 2023 की प्वाइंट्स टेबल में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला है। शनिवार को पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला गया जिसमें जीत दर्ज करते ही सीएसके ने टॉप-2 में अपनी जगह पक्की कर ली। वहीं दूसरे मैच में दिल्ली ने जीत हासिल कर प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा है।

लखनऊ सुपर जायंट्स को हुआ नुकसान

सीएसके और मुंबई इंडियंस के बीच खेले गए मैच से पहले लखनऊ और चेन्नई के समान अंक थे हालांकि बेहतर नेट रनरेट के चलते एसएसजी प्वाइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर थी। लेकिन इस मैच में जीत दर्ज करते ही सीएसके के 13 अंक हो गए और वह लखनऊ जिसके 11 अंक है उससे आगे निकल गई। वहीं टॉप पर अभी भी गुजरात टाइटंस 14 प्वाइंट्स के साथ मौजूद है। इसके अलावा राजस्थान रॉयल्स की चौथी पोजीशन को भी नुकसान नहीं हुआ है।

दिल्ली कैपिटल्स 9वें स्थान पर पहुंची

आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए मैच में जीत दर्ज करने से दिल्ली की टीम के खाते में 6 अंक हो गए। जिसके चलते वह 10वें से 9वें स्थान पर आ गई। अब आखिरी नंबर पर सनराइजर्स मौजूद है जिसके भी 6 अंक ही है लेकिन उसकी नेट रनरेट दिल्ली से कम है। हालांकि हैदराबाद आज का मैच जीत जाती है तो वह दिल्ली से एक बार फिर से आगे निकल जाएगी। वहीं आरसीबी ने इस मैच में हार के बाद टॉप-4 में एंट्री का एक सुनहरा मौका गंवा दिया है। अब उसे 4 में से कम से कम 3 मैच तो जीतने ही होंगे तभी क्वालिफाई कर पाएगी।

गौतम गंभीर और नवीन उल हक ने मिलकर फिर घुमाया माथा

विराट कोहली की हार के बाद क्या किया?

खेल डेस्क, 7 मई (एजेंसियां)। विराट कोहली से सजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को दिल्ली कैपिटल्स ने अपने घर में हरा दिया. इसी बीच नवीन उल हक ने गौतम गंभीर के साथ अपनी एक फोटो शेयर की, जिसका कैप्शन कुछ और ही कहानी कह रहा है

नई दिल्ली. विराट कोहली की गौतम गंभीर और नवीन उल हक से लड़ाई हुए करीब 6 दिन बीत चुके हैं, मगर मामला ठंडा होने का नाम ही नहीं ले रहा है. मामला अगर शांत भी हो रहा होता है तो कोई ना कोई चिंगारी लगा ही देता है. अब नवीन उल हक को ही देख लीजिए. उन्होंने गौतम गंभीर के साथ अपनी एक फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की और उसके साथ 2 लाइन का कैप्शन भी लिखा. कैप्शन के साथ उन्होंने गोट और सिर चकराने वाले 2 इमोजी भी लगाए.

इतना ही नहीं गंभीर ने भी उनकी

पोस्ट पर तेजी से जवाब दिया और ये सब उस समय हुआ, जब दूसरी तरफ दिल्ली में विराट कोहली से सजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को दिल्ली कैपिटल्स ने 7 विकेट से लगभग हरा ही दिया था. मैच बस खत्म होने वाला था. विराट कोहली ने 46 गेंदों पर 55 रन बनाए, मगर टीम की जीत के लिए ये काफी नहीं था. एक तरफ बैंगलोर लगभग हार के करीब पहुंच गई थी तो दूसरी तरफ अहमदाबाद से नवीन उल हक ने गंभीर के साथ एक पोस्ट किया. नवीन ने लिखा कि लोगों के साथ वैसा ही व्यवहार करें जैसा आप चाहते हैं कि आपके साथ हो. लोगों से उसी तरह से बात करें, जैसे आप गोट के बात करना चाहते हैं. उनके इस पोस्ट पर गंभीर ने तुरंत जवाब दिया और कहा कि जैसे हो वैसे रहो. कभी मत बदलो. नवीन ने गंभीर को रिप्लाई करते हुए कहा कि 100 फीसदी सर. दोनों की सोशल मीडिया पर ये बातचीत दिल्ली में कोहली की हार के समय ही हुई. हालांकि इस पोस्ट के बाद दोनों काफी ट्रोल भी हो रहे हैं. बीते दिनों मैदान पर मचे बवाल की बात करें तो आईपीएल 2023 के 43वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने लखनऊ सुपर जायंट्स को हरा दिया था. मैच के दौरान विराट कोहली की नवीन उल हक से बहस हुई थी. मैच के बाद हाथ मिलाते समय दोनों के बीच बात बिगड़ गई. इसी बीच गंभीर इस मामले में आ गए. फिर तो बात संभलने की बजाय और बिगड़ गई. माहौल गरमा गया था. केएल राहुल सहित कई खिलाड़ियों ने मिलकर कोहली और गंभीर को अलग किया. मैदान पर इस तरह के व्यवहार के कारण कोहली और गंभीर पर 100 फीसदी और नवीन उल हक पर 50 फीसदी मैच फीस का जुर्माना लगा.

पीएसजी की अनुमति के बिना सऊदी जाने के लिए मेसी ने क्लब से मांगी माफी

दो हफ्तों का लगा था निलंबन

पेरिस, 7 मई (एजेंसियां)। अब जबकि मेसी ने क्लब से माफी मांग ली है, ऐसे में यह देखना दिलचस्प रहेगा कि उनके निलंबन को कम किया जाता है या नहीं। मेसी के सऊदी के किसी क्लब से भी जुड़ने के भी कयास लगाए जा रहे हैं।

अर्जेंटीना और पेरिस सेंट जर्मेन के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी ने क्लब की अनुमति के बिना सऊदी अरब की ट्रिप करने के लिए माफी मांग ली है। हाल ही में मेसी पत्नी और बच्चों संग सऊदी गए थे। इसके बाद क्लब ने उन्हें दो हफ्तों के लिए निलंबित कर दिया था। हालांकि, अब जबकि उन्होंने क्लब से माफी मांग ली है, ऐसे में यह देखना दिलचस्प रहेगा कि उनके निलंबन को कम किया जाता है या नहीं। मेसी के सऊदी के किसी क्लब से भी जुड़ने के भी कयास लगाए जा रहे हैं।

फ्रांस के खेल पत्रकार फैब्रिजियो रोमानो ने एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें मेसी क्लब से माफी मांगते दिख रहे हैं। इस वीडियो में मेसी कहते हैं- मैंने सोचा था कि हम मैच के बाद हमेशा की तरह एक दिन की छुट्टी लेने जा रहे थे। मैंने ही इस टूर का प्लान बनाया था और मैं इसे रद्द नहीं कर सकता था। मैंने पहले भी सऊदी की एक यात्रा रद्द की थी।

मेसी कहते हैं- मैं अपने साथियों से माफी मांगता हूं और मैं इंतजार कर रहा हूं कि क्लब मेरे साथ क्या करना चाहता है। हर



किसी के लिए बड़ा हग (झप्पी)। जब तक निलंबन रहेगा, मेसी को ट्रेनिंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा न ही वह खेल पाएंगे और उन्हें इस दौरान की सैलरी भी नहीं दी जाएगी। मेसी का इस सीजन पीएसजी के साथ कॉन्ट्रैक्ट भी समाप्त हो रहा है। ऐसे में इस निलंबन ने उन कयासों को हवा दिया है कि मेसी पीएसजी को छोड़ सकते हैं।

क्लब के हारने पर भी सऊदी अरब की ट्रिप पर गए मेसी

दरअसल, यह पूरा मामला पीएसजी के पिछले मुकाबले से शुरू हुआ। क्लब ने अपना पिछला मैच 30 अप्रैल को लोरिएंट के खिलाफ खेला था। उस मैच में पीएसजी को 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था। टीम के नियम के मुताबिक, अगर पीएसजी वह मैच जीतता तो खिलाड़ियों को दो दिन की छुट्टी मिलती, लेकिन पीएसजी की टीम मैच हार गई। ऐसे में छुट्टी को कैंसिल कर दिया गया था। नियम के मुताबिक, इस स्थिति में मेसी को टीम के साथ ट्रेनिंग करना चाहिए था, लेकिन वह सऊदी अरब चले गए।

मेसी सऊदी अरब के टूर एंड ट्रैवल के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। उन्हें सऊदी के फुटबॉल क्लब से मिले ऑफर को भी इस निलंबन के पीछे एक बड़ी वजह बताई जा रही है। मेसी इस सीजन के बाद फ्रांस के क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को छोड़ने का मन बना रहे हैं। क्लब के साथ उनका करार इस साल जून में समाप्त हो जाएगा। पीएसजी ने मेसी के सामने नए कॉन्ट्रैक्ट रखे हैं, लेकिन अर्जेंटीना के कप्तान ने उस पर साइन नहीं किया है।

कैथरीन साइवर ब्रंट ने किया संन्यास का ऐलान

19 साल के करियर में बनाए ये रिकॉर्ड

खेल डेस्क, 7 मई (एजेंसियां)। इंग्लैंड की दिग्गज गेंदबाज कैथरीन साइवर ब्रंट ने शुक्रवार को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। वह द हंड्रेड में खेलना जारी रखेंगी।

नई दिल्ली: इंग्लैंड की दिग्गज गेंदबाज कैथरीन साइवर-ब्रंट ने शुक्रवार को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। महिलाओं की सबसे सफल सीमित ओवरों की गेंदबाज ने पहले ही घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी, लेकिन वह द हंड्रेड में खेलना जारी रखेंगी। उन्होंने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी।

तीन बार की विश्व कप विजेता

19 साल के करियर में ब्रंट ने कुल 335 विकेट लेकर 14 टेस्ट, 141 वनडे और 112 टी20आई में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया। अपने करियर के दौरान वह अक्सर नई गेंद लेकर शानदार गेंदबाजी करतीं और तीन बार की विश्व कप विजेता भी रहीं। निचले क्रम में उन्होंने बल्ले से कुछ शानदार पारियां भी खेलीं, जिसमें एकदिवसीय मैचों में दो अर्धशतक और टेस्ट में एक अर्धशतक शामिल रहे। इंग्लैंड के लिए वह आखिरी बार इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में खेली थीं। पिछले साल जुलाई में अपना आखिरी 50 ओवर का अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद वह कुछ समय के लिए वनडे टीम से बाहर हो गई थीं।

अपने रिटायरमेंट का ऐलान करते हुए उन्होंने कहा- 19 साल बाद मैं अपनी अंतरराष्ट्रीय यात्रा के अंत में हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इस फैसले तक नहीं पहुंच पाऊंगी। यह मेरे जीवन का सबसे कठिन फैसला रहा है।

पीवी नरसिम्हा राव के सम्मान की कांग्रेस ने अनदेखी की : हरीश राव

तेलंगाना सरकार ने नरसिम्हा राव के नाम पर पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय का नामकरण किया

सिद्दीपेट, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। वित्त मंत्री टी. हरीश राव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हैदराबाद में पीवी घाट के निर्माण के लिए जमीन का एक टुकड़ा भी आवंटित करने से इनकार कर दिया था, जबकि इसके सबसे सम्मानित नेताओं में से एक, पीवी नरसिम्हा राव ने देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था।

दूसरी ओर, तेलंगाना सरकार ने नरसिम्हा राव के नाम पर पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय का नामकरण करके तेलंगाना के सबसे महान नेताओं में से एक के प्रति अपना सम्मान दिखाया है। विपक्षी दलों पर राज्य में हो रहे विकास की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए, राव ने कहा कि तेलंगाना सरकार ने विभिन्न योजनाओं को शुरू करने के लिए केंद्र से भी प्रशंसा हासिल की है, लेकिन केंद्र में सत्तारूढ़ एक ही पार्टी के नेता सरकार की आलोचना कर रहे हैं।

पशुपालन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव की उपस्थिति में रविवार को सिद्दीपेट में एक सरकारी पशु चिकित्सा महाविद्यालय की नींव रखने के बाद सभा को संबोधित करते हुए, हरीश राव ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य के गठन के बाद पशुधन को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सरकार ने तेलंगाना में मत्स्य पालन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाने के अलावा एक भेड़ वितरण कार्यक्रम शुरू किया था। मछुआरे बेहतर दिन देख रहे थे क्योंकि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने चार साल के भीतर कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई योजना (केएलआईएस) को पूरा करने के बाद राज्य में जलाशय पानी से भर गए थे। राज्य सरकार द्वारा मवेशियों और पशुओं की देखभाल के लिए शुरू की गई '1962' आपातकालीन सेवाओं को केंद्र द्वारा दोहराया जा रहा था, जिसने रैतु बंधु, मिशन भागीरथ और अन्य जैसी तेलंगाना की योजनाओं की भी नकल की है। मेदक सांसद कोठा प्रभाकर रेड्डी, जिला परिषद अध्यक्ष वी रोजा शर्मा और अन्य उपस्थित थे।

मछली पालन के विकास में तेलंगाना बना रोल मॉडल : तलसानी

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। पशुपालन और मत्स्य पालन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने कहा कि तेलंगाना मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व में देश में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला राज्य बनकर नए मील के पत्थर स्थापित कर रहा है। रविवार को यहां सिद्दीपेट में पीवी नरसिम्हा राव तेलंगाना पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के कॉलेज भवन का शिलान्यास करने के बाद एक कार्यक्रम में बोलते हुए, मंत्री श्रीनिवास यादव ने कहा कि जहां तेलंगाना में सभी क्षेत्रों को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति प्रदान की जा रही है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपना राज्य गुजरात बिजली उत्पादन करने में विफल हो रहा है और बिजली की आपूर्ति की मांग को पूरा नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में विकास स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है और विकास के फल राज्य में सभी वर्गों के लोगों को केवल मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की वजह से मिल रहे हैं।

मंत्री ने कहा कि तेलंगाना में ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बहुत सुधार हुआ है, राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं को शुरू करने के लिए धन्यवाद और कहा कि मत्स्य पालन विकास में तेलंगाना अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श बन गया है। यह कहते हुए कि लगभग 3.72 लाख लोग तेलंगाना में मत्स्य समाज के सदस्य हैं, मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आने वाले दिनों में एक लाख और लोगों को सदस्यता देने की योजना बना रही है।

तेलंगान के मंत्री केटीआर एशियाबर्लिन बैठक के लिए आमंत्रित

हैदराबाद, 7 मई (एजेंसियां)। तेलंगाना के सूचना प्रौद्योगिकी और उद्योग मंत्री के.टी. रामाराव को 12 से 15 जून तक जर्मनी की राजधानी बर्लिन में आयोजित होने वाले 'एशियाबर्लिन समिट 2023' में आमंत्रित किया गया है। इस वर्ष का शिखर सम्मेलन 'कनेक्टिंग द स्टार्टअप इकोसिस्टम्स' विषय पर आयोजित किया जाएगा और बर्लिन सिटी हॉल में बर्लिन के गवर्निंग मेयर द्वारा इसका उद्घाटन किया जाएगा।

अर्थशास्त्र, ऊर्जा और सार्वजनिक उद्यम के लिए सीनेट विभाग के आमंत्रण ने मंत्री केटीआर से अनुरोध किया कि वे इस साल के शिखर सम्मेलन में बोलें और इस प्रकार देशों के बीच साझेदारी को मजबूत करें और इस सहयोग को तेज करने के लिए एक ऑश्य संकेत भेजें। एशियाबर्लिन शिखर सम्मेलन बर्लिन और एशिया के बीच आर्थिक संबंधों को संबोधित करने वाला वार्षिक शिखर सम्मेलन है, जिसका लक्ष्य बर्लिन स्टार्टअप्स को एशिया के मूल्यवान बाजार और पारिस्थितिक तंत्र से जोड़ना है।

इस साल शिखर सम्मेलन तीन मुख्य विषयों- गतिशीलता और रसद, ऊर्जा संक्रमण, हरित तकनीक, जलवायु परिवर्तन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर केंद्रित होगा। इसके अलावा, एक समर्पित निवेशक कार्यक्रम, स्टार्टअप पिच प्रतियोगिता और बर्लिन पारिस्थितिक तंत्र के माध्यम से निर्देशित पर्यटन आयोजित किए जाएंगे।

इससे पहले 4 मई को, वल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) ने केटीआर को नए चैंपियन की 14वीं डब्ल्यूईएफ वार्षिक बैठक में आमंत्रित किया, जो 27 से 29 जून 2023 तक चीन के टियांजिन में राष्ट्रीय विकास और सुधार आयोग (एनडीआरसी) के सहयोग से आयोजित की जाएगी।

डब्ल्यूईएफ के अध्यक्ष बीओर्गे ब्रेंडे ने आमंत्रण में कहा कि केटीआर के विजन से प्रेरित तेलंगाना नवाचार का प्रकाशस्तंभ बन गया है और उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने में अग्रणी बन गया है। आमंत्रण में कहा गया है, तेलंगाना भविष्योन्मुख नीतियों और टी-हब आदि के माध्यम से भारत की स्टार्ट-अप और नवाचार प्रणाली का नेतृत्व कर रहा है। प्रतिभागी उद्यमिता, नवाचार और डिजिटल परिवर्तन के नेतृत्व में तेलंगाना में विकास को बढ़ावा देने के बारे में आपकी अंतरऑष्टि सुनने के इच्छुक होंगे।

बैठक ऐसे समय में आयोजित की जा रही है जो वैश्विक आर्थिक सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें व्यापार, सरकार, सामाजिक संगठनों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और शिक्षाविदों से 1,500 से अधिक वैश्विक नेता हिस्सा लेंगे। यह ऊर्जा परिवर्तन में तेजी लाने, जलवायु और स्थिरता पर प्रगति करने, अर्थव्यवस्थाओं और उद्योगों में नवाचार को लागू करने और महामारी के बाद के उपभोक्ता व्यवहार जैसे प्रमुख परिवर्तनों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

पुलिस ने घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया

400 शराब की बोतलें जब्त कीं

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। माधापुर पुलिस ने शनिवार रात घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया और भारी मात्रा में अवैध रूप से जमा शराब जब्त की। डीसीपी (माधापुर) के शिल्पावल्ली की देखरेख में माधापुर थाना क्षेत्र के मस्थाननगर में चलाए गए ऑपरेशन में लगभग 100 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया।

पुलिस ने बेल्ट की दो दुकानों पर छापा मारा और परिसर के अंदर रखी 400 शराब की बोतलें और बीयर के दो कार्टन जब्त करने के अलावा दो व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया। दोनों ग्राहकों को एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेच रहे थे। पुलिस ने एक घर में छापेमारी कर 10 छोटे और दो बड़े सिलेंडर भी बरामद किए हैं. घर का मालिक अवैध रूप से बड़े से छोटे एलपीजी सिलिंडर भरकर लोगों को बेच रहा था। घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान छह उपद्रवी शीटरों के घरों की तलाशी ली गई।

केसीआर भारत के इतिहास में नया अध्याय लिखेंगे : दासोजू श्रवण

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के वरिष्ठ नेता डॉ. दासोजू श्रवण ने कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव देश के सभी कोनों में बीआरएस का विस्तार करके और सभी राज्यों में विकास के तेलंगाना मॉडल को लागू करके भारत के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेंगे। दासोजू ने बीजेपी का मज़ाक उड़ाते हुए कहा कि जब दूसरे राज्यों के लोग बीआरएस का स्वागत कर रहे थे और केसीआर के नेतृत्व की सराहना कर रहे थे, बीजेपी नेता बंदी संजय और उनकी नफरत फैलाने वाली टीम तेलंगाना के लोगों को गुमराह करने के निरर्थक प्रयास कर रही है।

दसोजू ने सिकंदराबाद के तिरुमुलघेरी में टीआरएस के वरिष्ठ नेता मर्री राजशेखर रेड्डी के नेतृत्व में आयोजित अथमीया सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने तेलंगाना को, जो एक ऐतिहासिक आंदोलन और कई बलिदानों के बाद हासिल किया था, भारत में सबसे विकसित और प्रगतिशील राज्य में बदल दिया है। भारत में किसी अन्य राज्य में 2000 रुपये वृद्धावस्था पेंशन, रायथु बंधु जैसी योजनाएं नहीं हैं। दलित बंधु, डबल बेडरूम होम, कल्याणलक्ष्मी, शादी मुबारक और अन्य। केसीआर के दूरदर्शी और मानवीय नेतृत्व से प्रभावित होकर, अन्य राज्यों के लोग अपने जीवन को बदलने के लिए भारतीय राष्ट्र समिति की ओर देख रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी भाजपा राज्य शासन और विकास के मामले में तेलंगाना के करीब भी नहीं आता है। यहां तक कि भाजपा शासित राज्यों के लोग पीएम मोदी के प्रतिगामी शासन को लेने के लिए केसीआर के नेतृत्व का तहे दिल से स्वागत कर रहे हैं। लेकिन तेलंगाना के भाजपा नेता तेलंगाना को गुमराह करने के निरर्थक प्रयास कर रहे हैं।

मृत पाई गई महिला

वरंगल, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के संगम मंडल के वनजरपल्ली गांव में रविवार सुबह एक महिला मृत पाई गई। महिला की पहचान जरूपुला शौरी (44) के रूप में हुई, जो नल्लाबेली गांव के जगुनाईक थंडा के दिवगत स्वामी की पत्नी है। शरीर के चेहरे पर कई जगहों पर चोट के निशान थे। ऐसा संदेह है कि उसकी कहीं हत्या कर दी गई थी और शव को वंजारापल्ली के गांव के बाहरी इलाके में फेंक दिया गया था। गांव के पेंटला अनिल की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

केआरएमबी बैठक में पानी के बराबर बंटवारे की मांग करेगा तेलंगाना

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। कृष्णा नदी प्रबंधन बोर्ड की बैठक 10 मई को होगी। कृष्णा नदी से सुनिश्चित जल के उचित हिस्से के लिए तेलंगानाकी मांग पर बैठक में 21 अन्य मदों के साथ चर्चा की जाएगी। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच 66:34 के अनुपात में बंटवारे के वर्तमान पैटर्न पर गंभीर आपत्तियां उठाए जाने के बावजूद, इस मुद्दे का अभी तक समाधान नहीं किया जा सका है। बोर्ड ने पिछले साल भी आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच 66:34 अनुपात साझा करने के अपने तदर्थ आवंटन को जारी रखा है। राज्य के सिंचाई अधिकारियों ने कच्चे सौदे को पूरा करने के लिए पानी के बंटवारे की समीक्षा पर जोर दिया है। चूंकि नया जल वर्ष 1 जून से शुरू होता है, इसलिए केआरएमबी ने दोनों तटवर्ती राज्यों से राय मांगी। बैठक में पलमुरु-रंगा रेड्डी लिफ्ट सिंचाई परियोजना पर आंध्र प्रदेश द्वारा उठाई जा रही आपत्तियों पर भी चर्चा की जाएगी और इसे तेलंगाना राज्य द्वारा लघु सिंचाई क्षेत्र में 45.66 टीएमसी की सीमा तक अधिक उपयोग कहा जाता है। बैठक राजोलीबंडा डायवर्जन स्कीम (आरडीएस) की खराब संरचनात्मक मजबूती पर विचार-विमर्श करेगी, जिसके परिणामस्वरूप तेलंगाना के लिए कम पैदावार होगी। वेलिगोंडा परियोजना पर कार्यों को रोकने के लिए केआरएमबी से कदम उठाने की राज्य की मांग और बेसिन से परे अपनी सिंचाई की जरूरतों को पूरा करने के लिए आंध्र प्रदेश द्वारा श्रीशैलम बांध से अवैध निकासी पर भी चर्चा की जाएगी।

आंध्र सरकार ने मणिपुर के छात्रों को बचाने के लिए हेल्पलाइन शुरू की

अमरावती, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश सरकार ने मणिपुर से छात्रों को निकालने के लिए शनिवार को नई दिल्ली के एपी भवन में एक हेल्पलाइन और एक नियंत्रण कक्ष शुरू किया। हेल्पलाइन नंबर 011-23384016 और 011-23387089 हैं। अधिकारियों ने कहा कि वे लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए लगातार मणिपुर सरकार और स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हैं।

उन्होंने रेखांकित किया कि मणिपुर सरकार ने राज्य में कानून और व्यवस्था में जारी गड़बड़ी से घायल हुए लोगों की सहायता के लिए ये हेल्पलाइन प्रदान की हैं। मणिपुर में रहने वाले वार्डों के माता-पिता एपी भवन, नई दिल्ली में स्थापित हेल्पलाइन के विवरण के साथ अपने बच्चों को हेल्पलाइन नंबर बता सकते हैं। छात्र किसी भी प्रकार की सहायता के लिए इंफाल या एपी भवन में अधिकारियों से भी संपर्क कर सकते हैं।

पिता-पुत्री की जोड़ी ने लिखी नीट की परीक्षा

खम्मम, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। चिकित्सा का अध्ययन करने के अपने सपने को पूरा करने के लिए, खम्मम में एक 49 वर्षीय व्यक्ति अपनी 17 वर्षीय बेटी के साथ नीट परीक्षा में शामिल हुआ। रविवार को खम्मम में अलग-अलग केंद्रों पर एमबीबीएस / बीडीएस / आयुष पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की गई राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा के लिए पिता-पुत्री की जोड़ी रविवार को उपस्थित हुई। शहर में एक प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग सेंटर के निदेशक रायला सतीश बाबू की इच्छा चिकित्सा का अध्ययन करने की थी और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा पिछले साल एनईईटी पात्रता के लिए आयु सीमा बढ़ाने के साथ उनकी इच्छा को पूरा करने का एक मार्ग प्रशस्त हुआ। पहले सामान्य वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा 25 और आरक्षित वर्ग के लिए 30 वर्ष थी।

संयोग से सतीश बाबू ने 1997 में बीटेक पूरा किया था, लेकिन उन्होंने चिकित्सा का अध्ययन करने का उत्साह नहीं छोड़ा था। जैसा कि उन्होंने इंटरमीडिएट में एमपीसी कोर्स किया था, उन्होंने तेलंगाना स्टेट बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एजुकेशन से जूलॉजी और बॉटनी विषयों के लिए विशेष अनुमति प्राप्त की क्योंकि एनईईटी परीक्षा देने के लिए जीव विज्ञान आवश्यक है। इस साल वह इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष प्राणीशास्त्र और वनस्पति विज्ञान की परीक्षा में शामिल हुआ और परिणाम की प्रतीक्षा कर रहा है। सतीश बाबू ने बताया कि मुझे परीक्षा पास करने का 100 प्रतिशत यकीन है। उन्होंने कहा कि अगर वह इस साल परीक्षा में सफल नहीं हुए तो वह एमबीबीएस में प्रवेश पाने के लिए परीक्षा को पास करने के लिए लंबी अवधि की कोचिंग लेंगे। उन्होंने कहा कि मैं एमबीबीएस पूरा करना चाहता हूं, एक अस्पताल बनाना चाहता हूं और ईमानदारी से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना चाहता हूं। यह बताते हुए कि उन्होंने एनईईटी के लिए क्यों चुना, सतीश बाबू ने कहा कि भले ही वह इस प्रयास में परीक्षा पास नहीं कर पाए, लेकिन वह युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा बनना चाहते थे। उनकी बेटी आर जोशिका स्वप्निका ने कहा कि वह अपने पिता के साथ एनईईटी में शामिल होने को लेकर रोमांचित हैं। उनकी बड़ी बहन आर सात्विका खम्मम के ममता मेडिकल कॉलेज में बीडीएस कर रही हैं।

कांग्रेस नेताओं ने पुलिस अधिकारी को सौंपी शिकायत

खड़गे को धमकी देने वाले भाजपा नेता के खिलाफ मामला दर्ज करने का अनुरोध

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी के अध्यक्ष और सांसद ए. रेवंत रेड्डी, पूर्व विधायक संपत कुमार और एआईसीसी के सचिव और पूर्व सांसद अंजन कुमार ने जुबली हिल्स के स्टेशन हाउस अधिकारी को एक शिकायत सौंपी और उनसे बीजेपी के मणिकांत राठौड के खिलाफ मामला दर्ज करने का अनुरोध किया, जिन्होंने एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, उनकी पत्नी और उनके पूरे परिवार को धमकी दी है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कर्नाटक के चित्तापुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार बदमाश मणिकांत राठौड़ द्वारा एआईआईसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, उनकी पत्नी और पूरा परिवार के जीवन को खत्म करने के लिए दिए गए धमकी भरे कॉल के बारे में सोशल मीडिया सहित प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उन्हें पता चला। यह खबर पूरे देश में व्यापक रूप से फैल गई थी और कांग्रेस पार्टी के अनुयायी और समर्थक घबरा गए थे। यदि भाजपा की इस तरह की धमकाने वाली कार्रवाइयों पर शुरुआती चरण में ही अंकुश नहीं लगाया गया तो यह दो राजनीतिक दलों के कैडर के बीच दुश्मनी को भी बढ़ावा दे सकती है, जो बदले में इस मुद्दे को नियंत्रण से बाहर कर सकती है। उन्होंने पुलिस से कांग्रेस अध्यक्ष को धमकी देने में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ धारा 153, 506 और कानून की अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने और कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया।

मणिपुर से अपने छात्रों को एयरलिफ्ट करेगा तेलंगाना

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के छात्रों की सुरक्षा के लिए संकटग्रस्त मणिपुर राज्य में स्थिति की निगरानी के लिए एक विशेष सेल की स्थापना की गई है। एक अधिकारी ने कहा कि मुख्य सचिव और डीजीपी तेलंगाना के छात्रों और श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मणिपुर सरकार के अधिकारियों के संपर्क में हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मणिपुर में बढ़ती अशांति को देखते हुए हेल्पलाइन की व्यवस्था की गई है। हेल्पलाइन के सक्रिय होने के तुरंत बाद पुलिस को एक घंटे के भीतर 20 फोन कॉल प्राप्त हुए। पुलिस ने कहा कि इंफाल में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान और केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले तेलंगाना के छात्रों ने हेल्पलाइन पर फोन किया और मदद मांगी। अधिकारी ने कहा कि अगर तेलंगाना का कोई व्यक्ति हमसे संपर्क करता है, तो हम सेना और मणिपुर राज्य पुलिस के साथ जानकारी साझा करेंगे और सुरक्षित स्थान पर उसके परिवहन की सुविधा प्रदान करेंगे। स्थिति के आधार पर, उनकी तेलंगाना यात्रा की भी व्यवस्था की जाएगी," उप निरीक्षक पुलिस महानिरीक्षक सुमति ने कहा। ठेकेदारों द्वारा विभिन्न परियोजना स्थलों में नियोजित तेलंगाना के छात्र और श्रमिक सुरक्षित थे। उन्होंने कहा कि जहां वे ठहरे हुए हैं, उनके आस-पास के स्थानों में आगजनी की खबर ने उन्हें चिंतित कर दिया है। उनमें से कुछ ने हमें फोन किया और हमसे उनके लिए भोजन की व्यवस्था करने का अनुरोध किया।

पुलिस ने कहा कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश दोनों के कई छात्र हैं, जो मणिपुर में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। पुलिस ने कहा कि मणिपुर में विभिन्न स्थानों पर ठेकेदारों द्वारा लगाए गए मजदूर और अन्य श्रमिक भी हैं।

दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम का मिजाज, कई इलाकों में हुई झमाझम बारिश

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर में रविवार शाम को अचानक मौसम ने करवट ली और कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। अचनाक हुई बारिश के कारण लोगों की गर्मी से काफी राहत मिली। मौसम विभाग ने पहले ही सात मई को बारिश की संभावना जता दी थी।

मौसम विभाग ने यह कहा है कि बीते कई दिनों से दिल्ली और आस-पास के इलाकों में ये जो मौसम सुहावना बना हुआ है, ये अब और आगे जारी नहीं रहेगा। अब लोगों को झुलसा देने वाली गर्मी के लिए तैयार रहना होगा। सूरज के तेवर कड़े होनों वाले हैं। ऐसे में तापमान में भी बढ़ोतरी होनी शुरू होगी। अगले सप्ताह तक तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंचने की संभावना है। हल्की बूंदाबांदी भी गर्मी से राहत नहीं देगी।

शनिवार को भी हुई थी कई इलाकों में बारिश

शनिवार को भी दोपहर 12 बजे के बाद दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने करवट ली थी। धूल भरी हवा चलने के बाद कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई थी और कुछ देर बाद मौसम साफ हो गया था। मुंगेशपुर में 001.5 मिमी व पीतमपुरा में 001.0, लोदी रोड में 000.2 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।

एक सप्ताह तक गर्मी से राहत नहीं

अगले सप्ताह तक तापमान 39 डिग्री से ऊपर पहुंच जाएगा। हालांकि यह मई के औसत तापमान से कम है, क्योंकि 6 से 10 मई के बीच औसतन तापमान 39.3 व न्यूनतम तापमान 25.1 डिग्री रहता है, जबकि 11 मई से 15 मई के बीच अमूमन तापमान 39.5 व न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री रहता है। एक सप्ताह तक गर्मी से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है।

निचले इलाकों में बाढ़ को कम करने में गेम चेंजर साबित हो रही है बंसीलालपेट बावड़ी

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बंसीलालपेट बावड़ी हुसैन सागर के आसपास निचले इलाकों में आ रही शहरी बाढ़ को कम करने में एक गेम-चेंजर साबित हो रही है। लंबे समय तक कचरे और मलबे के ढेर के नीचे दबे रहने वाले बावड़ी को पिछले साल खोजा गया था और इसके पूर्व गौरव को पुनर्निर्मित किया गया है, जिससे अधिक टिकाऊ भविष्य की उम्मीद जगी।

एक ट्वीट में, द रेनवाटर प्रोजेक्ट की संस्थापक कल्पना रमेश, जो बहाली परियोजना का भी हिस्सा है, ने कहा कि अगर बंसीलालपेट बावड़ी नहीं खोली गई होती, तो हुसैन सागर के निचले इलाकों में भारी बारिश के दौरान बाढ़ का खतरा बना रहता। अत्यधिक बोझ वाले मौसमी क्षेत्र के कारण, हुसैन सागरके बाढ़ के पानी से निचले इलाकों में पानी भर जाता था, जिससे निवासियों का जीवन मुश्किल हो जाता था। हालाँकि, बावड़ी के जीर्णोद्धार के साथ, बाढ़ का पानी अब निचले इलाकों में बाढ़ के बजाय बावड़ी में बहता है। 16वीं शताब्दी में कुतुब शाही राजवंश के दौरान निर्मित बंसीलालपेट बावड़ी में 35 लाख लीटर की वार्षिक वर्षा जल क्षमता है। पुनर्निर्मित संरचना एक प्राकृतिक पुनर्भरण गड्ढे के रूप में कार्य करती है, जिससे बारिश का पानी हुसैन सागर झील में बहने के बजाय जमीन में समा जाता है। यह जल-संग्रहण प्रणाली सुनिश्चित करती है कि भूजल स्तर रिचार्ज हो, जिससे आसपास के क्षेत्रों में जल-जमाव और बाढ़ के जोखिम को कम किया जा सके। कल्पना रमेश ने भी बताया कि इस तरह के बावड़ियों का जीर्णोद्धार आज के समय में महत्वपूर्ण है क्योंकि वे मजबूत निर्वहन/पुनर्भरण क्षेत्र में आसानी से उपलब्ध संरचनाएं हैं। इससे बोरवेल में भूजल की गुणवत्ता और मात्रा में सुधार करके स्थानीय जल सुरक्षा में सुधार करने में मदद मिल सकती है। इसके अतिरिक्त, बावड़ी भारी मात्रा में वर्षा जल को एकत्र करती है, जो बाढ़ को कम करने में मदद करती है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

विश्व के सर्वप्रथम गोल्ड मेडलिस्ट
अब तक परेशान क्यों ?
कोई भी पंडित, तांत्रिक, बाबा हम से पहले काम करके दिखाये मुँहमांगा ईनाम पाये
हजारो के दुखो को खुशी में बदलने वाले
बाबा साबिर खान बंगाली
जैसे पति-पत्नी मे झगड़ा, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मनचाहा प्यार, गृहक्लेश, विदेश यात्रा, जादू-टोना, AtoZ समस्याओ का तुरंत समाधान पाये।
9810940158
स्पे० वशीकरण व मुठकरनी

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.